रांची, शनिवार
26.10.2024
वर्ष : 9, अंक : 322 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### दाना चक्रवात की वजह से मुख्यमंत्री की सभा स्थगित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शुक्रवार को बोकारो के पेटरवार प्रखंड की ओरदाना पंचायत में चुनावी सभा थी लेकिन खराब मौसम के कारण सभा स्थगित कर दी गई। दाना चक्रवात के वजह से मौसम बिगड़ने से हेलिकॉप्टर का परिचालन संभव नहीं हो पाया, जिसके कारण मुख्यमंत्री को जनसभा रद्द करनी पड़ी। यह जानकारी मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने दी।

### कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला सपा में शामिल

**रांची।** कांग्रेस ने बरही विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काट दिया था। इसके बाद उमाशंकर अकेला शुक्रवार को समाजवादी पार्टी सपा में शामिल हो गए। उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है कि टिकट बंटवारे में पैसे का खेल चला है और उनसे दो करोड़ मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि वह दो करोड़ नहीं दे पाए जिस कारण उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड प्रभारी सभी मिलकर पैसे का खेल खेल रहे हैं। हमें लगता है कि राहुल गांधी को इसकी जानकारी नहीं है।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वोत्तर क्षेत्र के डीजी गंगटोक पहुंचे



**गंगटोक।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र के महानिदेशक के. सतीश नंबूदरीपाद पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आज सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचे। यह जानकारी पीआईबी सिक्किम ने दी है। अपनी यात्रा के दौरान नंबूदरीपाद केंद्र और राज्य सरकारों के मीडिया संगठनों के प्रमुखों और प्रेस क्लब ऑफ सिक्किम के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। वह सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन विभाग के छात्रों को एक व्याख्यान भी देंगे। नंबूदरीपाद की यात्रा समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाते हुए सरकारी पहलों के आउटरीच कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए विचारों और रणनीतियों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

# 120 की रफ्तार से टकराया दाना तूफान, 4 राज्यों में भयंकर बारिश का अलर्ट

एजेंसी



नई दिल्ली : ओडिशा के तट से खतरनाक दाना तूफान की बीती देर रात टक्कर हो गई है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दाना तूफान का लैंडफॉल अभी भी जारी है. ओडिशा के धामरा और भितरकनिका के पास से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दाना तूफान होकर गुजरा. इस भयंकर चक्रनाक तूफान के चलते ओडिशा और बंगाल राज्य के कई इलाकों औ जिलों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश हो रही है. तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरने की खबर है. वहीं तूफान के मद्देनजर ओडिशा और बंगाल में एनडीआरएफ की कई टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर और बंगाल की राजधानी कोलकाता में एयरपोर्ट को सुबह 9 बजे तक बंद कर दिया गया है.

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर और बंगाल की राजधानी कोलकाता के एयरपोर्ट पर गुरुवार 24 अक्टूबर की शाम 5 बजे से 25 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक 16 घंटे के लिए करीब 300 उड़ानें रद्द कर दी गई है. इसी के साथ दक्षिण-पूर्व रेलवे ने 150, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 198, ईस्टर्न रेलवे ने 190 और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं. यानी रेलवे की ओर से कुल 552 ट्रेनों को रद्द किया गया है. इसी के साथ कोणार्क मंदिर को भी अगले 2 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है.

ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार और छत्तीसगढ़ में दाना चक्रवात का प्रभाव सबसे ज्यादा है. ओडिशा ने नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स के साथ-साथ ओडिशा डिजास्टर रिलीफ फोर्स यानी और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की हैं. वहीं इस खतरनाक तूफान से प्रभावित 14 जिलों के स्कूल-कॉलेज शुक्रवार यानी 25 अक्टूबर तक बंद रहेंगे.

भारतीय मौसम विभाग ने अगले 2 दिन 4 राज्यों में भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. आईएमडी के मुताबिक 26 अक्टूबर को वेस्ट बंगाल, ओडिशा, झारखंड और केरल में भारी से भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है. वहीं 27 अक्टूबर को केरल में तेज बारिश होने की संभावना है.

# वाहन जांच के दौरान 29 लाख नगद बरामद, एक गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान के दौरान शुक्रवार को विभिन्न जिलों से लगभग 29 लाख बरामद हुए। कोडरमा जिले के जवाहर घाटी में चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक कार से 25 लाख नकदी बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में मजीद खान को हिरासत में लिया है। चंदवारा थाने में उससे पूछताछ की जा रही है। नकदी के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है। मजीद खान कोलकाता से बिहार जा रहा था। इसी दौरान चेक पोस्ट पर जांच के दौरान वह नकदी के साथ पकड़ा गया।

### पश्चिमी सिंहभूम : चेकिंग के दौरान 1.95 लाख बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम/बिभा।** विधानसभा चुनाव स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को चेकिंग के दौरान जगन्नाथपुर थानान्तर्गत जैतगढ़ अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में एसएसटी के जरिये एक स्कुटी के हैंडल में टांगे थैला से एक लाख 95 हजार 665 रूपया बरामद किया गया। इस संदर्भ में जगन्नाथपुर थानान्तर्गत सनहा दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने आशुतोष शेखर ने बताया कि जिले के अंतरराज्यीय , अंतरजिला चेक पोस्ट पर 24 घंटे लगातार चेकिंग की जा रही है।

## वाहन जांच के दौरान सेन्हा चेकपोस्ट द्वारा दो लाख 25 हजार नगद बरामद

**लोहरदगा/बिभाः** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा अस्थाई चेक पोस्ट पर शुक्रवार को वाहन जांच के दौरान एसएसटीसी टीम को बड़ी सफलता मिली है एक कार से 2 लाख 25 हजार रुपए नगद जब्त किए गए हैं। सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला- लोहरदगा मुख्य पथ पर कंडरा चौक पर स्थित अस्थाई चेक पोस्ट पर विस चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने को ले चलाये जा रहे वाहन जांच के दौरान एसएसटी ग्रुप सी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान एक कार जे एच 01 डी जे 0923 के डिगी से 2 लाख 25 हजार रुपये नकद बरामद वाहन जांच के दौरान



तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान के मौजूदगी में विधिवत जब्त किया गया। जब्त की सूचना स्थानीय सीओ मो. मुदस्सर नजर मंसूरी तथा थाना प्रभारी अजीत कुमार के उपस्थिति में राशि की गिनती की गई। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा की वाहन जांच में कार से 2 लाख 25 हजार रूपया जब्त किया गया है कार में सवार स्व. हीरा लाल सोनी के पुत्र सुनील सोनी गांव तपकरा थाना तपकरा जिला जशपुर राज्य छतीसगढ़ के वाहन से राशि बरामाद हुई है।

सीओ मो. मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा की जब्त राशि की जांच कराई जा रही है। वाहन में सवार व्यक्ति ने बताया की व्यापारी है वह रांची दिवाली का सामान लेने जा रहे हैं, पूरे मामले की जांच की जा रही है। जब्त राशि को फिलहाल जिला कोषागार में जमा करा दिया गया है। मौके पर सीओ मो. मुदस्सर नजर मंसूरी,थाना प्रभारी अजित कुमार, सहित एस एस टी टीम जे सदस्य उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला से किया नामांकन



बिभा संवाददाता

**सरायकेला।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला सीट से नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता की तस्वीर को नमन किया। इसके बाद चंपाई सोरेन जिलिंगगोड़ा गांव गये और वहां जाहेरथान में माथा टेका। जाहेरथान और गोंसाडे में पूजा-अर्चना करने के बाद नामांकन दाखिल करने के लिए प्रस्थान किया।

मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र और पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है। मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना पार्टी का काम है। यह कोई बड़ी बात नहीं है। इस बार झारखंड में भाजपा ही सरकार बनायेगी।

नामांकन के समय चंपाई के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव, आदित्यपुर नगर निगम के निवर्तमान मेयर विनोद श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री आप्त सचिव रहे गुरु प्रसाद महतो, पितोवास प्रधान मौजूद थे।

### झामुमो ने लुईस मरांडी को जामा से बनाया उम्मीदवार

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विधानसभा चुनाव को लेकर पांचवी सूची जारी की है। जारी सूची में जामा से लुईस मरांडी को उम्मीदवार बनाया गया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने शुक्रवार को सूची जारी की है।

# भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समयः मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 18वें एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई स्थान नहीं है। उन्होंने विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और डेटा के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और बुनियादी ढांचा भारत के विकास के उपकरण हैं। इन सभी को आगे बढ़ाने के लिए भारत के पास आकांक्षी भारत (एआई) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दोहरी शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य की दुनिया की जरूरतों पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज भारत विविधीकरण और जोखिम-मुक्ति का सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक व्यापार और विनिर्माण केंद्र बन रहा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रिकॉर्ड निवेश कर रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा में भाग लेने, 'मेक इन इंडिया' पहल और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' में शामिल होने का यह 'सही' समय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब भारत की गतिशीलता और जर्मनी की सटीकता मिलती है, जब जर्मनी की इंजीनियरिंग और भारत का नवाचार मिलता है और जब जर्मनी की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलती है तब इससे इंडो-पैसिफिक सहित दुनिया का बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी व्यवसाय की दुनिया से जुड़े हैं और आपकी प्राथमिकता व्यवसाय होता है लेकिन भारत आना केवल व्यवसाय नहीं है। यदि आप भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी के लिए समय नहीं देते हैं तो आप कई चीजों से चूक जाएंगे।

जर्मनी में कुशल भारतीय कर्मचारियों के लिए वीजा की संख्या को 20 हजार से बढ़ाकर 90 हजार करने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की स्किल्ड मैनपावर पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जर्मनी के विकास को नई गति मिलेगी।

# विस चुनाव में प्रधानमंत्री, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित भाजपा के होंगे 40 स्टार प्रचारक

बिभा संवाददाता



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के कुल 40 स्टार प्रचारक होंगे। चुनाव के पहले चरण के लिए भाजपा ने शुक्रवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।

इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बाबूलाल मरांडी, अमर कुमार बाउरी, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, रवींद्र कुमार राय, धर्मेंद्र प्रधान, मोहन यादव, स्मृति ईरानी, नायब सिंह सैनी, मोहन चरण मांझी, विष्णु देव साईं, अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय, केशव प्रसाद मौर्य, सम्राट चौधरी, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, चंपाई सोरेन, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, करिया मुंडा, दीपक प्रकाश, बिद्युत वरण महतो, निशिकांत दूबे, ढुल्लू महतो, सुवेंद्र अधिकारी, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सीता सोरेन, रामचंद्र चन्द्रवंशी, मनोज सिंह और घूरन राम के नाम शामिल हैं।

# अगले पांच वर्षों में मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगीः जेपी नड्डा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके साथ आने वाले पांच सालों में सरकार एमबीबीएस की 75 हजार सीटें और बढ़ाएगी।

उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ ही लोगों को प्रदान करता है। सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाएं।

नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुनिश्चित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आपके प्रयास 'विकसित भारत' के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने पर केंद्रित होने चाहिए। केंद्र सरकार ने 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में बदलाव किया, जिसने स्वास्थ्य देखभाल को केवल उपचारात्मक दृष्टिकोण से पहले एक समग्र दृष्टिकोण में बदल दिया, जो निवारक, एकीकृत और साथ ही उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल को पूरा करता है।

नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा समाज में किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और स्नातकों से अपने काम को करुणा, अखंडता और समर्पण के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुलभ हों। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में 22 नए एम्स, नए मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की गई। समारोह के दौरान 146 एमबीबीएस छात्रों, 145 एमडी एवं एमएस छात्रों, 17 बीएससी (एमटी) रेडियोलॉजी छात्रों और 4 एमएससी (आरएंडएमआईटी) छात्रों को डिग्री प्रदान की गई और 62 पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में 4 प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# राजीव कुमार ने उज्बेकिस्तान के साथ चुनाव संबंधी सहयोग पर किये हस्ताक्षर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** मुख्य चुनाव आयुक्त (ईसीआई) राजीव कुमार ने उज्बेकिस्तान के साथ चुनाव संबंधी सहयोग हस्ताक्षर किये हैं।

श्री राजीव कुमार उज्बेकिस्तान में 27 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिये अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में वहां गये हैं। वह उज्बेकिस्तान के निर्वाचन निकाय के अध्यक्ष जैनिद्दीन निजामखोदजाएव के निमंत्रण पर ताशकंद पहुंचे हैं।

श्री कुमार ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, उन्होंने उज्बेकिस्तान के निर्वाचन निकाय के साथ चुनाव संबंधी सहयोग हस्ताक्षर किये। उन्होंने श्री निजामखोदजाएव के साथ दस्तावेज के आदान-प्रदान की फोटो भी साझा की है।

# संक्षिप्त खबरें

## साइक्लोन दाना से फसल हुआ नुकसान



**सोनाहातू(बिभा)**। दाना चक्रवात तूफान ने शुक्रवार को भारी नुकसान किया है। प्रखंड के एडरमहातू और चोगा गांव में धान फसल ओर सब्जी फसल को भारी नुकसान किया है। चोगा गांव के किसानों के पांच एकड़ से अधिक खेत में लगे मिर्ची,बीम खीरा फसल को भारी नुकसान किया है। किसान जितेंद्र कोइरी ने कहा कि दर्जनों किसानों के लाखों रुपए का नुकसान बारिश और तूफान से हुआ हैं। इधर एडरमहातू गांव धान फसल को नुकसान किया है। तेज हवा ने धान फसल को जमीन में गिरा दिया है। धान के पौधा जमीन में गिरने से अब पौधा से अंकुर निकलने का खतरा हो गया है। किसान क्षेत्रपाल कोइरी ने कहा कि पूरे गांव के 20 एकड़ में धान फसल नुकसान हुआ है। यदि धान पौधा जमीन में गिरने से अंकुर निकल जाएगा तो किसानों को भारी नुकसान होगा।

## सिल्ली से निर्दलीय प्रत्याशी धनपति महतो ने नामांकन दाखिल किया



**रांची(बिभा)** : सिल्ली विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी धनपति महतो ने अपना नॉमिनेशन किया उनका कहना है कि सिल्ली के जनता इस बार चुनाव में परिवर्तन चाहते है क्योंकि झारखंड का 24 सालो में कोई विकास का कार्य नहीं हो पाई चाहे मूलभूत सुविधा की बात करें शैक्षणिक की बात यह स्वास्थ्य रोजगार की बात करें आज भी सिल्ली की जनता इन सुविधाओं से वंचित है. इतना ही नही आज भी भुख और भय की जिंदगी जी रहे है सिल्ली के लोग दिल्ली की जनता की प्यार और पुकार से हम निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ेंगे और हमारी जीत पक्की है।

## मैक्लुस्कीगंज एवं चान्हो थाना की सीमा पर खलारी डीएसपी आरएन चौधरी ने सर्च अभियान चलाया



**खलारी(बिभा)** : खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के नेतृत्व मे शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण कराने के मध्य नजर मैक्लुस्कीगंज एवं चान्हो थाना की सीमा पर स्थित नकटा पहाड़ के क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के कमांडर कृष्ण यादव एवं उसके दस्ता सदस्यों के छिपने के संभावित ठिकाने पर छापामारी एवं सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसएसबी की एक कंपनी एवं मैकलुस्कीगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल शामिल थे।

## 28 को नॉमिनेशन फाइल करेंगे देवेंद्रनाथ महतो

**रांची(बिभा)** : राज्य में विधानसभा चुनावी सरगरमी तेज है। यह चुनाव दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण की नामांकन की तिथि आज शुक्रवार को समाप्त हो गया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से ताल ठोक दिया है। श्री महतो 28 अक्टूबर को अपना नोमिनेशन फाइल करेंगे। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के संगठन चुनाव प्रभारी कृष्णा महतो ने कहा कि नॉमिनेशन फाइल करने की सारी प्रक्रिया सम्पन्न कर लिया गया है। संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी सहित हजारों भारी समर्थकों के साथ नामांकन जुलूस निकाला जाएगा। जिसकी प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लिया गया है। नामांकन रैली का रुट जारी करते हुए बताया कि राहे, सोनाहतु और सिल्ली प्रखंड के सभी लोग टुटकी मैदान सिल्ली में एकत्रित होंगे। वही अन्य संपूर्ण राज्य से आने वाले संगठन कार्यकर्ता व जनसाधारण का जूटान इइएफ मैदान टाटिसिलवे में होगा। इसके बाद सभी का एक साथ मोरहाबादी मैदान में जूठन होना तय होगा। तदउपरांत वहां से पदयात्रा करते हुए समहारनालय भवन रांची पहुंचेंगे। सिल्ली प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो के अधिवक्ता सष्टी रंजन ने बताया कि 28 अक्टूबर को तीन प्रति नॉमिनेशन विधिवत तरीके से दर्ज किया जाएगा।

## पदोन्नत किए गए दो आईपीएस को बैच लगाकर किया गया सम्मानित



**रांची(बिभा)** : पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड, अजय कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) आर.के. मल्लिक द्वारा चयन में पदोन्नत किए गए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, पलामू एवं रित्विक श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, चतरा को बैज लगाकर शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पुलिस विभाग के आर.के. मल्लिक, संजय आनंद राव लाठकर , प्रिया दुबे, मनोज कौशिक , साकेत कुमार, अखिलेश झा, अमोल विनुकांत होमकर, प्रभात कुमार शामिल थे।

## उत्पाद का छापा, शराब बरामद



**रांची(बिभा)**। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मद्य निषेध अभियान एवं अवैध शराब के व्यापार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची उत्पाद विभाग की टीम ने रांची के ठाकुरगांव में छापेमारी की। इसमें एक टाटा एस (छोटा हाथी) जिसका निबंधन संख्या (जेएच 01 डीएम 4676) को जब्त किया। इसमें कुल 120 पेटी में 1080 लीटर अवैध व्हिस्की बरामद किया। इसके साथ ही विभाग ने शमीम अंसारी को घटनास्थल से गिरफ्तार किया। अन्य फरार दो आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम : सुदेश महतो

बिभा संवाददाता



**रांची** : सिल्ली विधानसभा की जनता विकासवादी है। हम जनता को जानते हैं वो हमें समझते हैं। हमारा काम ही हमारी पहचान है। हमने क्षेत्र को विकास के सभी मानकों पर स्थापित किया है। जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने और सिल्ली विधानसभा को विकसित बनाने के संकल्प के साथ नामांकन किया है। यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम है। एनडीए अपनी एकजुटता से राज्य को विकास पथ पर लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के बाद कही। नामांकन से पूर्व मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय भवन तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा समेत आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

पदयात्रा से पूर्व सुदेश कुमार महतो ने बापू वाटिका स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के प्रणेता गांधी जी के सामने सिर झुकाकर झारखंड में लोकतंत्र की सुरक्षा और सिल्ली विधानसभा की समृद्धि का आशीर्वाद लेने आएं हैं। उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा राज्य के विकास का आधार है। सिल्ली की पहचान आज पूरे राज्य में विकास के मॉडल के रूप है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचनाओं, खेल समेत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए हिमंता विश्व सरमा ने कहा कि पदयात्रा में शामिल यह जनसैलाब बता रहा है कि सिल्ली में सुदेश महतो और झारखंड में एनडीए की जीत सुनिश्चित है। एनडीए पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाने जा रही है।

### मनोहरपुर से एनडीए उम्मीदवार दिनेश चंद्र बोयपाई ने किया नामांकन

मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी दिनेश चंद्र बोयपाई ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें।

# मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप रांची के तहत मैराथन का भव्य आयोजन

बिभा संवाददाता



**रांची** : आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आज दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को मोरहाबादी मैदान रांची में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप रांची द्वारा 'रन फॉर चेंज, वोट फॉर द फ्यूचर' थीम के तहत एक भव्य मैराथन का भव्य आयोजन किया गया।

रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में बॉयज के लिए 7.5 किलोमीटर और गर्ल्स के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की गई।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक शहर रांची, राज कुमार मेहता द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस कार्यक्रम में परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी सह सहायक समाहर्ता, रांची, आदित्य पांडेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती सुरभि सिंह, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, श्रीमती उर्वशी पांडेय समेत अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थित थे।

मैराथन का माहौल बेहद जोशीला और उत्साहवर्धक था। जहाँ युवा, बुजुर्ग, विद्यार्थी, और खेल प्रेमियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश फैलाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ दौड़ लगाई। प्रतिभागियों ने इस मैराथन को सिर्फ एक प्रतियोगिता के रूप में नहीं बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लिया।

विजेताओं को सम्मानित करने के लिए कुल 36000 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई। बॉयज कैटेगरी में प्रिंस राज ने पहला स्थान हासिल किया। विकास राय ने दूसरा और मनीष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में आशा कुमारी पहले स्थान पर रहीं, पूजा सिंह दूसरे और ममता कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 10000 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर 5000 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर 3 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस मैराथन ने ना सिर्फ खेल और सेहत के प्रति जागरूकता फैलाई बल्कि सभी वर्गों के बीच वोट डालने के प्रति जिम्मेदारी का एहसास भी कराया।

विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

## मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल में दिए जा रहें प्रशिक्षण का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



बिभा संवाददाता

**रामगढ़**: आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने प्रशिक्षण हॉल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों के साथ बैठक कर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान हो रही गलतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताई गई साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# रामगढ़ पुलिस ने डोडा लोड ट्रेलर किया जब्त, चालक गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**रामगढ़** : झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले रामगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। रामगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर को जब्त किया है, जो डोडा से लोड है। इस मामले में रढ अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी। यह सूचना मिली थी कि रामगढ़-रांची हाइवे पर एक ट्रेलर डोडा लोड कर जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर रढ ने पुलिस टीम का गठन कर, ट्रेलर को रोकने की कोशिश की। लेकिन पुलिस को देख ट्रेलर चालक तेजी से गाड़ी को लेकर रामगढ़ की ओर भगाने लगा। तभी भागने के क्रम में चुटूपालू घाटी गण्डके मोड़ के पास ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### सिमडेगा से पंजाब जाती है डोडा की बोरियां

जब पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर की जांच की तो पता चला कि लोड लोहा के ऊपर में कुछ भरी हुई बोरी रखी हुई हैं। उन बोरियों को खोल कर देखने पर पाया गया कि उसमें सुखा हुआ डोडा है। इस दौरान पकड़ाए चालक ने अपना नाम बालकरण सिंह बताया, जो पंजाब के भटींडा का रहने वाला है। इस तलाशी में वाहन से 28 प्लास्टिक की बोरियों में भरा डोडा मिला है। इस दौरान गिरफ्तार चालक ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी गाड़ी पर सिमडेगा से बोरियों में डोडा लोडकर पंजाब के विभिन्न जगहों पर बिक्री करता है।

## चुनावी रणनीति पर ईसीआरकेयू ने की बैठक

# हर रेलकर्मी से सम्पर्क करें : मो ज्याऊद्दीन

बिभा संवाददाता



**धनबाद** : रेलवे में यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए 4 से 6 दिसम्बर को होने वाले मतदान के लिए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ( ईसीआरकेयू ) ने धनबाद शाखा वन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई,जिसमें धनबाद स्थित तीनों शाखा और पाथरडीह शाखा के ईसीआरकेयू प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास में बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने किया। सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा तथा वरीय सेवानिवृत्त सदस्य टी के साहु, ए के दा तथा चमारी राम एवं मंडल चुनाव प्रभारी राजेश कुमार और रनिंग कौंसिल के साथी सी पी दूबे ने अपने संबोधन में चुनाव प्रचार प्रसार के विभिन्न चरणों और उपायों पर अपने विचार रखे।

अपने संबोधन में मो ज्याऊद्दीन ने उपस्थित युवा समितियों और सक्रिय सदस्यों को बताया कि मंडल चुनाव प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में कई टीम बनाकर हर रेलकर्मी से सम्पर्क करना है। प्रमुख स्थानों पर ईसीआरकेयू के बैनर पोस्टर लगवाया जाए। एआईआरएफ और ईसीआरकेयू के उपलब्धियों की सूची पम्पलेट के रूप में तैयार कर रेलकर्मियों को संघर्ष, शहादत और आंदोलन की वस्तुस्थिति की जानकारी पहुंचाने के प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि फील गुड में न रहकर हर रेलकर्मी को मतदान केंद्र तक जाने और ईसीआरकेयू के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करना है।

इस विशेष बैठक में शाखा सचिव बसंत दूबे,आर के सिंह,बी के साव,एन के खवास, विश्वजीत मुखर्जी, परमेश्वर कुमार,उपेन्दर मण्डल,पिंटू नंदन, रंजीत यादव,भानु प्रकाश,आर एन विश्वकर्मा,रविंदर रवानी,राजीव,बी पी आजाद, चंद्रशेकर,नवनीत, शिव जी मल्लिक,जागेश्वर यादव,सुदर्शन महतो,अजय कुमार सिंह,एम.के.मुकेश,रीतलाल गोप,इजहार आलम,अमरजीत यादव,रूचि कुमारी,दिलीप कुमार,विमान मंडल,अजय कुमार सिंहा,सुजाता देवी,निजाम हुसैन,सि एस प्रसाद,प्रसांत बैनर्जी,संतोष गोंड उपस्थित थे।

# बड़कागांव विधानसभा के लिए 17 ने किया नामांकन, चार ने खरीदा रामगढ़ विधानसभा के लिए फार्म

बिभा संवाददाता

**रामगढ़**: झारखंड विधानसभा चुनाव 24 के लिए रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में आज बड़कागांव विधानसभा के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया व चार ने नामांकन पत्र खरीदा। रामगढ़ विधानसभा के लिए आज किसी के द्वारा नामांकन पत्र खरीदा व जमा नहीं किया गया।

बड़कागांव विधानसभा के लिए आज सोहर महतो, पिता - बिशुन महतो, मौ० हसन, पिता - तजमुल, बालेश्वर कुमार, पिता - पुनीत महतो, मौ० समीम मियां, पिता मोजीम मियां, अनिरुद्ध कुमार, पिता - राम कृष्ण दयाल, सुनील कुमार बेदिया, पिता - सुंदर नाथ बेदिया, अमन कुमार, पिता- सुबोध कुमार, फुलेश्वर कुमार, पिता - रामसेनिक महतो, महेश प्रसाद साव, पिता - कन्हैया साव, जगतार सिंह, पिता - हाकिम सिंह, रंजन सोनी, पिता- कमलेश सोनी, झरी मुंडा, पिता- रति मुंडा, प्रकाश सोनी, पिता- स्व अशोक सोनी,कामेश्वर कुमार दास, पिता- बलकेश दास,लालदेव मुंडा, पिता- चरका मुंडा, बिट्टू कुमार सिंह, पिता - नारायण सिंह व राजकिशोर चौधरी, पिता- नागेश्वर महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बड़कागांव विधानसभा के लिए अब तक नामांकन करने वाले कुल प्रत्याशी की संख्या 28 हो गई है।

बड़कागांव विधानसभा के लिए आज प्रकाश सोनी, पिता- स्व अशोक सोनी, फुलेश्वर महतो, पिता- रामेश्वर महतो, कामेश्वर कुमार दास, पिता- बल्केश दास व मुरी मुंडा, पिता- रति मुंडा ने नामांकन पत्र खरीदा। अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 30 हो गई जिसमें 28 ने नामांकन पत्र जमा कर दिया है।

रामगढ़ विधानसभा के लिए आज किसी के द्वारा नामांकन पत्र का खरीदा व जमा नहीं किया गया। रामगढ़ विधानसभा अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 17 है जिसमें एक नामांकन पत्र जमा हुआ है।



चुनाव से संबंधित प्रक्रिया में रामगढ़ जिला चुनाव पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार से संपर्क करने पर बताया गया कि जिले में बड़कागांव व रामगढ़ विधानसभा चुनाव कि प्रक्रिया सुचारू व बेहतर चल रही है।



## बड़कागांव में इस बार परिवर्तन की लहर : रोशन लाल चौधरी

रामगढ़। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी शुक्रवार को भी रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और दूसरे सेट का नामांकन दर्ज कराया। इससे पहले गुरुवार को उन्होंने शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए एक सेट में नामांकन किया था। इस दौरान उनके साथ उनके भाई गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद थे। मीडिया से बातचीत में रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का पूरा परिवार नौटंकी बाज है। उनका पूरा परिवार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। यही वजह है कि उनके घर के सभी सदस्यों का बैंक अकाउंट सील कर दिया गया है। इससे बड़ा भ्रष्टाचार का उदाहरण नहीं मिल सकता है। चौधरी ने कहा कि 20 सालों से वे लगातार चुनाव हार रहे हैं लेकिन वह जनता के बीच मौजूद हैं। हर किसी के सुख दुख में वे खड़े रहे हैं औ जनता की समस्या को दूर करने का प्रयास करते रहे हैं। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तब चंद्र प्रकाश चौधरी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो यहां मंत्री थे। उस वक्त बड़कागांव क्षेत्र में करोड़ों रुपये की योजनाओं को लाने का काम उन्होंने किया है। आज भी वे जनता के बीच मौजूद रहते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## अपने जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें : राज्यपाल



**रांची(बिभा)** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, गुमला के विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें, जिससे समाज के साथ-साथ राज्य और राष्ट्र भी उन पर गर्व कर सके। यह उल्लेखनीय है कि डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, गुमला के इन विद्यार्थियों द्वारा 'कारगिल विजय दिवस' के उपलक्ष्य में लद्दाख के माननीय उप राज्यपाल को पेंटिंग भेजा गया था। लद्दाख के माननीय उप राज्यपाल द्वारा इन विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए राज भवन, राँची को एक पत्र प्रेषित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यार्थियों ने राज्यपाल को अपनी पेंटिंग भेंट की, जिसका राज्यपाल महोदय ने अवलोकन कर उनकी कलात्मक कृति की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एक छात्रा द्वारा राज्यपाल महोदय को स्वरचित पुस्तक की प्रति भी भेंट की गई। इस अवसर पर डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, गुमला के प्राचार्य ने विद्यालय की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने राज भवन उद्यान का भी भ्रमण किया।

## राज्यपाल से सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक ने के मुलाकात, किया आमंत्रित



**रांची(बिभा)**: राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल ने भेंट की। इस अवसर पर महानिरीक्षक श्री बन्याल ने राज्यपाल को सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग द्वारा आयोजित होने वाले 'दीक्षांत परेड' में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## सीसीएल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**रांची(बिभा)** : सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जी एम एस, कांके एवं आदिवासी बाल विकास उच्च विद्यालय में स्लोगन लेखन, निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में दोनों स्कूल से कुल 117 छात्रों ने भाग लिया। सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी दी एवं अपनी जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी। गौरतलब है कि सतर्कता विभाग, सी.सी.एल द्वारा 17 से 26 अक्टूबर तक रांची के भिन्न भिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिता कराई जा रही है।

## रांची विश्वविद्यालय के कुलपति केंद्रीय सिल्क बोर्ड वस्त्र मंत्रालय अनुसंधान समन्वय समिति में शामिल



**रांची(बिभा)**: झारखंड के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अजीत कुमार सिन्हा को केंद्रीय सिल्क बोर्ड के अनुसंधान समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया है। डा. हिमांशू पाठक डायरेक्टर जेनरल आईसीएआर के चेयरमैनशिप में गठित समिति में सदस्यों के रूप में को शामिल किया गया है। झारखंड से डा. अजीत कुमार सिन्हा का इसमें शामिल होना राज्य के लिये सम्मान की बात है। केंद्रीय रेशम बोर्ड देश में रेशम उद्योग के विकास के लिये शोध ,अनुसंधान , नीतियां बनाने, निर्देशित कर उसको मोनिटर करने का कार्य करता है। इस समिति में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अजीत कुमार सिन्हा को महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां सौंपी जायेंगी।

## कोकर श्री श्री काली पूजा समिति अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर बनागी पंडाल



**रांची(बिभा)**: कोकर स्थित बजरंग क्लब द्वारा आयोजित श्री श्री काली पूजा समिति का 12वां वर्षगांठ समारोह इस वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार के पंडाल की थीम अयोध्या के राम मंदिर की लघु प्रतिकृति पर आधारित होगी, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह आयोजन 31 अक्टूबर 2024 (गुरुवार) से शुरू होगा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। पूजा समिति ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से इस पावन अवसर पर सादर आमंत्रित होने की अपील की है। 31 अक्टूबर 2024: मध्य रात्रि में पूजा। 1 नवंबर 2024: प्रसाद वितरण, समय: 4 बजे। 2 नवंबर 2024: महाआरती, समय: 6 बजे। 3 नवंबर 2024: विशाल शोभायात्रा, समय: 6 बजे। यह कार्यक्रम कोकर के बजरंग नगर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। बजरंग क्लब के सदस्यों ने इस आयोजन में सभी श्रद्धालुओं को सम्मिलित होने का अनुरोध किया है ताकि इस धार्मिक आयोजन का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके।

## रांची में तालाब में मिला छात्र का शव

**रांची(बिभा)**। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चडरी तालाब से सरला बिरला स्कूल के छात्र का शव मिला है। छात्र की पहचान रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली के रहने वाले रौनक (19) के रूप में हुई है। वह गुरुवार को आठ बजे कॉलेज के लिए निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि रौनक के पिता गुरुवार की शाम उसकी तस्वीर लेकर थाने में आए थे लेकिन उन्होंने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया। सिर्फ रौनक की तस्वीर देकर थाने से लौट गए। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# महेंद्र सिंह धोनी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा : रवि कुमार

### 51 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज

बिभा संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री के रवि कुमार ने बताया कि मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिया है। निर्वाचन आयोग उनकी तस्वीर का उपयोग स्वीप के कार्यक्रमों में करेगा। वहीं मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करनेवाली उनकी अपील का उपयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने में होगा। उन्होंने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के कार्यालय से जुड़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करेंगे। कहा, नामचीन शख्सियत के जुड़ाव से मतदाता जागरूकता अभियान को बल मिलेगा। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को हजारीबाग और रामगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण किये और स्वीप की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम में कुछ त्रुटियां मिलीं, जिनके अविलंब निराकरण के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अवधि खत्म हो गयी है। नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। उसमें सर्वाधिक 9 प्राथमिकी गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51.17 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं।

# सुदेश महतो ने सिल्ली विस सीट से किया नामांकन



बिभा संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने शुक्रवार को सिल्ली विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। समाहरणालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह के समक्ष सुदेश महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। पर्चा भरने के दौरान सुदेश के साथ असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा मौजूद थे। नामांकन से पूर्व मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में हिमंता बिस्वा सरमा और सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो सहित एनडीए के कई नेता शामिल थे।

# झामुमो पर जितना प्रहार करेंगे, वह उतना मजबूत होगा: सुप्रियो भट्टाचार्य

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को बड़ी संख्या में हुई। उसमें लोगों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। पूरा का पूरा झारखंड अपने जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए आतुर था। बड़ी संख्या में युवा, मजदूर, महिला, पुरुष मजदूर , किसान साहेबगंज से शुरू करे और पश्चिमी सिंहभूम तक गये। हर तरफ का नजारा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए था। लेकिन लोकतंत्र के महापर्व को दूसरी साजिश के तहत भाजपा की ओर से भ्रम पैदा करने का काम किया गया, यहां राजनीतिक घुसपैठ हुआ है। जब यहां केंद्रीय मंत्री और दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री विफल हो गये, तो लगाम कसने वाली संस्था ईडी को आगे कर दिया। उन्होंने कहा कि नुक्कड़-नुक्कड़ घुम रहे उनके मुख्यमंत्री। झारखंड के लोगों ने तय कर दिया कि उन्हें दहाई भी नहीं मिलेगा। केंद्रीय एजेंसियों ने क्या जांच कर लिया। झामुमो पर जितना प्रहार करेंगे, वह उतना मजबूत होगा।

भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 से हेमंत सोरेन की सरकार आई, हम लोग महामारी से जूझते रहे, राज्य सरकार के कार्य को रोकने के लिए कार्य हुए। हमारे प्रिय राज्य मंत्री रहे उस परिवार को तरह-तरह की परेशानी में डाला गया। गुरुवार को साहेबगंज में नामांकन हुए, वहां भी बिना तथ्य की कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हार गई है। इसलिए अब उनका एक ही कार्य है कि विधानसभा चुनाव को कैसे प्रभावित करें।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है, लोगों के पास हम अपने कार्य को लेकर जा रहे हैं। चुनाव आयोग पूरी तरह से बहरी हो गई है। हिंसा की बात बोली जा रही है, उस पर मौन है। भाजपा यहां की पहचान मिटाना चाहती है। इलाके का नाम वनांचल किया जाये, हमने झारखंड के नाम से इस प्रांत का गठन का मार्ग बनाया। झारखंड बन गया। अब संथाल परगना में साजिश शुरू कर दी गयी है।

## इरफान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचकर जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही ज्ञापन देकर मांग किया है कि विधान सभा चुनाव तक इरफान अंसारी को राज्य बदर कर दिया जाय और उनको नामांकन से रोका जाए। इसके अलावा उनके खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया जाय। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सीता सोरेन एक अनुसूचित जन जाति और विधवा महिला है और किसी विधवा महिला को ररिजेक्टेड मालर कहकर संबोधित करना न सिर्फ आदिवासियों का अपमान है बल्कि राज्य और देश के सभी विधवा महिलाओं का भी अपमान है। कांग्रेस पार्टी का आदिवासी महिला के बारे में क्या सोच है वो अब जग जाहिर हो चुका है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 में प्रावधान है कि जो कोई भी व्यक्ति किसी महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा गंभीर अपराध करेगा उसको दंडित किया जाएगा।

## रिम्स चिकित्सकों ने किया कमाल, रीढ़ की हड्डी में फंसी बुलेट निकाल मरीज को दिया नया जीवन




बिभा संवाददाता

**रांची:** रिम्स न्यूरोसर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने रीढ़ की हड्डी में फँसी बुलेट को सफलतापूर्वक निकाल कर 28 वर्षीय लातेहार निवासी उपेंद्र लोहरा को नया जीवनदान दिया है। 8 अगस्त को उपेंद्र लोहारा के सीने में गोली लगी थी जो फेफड़े को डैमेज करते हुए स्पाइनल कॉर्ड में फंस गई थी जिसकी वजह से मरीज की हालत काफी गंभीर हो गई थी। मरीज को आईसीयू में रखा गया और उनकी स्थिति में सुधार होने के पश्चात बुलेट निकालने के लिए ऑपरेशन की तैयारी की गई है। शुक्रवार को न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ आनन्द प्रकाश के नेतृत्व इसका सफल ऑपरेशन किया गया। ज्ञात हो की बुलेट स्पाइनल कॉर्ड को डैमेज कर रही थी जिसके कारण वह चलने में असमर्थ था। ऑपरेशन के बाद पेशेंट की स्थिति में सुधार हो रहा है। ऑपरेशन में न्यूरोसर्जरी विभाग से डॉ सौरभ बेसरा, डॉ दीपक, डॉ विकास, डॉ हबीब, डॉ राहुल तथा एनेस्थीसिया विभाग से डॉ दीपाली, डॉ भारती और डॉ अनुप्रिया शामिल थी।

## संज जेवियर, आरएलएसवाई, मारवाड़ी, बीएस कॉलेज लोहरदगा विजयी



बिभा संवाददाता

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूर्नामेंट 2024 को रांची विमेंस कॉलेज होस्ट कर रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन डोरंडा कॉलेज, रांची के साथ संत जेवियर कॉलेज रांची का मैच हुआ जिसमें सेंट जेवियर्स कॉलेज विजेता घोषित किया गया और रांची विमेंस कॉलेज एवं आरएलएसवाई कॉलेज के बीच मैच में आरएलएसवाई कॉलेज विजेता घोषित हुआ। डोरंडा कॉलेज के साथ मारवाड़ी कॉलेज की कबड्डी टीम ने मैच किया जिसमें मारवाड़ी कॉलेज विजेता घोषित हुआ। बी एस कॉलेज लोहरदगा और आरएलएसवाई कॉलेज के बीच मैच हुआ जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा विजेता घोषित हुआ । आरटीसी बीएड कॉलेज के साथ सेंट जेवियर कॉलेज खेला जिसमें सेंट जेवियर कॉलेज जीता । आरटीसी बीएड कॉलेज के साथ डोरंडा कॉलेज खेला डोरंडा कॉलेज विजेता रहा। मारवाड़ी कॉलेज के साथ रांची विमेंस कॉलेज ने कबड्डी खेला जिसमें मारवाड़ी कॉलेज विजेता घोषित हुआ। क्वार्टर फाइनल मैच में बी एस जालान कॉलेज और सेंट जेवियर्स कॉलेज के बीच मैच हुआ जिसमें बी एस जालान कॉलेज विजेता रहा। बिरसा कॉलेज और रांची विमेंस कॉलेज में मैच हुआ जिसमें बिरसा कॉलेज विजेता रहा। मारवाड़ी कॉलेज और आरएलएसवाई कॉलेज में मैच हुआ जिसमें मारवाड़ी कॉलेज विजेता रहा। बी एस कॉलेज लोहरदगा और डोरंडा कॉलेज में मैच हुआ जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा विजेता रहा।

# राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान में हिंदी उत्सव समारोह मनाया गया

बिभा संवाददाता

**रांची** : राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान में आयोजित हिंदी उत्सव समारोह न केवल भाषा का सम्मान था, बल्कि एक प्रेरणादायक और गहन विचारशील आयोजन के रूप में उभरा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पंकज मित्र, कार्यक्रम अधिशासी, आकाशवाणी, रांची, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।




डॉ. मित्र ने विश्व भाषा की ओर अग्रसर होती हिंदी विषय पर अपने सारगर्भित व्याख्यान की शुरूआत करते हुए हिंदी के उद्गम, विकास और उसके वैश्विक महत्व को बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने हिंदी के संस्कृत से खड़ी बोली तक के उत्कर्ष की यात्रा का विस्तार से वर्णन किया, जहाँ महाभारत काल से लेकर आधुनिक युग तक हिंदी ने अपनी समृद्ध और विविधतापूर्ण पहचान को संजोए रखा है। उन्होंने मानव इतिहास की तीन महत्वपूर्ण खोजों—आग, पहिया और भाषा—में भाषा की विशेष भूमिका को रेखांकित किया और इसे मानव सभ्यता को नए आयाम देने वाला माध्यम बताया। उनके अनुसार, भाषा वह पुल है जिसने न केवल संचार को संभव बनाया, बल्कि मानवीय रिश्तों और सभ्यता के विकास को गहराई प्रदान की।

डॉ. मित्र के इस प्रभावशाली और गहन व्याख्यान ने समारोह में उपस्थित सभी श्रोताओं को हिंदी के प्रति नई दृष्टि और गर्व की अनुभूति करवाई और इस प्रेरणा से भरा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर है जो विश्व मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाने के लिए अग्रसर है। समारोह के दौरान संस्थान के निदेशक महोदय ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और एक सुंदर एवं प्रेरणादायक भाषण दिया। अपने वक्तव्य में निदेशक महोदय ने संस्थान द्वारा हिंदी के विकास और उसे सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान किस प्रकार हिंदी भाषा को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह भाषा न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित कर सके। उनके इस विचारशील वक्तव्य ने सभी श्रोताओं में हिंदी के प्रति निष्ठा और प्रेरणा का संचार किया।

समारोह में कुल आठ श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही, लाक्षा 2023 के सर्वश्रेष्ठ आलेख लेखकों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। निदेशक महोदय ने मुख्य अतिथि डॉ. पंकज मित्र को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-506-2024, दिनांक 25.10.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** हटिया में रिवर पम्प हाउस से पुराने एवं नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जल आपूर्ति पाइपलाइन के साथ रिवर पम्प हाउस, पुराना एवं नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं घरेलू पम्प हाउस का दो वर्षों के लिए सम्पूर्ण संचालन एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य:** रु. 1,66,09,148.20, **ईएमडी:** रु. 2,33,100, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-738)**

# कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस का सीसीएल के सीएमडी ने किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता

**रांची** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा आयोजित कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का शुभारंभ सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। यह सम्मेलन 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। कॉन्फ्रेंस का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएँ - वर्तमान और भविष्य रखा गया है। इस आयोजन में देश-विदेश के 15 से अधिक प्रख्यात वक्ता शामिल हो रहे हैं, और कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सहायक कंपनियों के लगभग 250 डॉक्टर इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।




समारोह का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार और सर्वोदय ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया ।

निलेंदु कुमार सिंह कहा कि समाज में डॉक्टरों के योगदान को रेखांकित किया और कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन ज्ञानवर्धन एवं जानकारी के प्रसार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस मंच से सभी डॉक्टर अपने सहकर्मियों के अनुभवों से सीख सकते हैं और नए चिकित्सा नवाचारों से परिचित हो सकते हैं। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने इस कार्यक्रम और सम्मेलन के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में कोल इंडिया और सीसीएल के कई महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में डॉक्टर मौजूद रहे। कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का उद्देश्य कोल इंडिया की चिकित्सा समुदाय के अनुभवी चिकित्सकों के लिए एक साझा मंच तैयार करना , स्वास्थ्य क्षेत्र में नवीनतम प्रगति के प्रति जागरूक करना और अपने डॉक्टरों की जानकारी में वृद्धि करना है, ताकि वे अपनी सेवाओं के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकें। अवसर विशेष पर गांधीनगर अस्पताल के डॉ. राजकुमार गणमान्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया । सम्मेलन की मंच संचालन मेजर शिल्पी और डॉ. तनीषा द्वारा की गई एवं डॉ. अशुतोष पांडे ने धन्यवाद ज्ञापन किया । आज के कार्यक्रम का समापन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को मनोरंजन के साथ एक खुशनुमा अनुभव प्रदान किया।

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

विज्ञापन संख्या आर एंड पी/305/2024 दिनांक : 27.09.2024

प्रौद्योगिकी संकाय में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग वेतन मैट्रिक्स के शैक्षणिक वेतन स्तर 10 में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन पत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **रोजगार समाचार** में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह है। विवरण के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और **'डीयू के साथ काम' करें** शीर्षक के अंतर्गत **'विज्ञापन – विभाग'** पर क्लिक करें।

**कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।**

**CBC-21231/12/0011/2425** रजिस्ट्रार

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

विज्ञापन संख्या आर एंड पी/306/2024 दिनांक : 27.09.2024


प्रौद्योगिकी संकाय के विभिन्न विभागों में संकाय पदों की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन पत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **रोजगार समाचार** में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह है। अधिक जानकारी के लिए. कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और **'डीयू के साथ काम करें'** शीर्षक के अंतर्गत **'नौकरियां और अवसर'** पर क्लिक करें।

**कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा:**

**CBC-21231/12/0009/2425** रजिस्ट्रार

## संक्षिप्त खबरें

### आरपीएफ बोकारो ने एक नाबालिग लड़की का किया रेस्क्यू



**बोकारो (बिभा):** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने एक नाबालिक लड़की को बोकारो रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से रेस्क्यू किया। मालूम हो कि रेस्क्यू की हुई नाबालिक की उम्र 13 वर्ष रांची के जेलगोड़ा के डिगवाडीह शिव मंदिर के रहने वाली बताई नाबालिक लड़की को बोकारो रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया के पास लगभग 2:15 बजे संदिग्ध तरीका से घूमते देखा गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ पुलिस द्वारा जब पूछताछ किया गया तो पता चला कि वह घर में बिना बताई घर से निकल गई हैं रेस्क्यू किया टीम ने नाबालिग को स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से पकड़ा. आरपीएफ एसआई बलराम मीणा के साथ एचसी धर्मेंदे कुमार, मेरी सहेली टीम, सीटी बिना कुमारी,काजल कुमारी, मम्पी सरकार के सदस्य की सतर्कता से दोनो का रेस्क्यू किया जा सका. बताया जाता है कि आरपीएफ सहित अन्य टीम प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद थी. जब रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया के पास संदिध तरीके से उक्त को टहलते हुए देखा गया. जब पूछताछ की गई तो. नाबालिक लड़की ने अपनी आप बीती सुना डाली. उसने बताया कि घरवालों के जानकारी दिए बगैर वह अपने घर से भाग गई है तथा उसके पास यात्रा टिकट या कोई यात्रा प्राधिकरण भी नहीं है और भटकते हुए यहां पहुंची है आरपीएफ ने लड़की को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौप दिया.

### महिला समिति द्वारा धनतेरस तथा दीपावली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (बिभा):** महिला समिति द्वारा धनतेरस तथा दीपावली के उपलक्ष्य में बोकारो क्लब के बैडमिंटन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्ष महिला समिति श्रीमती अनिता तिवारी ने गणेश-लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की तथा सभी के सुख समृद्धि की कामना की. उन्होंने महिला समिति की सभी सदस्याओं को दिपावली की मंगलकामनाएं दीं तथा समिति द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की. अध्यक्ष अनिता तिवारी तथा उपाध्यक्षगण प्रीति शरण, मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव, इति रथ ने दीप प्रज्वलन किया. सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी ने तिलक लगा कर अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का स्वागत किया. कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र बंपर हाऊजी रहा जिसे सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार ने रोचक ढंग से संपन्न किया. अध्यक्ष महिला समिति द्वारा सभी सदस्याओं को दिवाली के सुअवसर पर उपहार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाली समिति की कार्यकारिणी दल उप सचिव कुमुद कुमारी, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, अंजलि तिवारी, पुष्पा भारतीय, अनीशा झा, नीतू, प्रीति राजेश, समिता मोहंती, तथा आशा राज ने मुख्य भूमिका निभाई.

### विश्व पोलियो दिवस तीनों रोटरी क्लब द्वारा जागरूकता रैली निकाली




**बोकारो (बिभा):** विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर बोकारो के तीनों रोटरी क्लबों के सदस्यों द्वारा एक प्रभावशाली पोलियो जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट पोलियो चेयर रोटेरियन अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ, जबकि बोकारो रोटरी क्लब के पोलियो चेयरमैन रोटेरियन डॉक्टर आर. एन. प्रधान ने इस रैली का सफलतापूर्वक संचालन किया। इस आयोजन की सर्वत्र भूरी-भूरी प्रशंसा की गई, जहां समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए इस प्रयास की व्यापक सराहना हुई। इस रैली के दौरान तीनों रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन महेश गुप्ता, रोटरी क्लब ऑफ मिडटाउन कपल्स के अध्यक्ष रोटेरियन रंजन गुप्ता, और रोटरी क्लब ऑफ चास के अध्यक्ष रोटेरियन बिनोद चोपड़ा ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा, रोटरी का मिशन पूरे विश्व से पोलियो के संपूर्ण उन्मूलन का है, और जब तक दुनिया के किसी भी कोने में पोलियो का एक भी मामला मौजूद रहेगा, रोटरी चैन से नहीं बैठेगा। इस रैली में तीनों क्लबों के सदस्यों की अच्छी संख्या में उपस्थिति उल्लेखनीय रही, जिन्होंने अपने समर्पण और उत्साह से इस अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस जागरूकता रैली ने न केवल लोगों को पोलियो के प्रति सचेत किया बल्कि इस वैश्विक बीमारी के खिलाफ रोटरी के अटूट संकल्प को भी बल दिया।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बोकारो उपायुक्त के समक्ष रखें सुझाव



**बोकारो(बिभा):** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल के साथ श्रीमती जाधव विजया नारायण राव जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो की बोकारो विधानसभा में धनबाद लोकसभा चुनाव के दौरान हुए मतदान का प्रतिशत अत्याधिक कम होने के कारणों पर चर्चा हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बोकारो विधानसभा के शहरी क्षेत्र में पूरे भारतवर्ष में सबसे कम मतदान का प्रतिशत होने पर चिंता व्यक्त करते हुए चैंबर से सुझाव एवम सहयोग मांगा। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा की बोकारो विधानसभा के 588 मतदान केंद्रों में प्रत्येक मतदान केंद्रों पर जो मतदाता सबसे पहले मतदान करें उन सभी 588 मतदाताओ को समारोह आयोजित कर सम्मानित करना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा की बोकारो स्टील प्लांट के वरीय पदाधिकारी को इस मुहिम में शामिल करना चाहिए क्योंकि बोकारो के शहरी क्षेत्रों में संयंत्र के पदाधिकारी एवम कर्मचारियों का आवास है।प्रतिष्ठानों के द्वारा मतदान के लिए कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा ।उनको उंगली पर लगे मतदान की स्याही का निशान दिखाना अनिवार्य करना होगा अन्यथा सवैतनीक अवकाश रद्द कर दिया जाएगा।चैंबर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव के दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से अपने प्रत्याशी को जानो कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमे प्रमुख प्रत्याशियो को आमंत्रित किया जाएगा।जिससे मतदाताओं में मतदान के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।महामंत्री ने यह भी कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स अपने सदस्य व्यापारियों से अपील करेगा की मतदान के दिन जो मतदाता अपनी उंगली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाए उसे 5 /10 प्रतिशत का डिस्काउंट देने का ऑफर ग्राहकों को दें। अन्य कई विषयों पर भी चर्चा करते हुए सभी सदस्यों ने शपथ लिया की अपने परिवार एवम प्रतिष्ठान के कर्मचारियों सहित मतदान करेंगे अबकी बार पहले मतदान फिर कोई और काम। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती बिजया जाधव ने कई सुझावों पर प्रसन्नता जताई।तथा उसको कार्यान्वित करने बात कही।साथ ही मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के चैंबर के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को सहयोग करने की बात कही। मौके पर उपविकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, स्विप नोडल पदाधिकारी श्रीमती सुमन गुप्ता,मीडिया सेल प्रभारी अविनाश कुमार,नरेंद्र सिंह,विनय सिंह ,विपिन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, गौतम जैन,ब्रह्मदेव प्रसाद ,राजकुमार प्रिया ,सुभाष चौरडिया,रवि शंकर प्रसाद अनूप भलोटिया,प्रबीर मंडल सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

# यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है : बाबूलाल मरांडी

**इस बार भाजपा 51प्लस सीट लाएंगी**

**परिवार वालों को टिकट देने से सवाल पर बाबूलाल बोले कि परिवार को आप कैसे अलग कर सकतें है।**

बिभा संवाददाता



**बोकारो .** पूर्व निर्धारित घोषणा के तहत शुक्रवार को बारिश के बावजूद बोकारो विधानसभा से लगातार दो बार विधायक रहे बिरंची नारायण ने तीसरी बार पर्चा दाखिल किया। इस कार्यक्रम में शामिल होने विशेष रूप से झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेक्टर वन स्थित होटल स्टर्लिंग में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते मरांडी कहा कि यह चुनाव झारखंड को बचाने की चुनाव है। भाजपा इसी मंशा और ध्येय को लेकर चुनाव में उतरा है। इस बार एनडीए 51 प्लस सीटों पर जीत दर्ज कर सरकार बनाने जा रही है। हेमन्त सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मरांडी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों मे हेमन्त सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। ऐसा कोई सगा नहीं जिसे हेमन्त ने ठगा नहीं। पांच साल पहले जब हेमन्त सरकार ने चुनाव गई तो उस समय घोषण पत्र जारी किया था कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो पूरे साल में 72 हजार लोगों को सरकार नौकरी मुहईया कराएगी। पूरे पांच साल गुजर गया लेकिन साल में 72 लोगों को भी नौकरी नहीं मिली। मां बहनो से भी वादा किया था कि हमारी सरकार बनी तो प्रत्येक माह दो हजार रू चुल्हा खर्च सरकार देगी। यह भी नहीं दिया। मरांडी ने हेमन्त सरकार द्वारा विवाह में सोने का सिक्का देने व 2500रू विधवा पेंशन नहीं देने व वादाखिलाफी की बात कही। सारे वायदे फाईलों और कागज में ही सिमट कर रह गई। हेमन्त पर तंज कसते हुए मरांडी ने कहा कि हद तो तब हो गई जब हेमन्त ने अपने बाबूजी शिबू सोरेन की कसम खाकर नौजवानों को नौकरी देने की बात कही थी। इस वादा का भी ढाक की तीन पात वाली हाल हुआ। जनता इस बार हेमन्त सरकार की वस्तुस्थिति से अवगत हो गई हैं और भारी बहुमत से भाजपा सहित एनडीए सरकार को विजयी बनाकर राज्य में डबल इंजन की सरकार को कबिज करने जा रही है। भाजपा में परिवारों के सदस्यों की बीच टिकट के वितरण के सवाल के जवाब में मरांडी ने कहा कि पति पत्नी भी तो परिवार का ही हिस्सा है। उनको हम कैसे अलग कर सकतें हैं। उनको भी चुनाव लड़ने का हक और अधिकार है। परिवार भी समाज का ही अंग है। प्रेस वार्ता में प्रत्याशी बिरंची नारायण, झारखंड संगठन प्रभारी सह भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, चंदनकियारी प्रत्याशी सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री अर्चना सिंह, लक्ष्मण नायक, रोहित लाल सिंह, संजय त्यागी, कमलेश राय , मुकूल ओझा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ उमा कांत सिंह अंडर 18 भारतीय बास्केटबॉल वूमेन टीम के कोच बने

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के पूर्व खिलाड़ी डॉ उमा कांत सिंह को अंडर -18 भारतीय वूमेन टीम का कोच नियुक्त किया गया है। उन्हें बास्केटबॉल अंडर 18 वूमेन नेशनल टीम का कोच बनाया गया है। इस नये कृतिमान के साथ डॉ उमाकांत सिंह ने साबित कर दिया कि बोकारो ना सिर्फ झारखंड की शैक्षणिक राजधानी है बल्कि खेल जगत की उभरती राजधानी का भी स्थान हासिल कर रहा है। बोकारो के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोई बास्केटबॉल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरी बार भारतीय टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम का प्रशिक्षण चेन्नई में प्रारंभ हो चुका है । डॉ उमाकांत सिंह बतौर कोच प्रशिक्षण प्रारंभ कर चुके है । इसके लिए डॉ उमाकांत सिंह ने खिलाड़ियों के साथ तैयारी शुरू कर दी है। और भारतीय टीम के सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए पूरे जोश, तकनीक के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ कर रहे है। यह प्रशिक्षण 15 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक जारी रहेगा। तत्पश्चात भारतीय टीम दुबई में अपने खेल तकनीक को और बेहतर बनाने के लिए कई मैच खेलेगी। उसके बाद टीम फिबा एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होगी।

डॉ उमाकांत की सफलता पर बोकारो सहित झारखंड के खेल प्रेमियों में अपार खुशी है। बास्केटबॉल संघ के सभी वरीय अधिकारियों एवम खेल प्रेमियों ने डॉ उमाकांत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सचिव संजीव सिंह के साथ साथ सुधीर कुमार, बिनोद कुमार, निखिल ओझा, हारून अंसारी, कौशल सिंह, रण विजय ओझा, निशांत, सार्थक, आयुष, आकाश, रवि, सनी एवम अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी बोकारो बिरंची नारायण ने तीसरी बार दाखिल किया नामांकन



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** चास की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढाडा के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिरंची नारायण ने शुक्रवार को 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी उपस्थित थे, जिससे कार्यक्रम में जोश का माहौल बना रहा। बारिश के बावजूद, बिरंची नारायण भारी संख्या मे समर्थकों और कार्यकताओं के साथ बैंड बाजे के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे, जहां उत्साह और उमंग का दृश्य देखन को मिला। उन्होंने जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। दो बार से बोकारो के विधायक नारायण ने इस बार जीतकर हैट्रिक बनाने का दावा किया है।शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे मे सुधार के लिए विशेष योजनाओ का आश्वासन दिया, जिनसे क्षेत्र की सूरत बदलने की बात कही।

## तम्बाकू के दुष्परिणाम पर गुरू गोबिन्द सिंह पब्लिक स्कूल मे सेमिनार का आयोजन

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** गुरू गोबिन्द पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य की अध्यक्षता में की गई। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी बच्चों को दो तरफा संचार करते हुये पहले बच्चों से जानकारी ली गई साथ ही तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला परामर्शी ने सभी बच्चों को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के बारे में बताया गया। उन्हो ने कहा कि आज के समय में तम्बाकू का उपयोग युवाओं द्वारा ज्यादा किया जा रहा है। पूर भारत के अन्दर प्रत्येक दिन लगभग 2500 बच्चे पहली बार तम्बाकू का उपयोग करते है जबकि सिर्फ झारखण्ड में यह संख्या 146 है जोकि काफी भयानक संकेत है। इस लिये तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति स्कूल स्तर पर बच्चों को जागरूक करना बहुत जरूरी है ताकि नये बच्चे इसके जद में न आये और तम्बाकू मुक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

डा प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा बच्चों को मानसिक तनाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा मिश्रा ने कहा कि प्रायः यह देखा गया है कि आज कल लोग मोबाईल का प्रयोग देर रात तक करते है जिसके वजह से वह समय पर नींद नही लेते है जिसकी वजह से उनके दिनचर्या में अधिक गुस्सा का आना और चिडचिडापन सौभाविक है। देर रात मोबाईल के प्रयोग से बचे यदि किसी भी व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धित कोई भी समस्या है को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नं0 14416 पर सम्पर्क कर सुविधा का लाभ ले सकते है।

स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि तम्बाकू न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है बल्कि तम्बाकू खाने वाले को हमारे समाज में भी सही नजर से नही देखा जाता है। धुम्रपान करने से निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे शरीर में जाते है जो आने वाले दिनों में कैंसर जैसी बडी बीमारी का बहुत बडा कारण होते है। ऐसे में हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि तम्बाकू मुक्त समाज बनाने के लिये हमें आगे आना होगा और लगातार बच्चो को तम्बाकू के दुष्परिणाम से अवगत कराते रहना होगा।

## सेल प्रबंधन की एकतरफा नीति के खिलाफ ट्रेड युनियन संयुक्त ने खोला मोर्चा

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** ट्रेड युनियन संयुक्त मोर्चा बोकारो द्वारा हॉट स्ट्रीप मिल कैंटीन रेस्ट रूम में सेल प्रबंधन की एकतरफावाद नीति के खिलाफ मजदूरों की एक सभा एटक के वरिष्ठ नेता व आरजीबीएस के कर्मचारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए एनजेसीएस घटक के नेताओं ने कहा कि 39 महीने का एरियर मजदूरों के खून पसीने की कमाई है।ग्रेच्यूटी पर सरकार के इशारे से सीलिंग लगवाकर अपना पिंड छुड़ाना चाहती है। वेतन समझौता को आधा अधुरा करके पिछले तीन सालों से लटका कर रख दिया है। भेदभाव पूर्ण बोनस फामूर्ला बनाकर बिना एनजेसीएस की सहमति से प्रबंधन पिछले दिनों प्राप्त 40,500 से अधिक बोनस नहीं देना चाहती है। 1.1.2022 से एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट और 28% पर्क्स एरियर के साथ अप्रैल 2020 से देने के सवाल पर प्रबंधन ने चुप्पी साध ली है। एकसमान काम करने के बावजूद एडब्लूए की राशि को ठेका मजदूरों के बेसिक पे में शामिल करने को तैयार नहीं है।न ही उसके जॉब के सेक्यूरिटी की कोई गारंटी है। बीजीएच में मेडिकल चेकअप के बहाने ठेका मजदूरों की छंटनी की जा रही है। मजदूर आंदोलन में भाग लेने के कारण प्रतिशोध पूर्ण कारवाई निलम्बन, चार्जशीट, और स्थानांतरण आदेश को अभी तक वापस नहीं लिया गया है। इसलिए आज यह संकल्प लेना है कि आगामी 28 अक्टूबर की सेलव्यापी हड़ताल को बोकारो के कोक ओवेन से लेकर एसएमएस, सीसीएस, हॉट स्ट्रीप मिल,सीआएम सहित सभी विभागों के परमानेंट और ठीका मजदूर मिलकर सफल बनाएंगे। हड़ताल के समर्थन में 26 अक्टूबर को इडी बिल्डिंग पर विशाल मजदूर प्रदर्शन होगा।

आज के सभा को मुख्य रुप से इंटक के महामंत्री बी एन चौबे, सीटू के महामंत्री बी डी प्रसाद,एटक के महामंत्री रामाश्रय प्रसाद, एचएमएस के महामंत्री राजेंद्र सिंह सिंह,बीएमएस के महामंत्री विनोद कुमार ने संबोधित किया। इनके अलावे एटक के ब्रजेश कुमार,सीटू के आर के गोराई , इंटक के अमर कुमार , एचएमएस के राजेश कुमार ने भी मजदूरों को सम्बोधित किया।

## एमजीएम विद्यालय सेक्टर 4 बोकारो में सूचना तकनीक विषय के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सत्र आयोजित

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** एमजीएम विद्यालय सेक्टर चार में सूचना तकनीक विषय को ध्यान में रखकर सीबीएसई कौशल शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य सूचना तकनीक से जुड़े शिक्षक शिक्षिकाओं को नई-नई जानकारियां उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण की शुरूआत स्कूली बच्चों ने सर्व धर्म प्रार्थना से की। इस अवसर पर एम जी एम विद्यालय के प्राचार्य ने रिसोर्स पर्सन शालिनी हरि सुख एवं संजय कुमार सेनापति का तथा डी टी सी बोकारो सूरज शर्मा, आगंतुक शिक्षक शिक्षिकाओं जो कि कंप्यूटर विषय से संबंधित सभी का स्वागत किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा शिक्षक निरंतर सीखते हैं आज के कंप्यूटर के युग में कंप्यूटर से संबंध रखने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का दायित्व पहले से ज्यादा बढ़ गया है , जिसमें जो भी नए-नए बदलाव आ रहे हैं उन्हें स्वीकार करने की आवश्यकता है जिससे विद्यार्थी एवं समाज को जानकारी मिलती रहे , उसे सुरक्षित तरीके से प्रयोग करें ताकि किसी तरह की नुकसान या धोखाधड़ी न हो। प्रशिक्षण को दो सत्र में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में रिसोर्स पर्सन शालिनी हरिसूख डीपीएस आरके पुरम नई दिल्ली ने कंप्यूटर के द्वारा सूचना तकनीक में हो रहे बदलाव एवं साइबर क्राइम की चर्चा की। प्रशिक्षण सत्र में आए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से उन्होंने इस चुनौती को सहर्ष स्वीकार कर उसके समाधान पर विशेष चर्चा की एवं अपने अनुभव बांटे। कार्यशाला के दूसरे सत्र में रिसोर्स पर्सन संजय कुमार सेनापति होली क्रॉस स्कूल बालीडीह बोकारो ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए समस्या एवं समाधान सूचना तकनीक विषय को छोटे-छोटे कार्यों में बताकर समाधान बताया। इस प्रशिक्षण में झारखंड तथा आसपास के राज्यों के लगभग 70 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्या राखी बनर्जी, शैक्षिक निर्देशक जॉर्ज जोसेफ, प्रशिक्षण समन्वयक चंचल कुमार, जीबिन थॉमस सुष्मिता राज, येताशाम मलिक, दिव्या पांडे तथा कंप्यूटर के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# चार माह बाद भी नहीं सुलझा मिथिलेश हत्याकांड : मुख्यमंत्री तक पहुंची कसमार पुलिस की शिथिलता

**न्याय की आस में बूढ़े पिता सहित सभी परिजनों की आंखे पथराई, मदद की गुहार**

बिभा संवाददाता

**कसमार :** जिले की कसमार पुलिस इन दिनों सुर्खियों में है। एक एएसआई की ओर से कथित तौर पर खुद को थाना प्रभारी बताकर क्षेत्र के एक पत्रकार और उनके परिजनों के साथ बदसलूकी का मामला एक तरफ जहां सुलगा हुआ है, वहीं दूसरी ओर कसमार थाने की लापरवाही और शिथिलता मुख्यमंत्री तक पहुंच चुकी है। कसमार प्रखंड के मंजूरा ग्राम निवासी मिथिलेश कुमार महतो (23) की हत्या की गुत्थी घटना के चार महीने बाद भी नहीं सुलझ सकी है। मिथिलेश के बुजुर्ग पिता धीरेन्द्र नाथ महतो सहित अन्य सभी परिजनों की आंखें अब न्याय की आस में पथरा सी गई हैं। विगत 25 जून, 2024 को मिथिलेश महतो की हत्या का आरोप है। श्री महतो ने इस संबंध में दर्ज कसमार थाना कांड संख्या -58/2024 में धीमी जांच प्रक्रिया एवं न्याय दिलाने को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार लगाई है। सीएम को दिए गए अपने पत्र में धीरेन्द्र का कहना है कि उनके बेटे की हत्या की गई और तमाम परिस्थितियां हत्या की मिली थीं। इसके बावजूद पुलिस अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। नतीजतन, हत्या के आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से परिजनों को भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं।

### सड़क किनारे संदिग्धावस्था में मिला था शव

सीएम को दिए गए पत्र के अनुसार, विगत 25.06.2024 को धीरेन्द्र नाथ के घर के इकलौते पुत्र मिथिलेश का लहूलुहान शव पूर्णतया संदिग्ध परिस्थितियों में कसमार फार्मटांड़ के सामने रात को 12 बजे सड़क किनारे पड़ा मिला था। वहीं, कुछ दूरी पर उसकी मोटरसाइकिल (जेएच 09ई 6261) भी गिरी पड़ी थी। उसके चेहरे पर किसी सख्त और भोथड़ वस्तु से वार किए जाने और गहरे चोट के साथ-साथ गला दबाए जाने का निशान भी मिला था। मृतक के पिता का दावा है कि उनके बेटे की किसी ने साजिशन हत्या कर दी। गला दबाकर, चाकू या अन्य वस्तु से हमला कर उसकी नृशंस हत्या की गई। मिथिलेश घटना के दिन सुबह 8.00 बजे सइयाडीह जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा तो काफी खोजबीन करने पर कसमार फार्मटांड़ के सामने मृत अवस्था में



मिला। खोजबीन के दौरान ही पता चला कि उस दिन मिथिलेश को गर्री ग्राम निवासी सीताराम प्रजापति के पुत्र सुमित कुमार प्रजापति के साथ देखा गया था। उन्हें पूरी आशंका है कि उनके बेटे मिथिलेश की हत्या सुमित कुमार प्रजापति ने ही अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कर दी। कुछ लोगों से उन्हें यह भी पता चला कि सुमित ने प्रेम-प्रसंग में एक लड़की के कारण उनके बेटे को मार डाला।

### सड़क हादसे का रूप देने पर आमादा है पुलिस

मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के अनुसार, इस संबंध में उनके द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद भी स्थानीय थाने से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्हें आशंका है कि संदिग्ध हत्यारों के प्रभाव में आकर जैसे-तैसे इस घटना को सड़क दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। थाने के सक्षम पदाधिकारी से उनलोगों ने इस संबंध में कई बार मदद की गुहार लगाई, परंतु जांच में अनावश्यक रूप से विलंब किया जा रहा है। साथ ही, आरोपी को अबतक पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ करने की भी जरूरत नहीं समझी गई।

### गाड़ी की डिक्की से गायब मिले थे औजार

पत्र के अनुसार, घटनास्थल पर मिथिलेश के शव के साथ और आसपास जो परिस्थितियां पाई गईं, उनसे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि मामला कहीं से भी सड़क दुर्घटना का नहीं है। जैसे- शव से एक किलोमीटर की दूरी में श्मशान घाट के समीप उसका अंतिम लोकेशन मिला था और मोबाइल का कोई अतापता नहीं चला। मिथिलेश एक मिस्त्री था। गाड़ी की डिक्की में हमेशा पलास, हथौड़ी, छेनी आदि औजार रखता था, लेकिन घटनास्थल पर बाइक की डिक्की में वे सामान नहीं मिले। उसकी एक सैंडिल शव से 20 फीट और दूसरी 25 फीट दूर मिली। कथित सड़क हादसे में जिस पोल से टकराकर गिरने का दावा किया जा रहा है, उसका शव वहां न होकर उससे 4 फीट दूर और बाईं की बजाय दाहिनी ओर मिला था। उस पोल और शव के बीच कहीं भी खून का एक बूंद नहीं देखा गया। सिर, गला और चेहरे के अलावा पूरे शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले। गर्दन पर काला निशान मिला। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी चेहरे पर सख्त और भोथड़ वस्तु से चोट लगने के कारण कई फ्रैक्चर होने की बात लिखी है। आवेदक का दावा है कि ऐसे कई अहम बिन्दु हैं, जो पूरी तरह उनके बेटे की हत्या की ओर इंगित करते हैं। लेकिन, स्थानीय थाना द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं करने के कारण वे न्याय से वंचित हैं और आरोपी खुलेआम तरह-तरह की बातें कहते हुए घूम रहा है।

### निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग

मृतक के पिता धीरेन्द्र नाथ महतो ने सीएम को दिए गए अपने पत्र में कहा है कि आरोपी ने उनके घर का इकलौता चिराग बुझा दिया। उनके पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने सीएम से कसमार थाने में इस बावत दर्ज कांड के त्वरित और निष्पक्ष जांच कराते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### भ्रष्टाचार मिटाना और पलायन रोकना मेरा पहला कदम होगा : विश्वकर्मा



**खूँटी(बिभा)** । विगत 25 वर्ष पूर्व बना झारखंड का विकास से नाखुश विश्वकर्मा उराँव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में शुक्रवार को खूँटी विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए पर्चा दाखिल किया। जिसने क्षेत्र बढ़ रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने में कदम बढ़ाने का मुद्दा लेकर चुनाव में खड़ा हुआ। इस भ्रष्टाचार को ना तो प्रशासन समाप्त कर पाया और ना ही जनप्रतिनिधि। हालांकि भ्रष्टाचार बढ़ता ही चला गया। विश्वकर्मा उराँव ने कहा कि खूँटी से मजदूर पलायन और विकास की गति सबसे बड़ा मुद्दा है रोजगार की समस्या है। जिसे दूर करना आवश्यक है। इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जीत हासिल करते ही यह पहला कार्य होगा। जिससे जनता उठ चुकी है ठगी महसूस कर रही है उन सभी का मतदान देकर साथ मिलेगा।

### तोरपा निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी से जुड़े तीन नाखुश कार्यकताओं ने निर्दलीय पर्चा भरा

युवा कांग्रेस के पुनीत हेमरोम ने तोरपा से निर्दलीय पर्चा भरा



**खूँटी(बिभा)** । तोरपा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 में इंडी गठबंधन से रुष्ट कांग्रेस के कार्यकर्ता पुनीत हेम्ब्रोम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में शुक्रवार को पर्चा दाखिल किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ता ब्रजेन्द्र हेम्ब्रोम ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा है। तोरपा में जहाँ कई वर्षों से पार्टी से जुड़कर समाज के बीच जाकर कार्य करने में समय दिया तो वहीं भाजपा से जुड़े ब्रजेन्द्र हेंब्रोम और शिवराज बड़ाइक ने तोरपा क्षेत्र के लिए प्रत्याशी बनाए जाने के लिए भाजपा पार्टी से मांग की थी। उक्त नेता द्वय अपने-अपने मंसूबों में उपलब्धि हासिल नहीं हुई तो उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवारी पेश करते हुए जनता के बीच जाने का निर्णय लिया है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वाहन कोषांग के पदाधिकारियों संग की बैठक



**सिमडेगा(बिभा):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में वाहन कोषांग के पदाधिकारियों/कर्मी के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त, सिमडेगा ने विधानसभा आम चुनाव-2024 में उपयोग होने वाले वाहन की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी ली। इस नोडल -सह- जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव में उपयोग होने वाली गाड़ियों की रांची से प्राप्त किया जा रहा है। वहीं पुलिस विभिन्न कंपनीयों एवं होमगार्ड के जवानों को पहुंचाने हेतु जिले में चल रही बसों को पकड़ा गया है। तथा सामग्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचने के लिए ट्रक/ पिकअप वाहन सहित एवं छोटी गाड़ियों की उपलब्धता पर्याप्त संख्या में की गई है। उपायुक्त महोदय ने कहा कि मतदान कर्मियों को पहुंचने वाली बसों डिस्पैच के दो दिन पहले ही सभी वाहनों में डीजल एवं पेट्रोल का भरवाना से निश्चित कर लेंगे। वहीं चुनाव के समय में वाहनों की कमी ना हो इसकी अच्छे से तैयारी कर लें। मौके पर परिवहन कोषांग के सभी पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### खूंटी विधानसभा क्षेत्र से 11 और तोरपा से 13 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन प्रपत्र

**खूंटी(बिभा)** : विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के खूंटी विधानसभा से 1 ओर तोरपा से 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन भरा। जिसमें सोमा मुण्डा ( अबुआ झारखंड पार्टी- 2 सेट ) मसीह चरण मुण्डा (BAP पार्टी-2+1 सेट) पास्टर संजय कुमार तिर्की (निर्दलीय-1 सेट) नीलकंठ सिंह मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी-2+2 सेट ) सामुएल पूर्ती (ए०पी०आई-2 सेट) दुर्गावती ओडेया (निर्दलीय-1+1 ) राम सुर्य मुंडा ( झारखंड मुक्ति मोर्चा-2 सेट) आलोक रितेश डुंगडुंग (निर्दलीय-2 सेट) बी अनिल कुमार (जे एल के एम-2 सेट) विश्वकर्मा उरांव (निर्दलीय- 1 सेट) चम्पा हेरेंज (बी एस पी- 2 सेट)। उक्त अभ्यर्थी द्वारा खूंटी विधानसभा क्षेत्र (60) के लिए नामांकन प्रपत्र भरा गया। वहीं आज एक अभ्यर्थी- रणाशी चंद्र कंडीर द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया। तोरपा विधानसभा क्षेत्र (59) में निम्नलिखित अभ्यर्थी द्वारा नामांकन प्रपत्र भरा गया। रिलन एमन होरो (अबुआ झारखंड पार्टी-2+2 सेट 25.10.2024) कोचे मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी-2 +2 सेट 25.10.2024) सुदीप गुडिया ( झारखंड मुक्ति मोर्चा-1+3 सेट 25.10.2024) शिवराज बड़ाईक (निर्दलीय-1+2 सेट 25.10.2024) सामरोम गुड़िया (एपीआई- 1 सेट) बजेंद्र हेम्ब्रोम (निर्दलीय-1 सेट) रविंद्र बड़ाईक (निर्दलीय-2 सेट) सावित्री देवी (बीएसपी- 2 सेट) अनीता सुरीन (निर्दलीय- 2 सेट) विल्सन भेंगरा (जेएलकेएम- 2 सेट) कुलन पतरस आइन्द (झारखंड पार्टी-1 सेट) विनोद कुमार बड़ाईक (निर्दलीय- 2 सेट) पुनीत हेम्ब्रोम (निर्दलीय-1 सेट)।

# पोस्टल बैलट कोषांग की बैठक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

बिभा संवाददाता




**खूँटी** । समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा पोस्टल बैलट कोषांग के कार्यों एवं तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनिवार्य सेवा के सभी नोडल पदाधिकारी से पोस्टल बैलट के विषय पर चर्चा करते हुए अनिवार्य सेवा में कार्यरत विभाग यथा पुलिस, मीडिया, पोस्ट ऑफिस, रेलवे, स्वास्थ्य समेत अन्य अनिवार्य सेवा से जुड़े विभाग के लोगों को पोस्टल बैलट से मतदान कराने एवं पोस्टल बैलट से मतदान संबंधित सम्पूर्ण तैयारियों की पूर्ण जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अनिवार्य सेवा अंतर्गत कार्य कर रहे मतदाताओं से फॉर्म 12ऊ भरवाने का निर्देश दिया। वहीं विभिन्न कोषांगों में निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी एवं कर्मी को फॉर्म 12 भरवाने का निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निदेशों एवं सभी एसओपी का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। वहीं पोस्टल बैलट से मतदान के लिए स्थान चिन्हित करने को लेकर भी विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी पोस्टल बैलट कोषांग, श्री श्याम नारायण राम, डीसीएलआर, पोस्टल बैलट कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झामुमो प्रत्याशी रामसूर्या ने भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ को अपना बाप बताया

# जीत हासिल होने के बाद 1 वर्ष के अंदर होगा बाईपास सड़क निर्माण : रामसूर्या

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी राम सूर्या मुंडा ने पर्चा दाखिल करने की अंतिम दिन शुक्रवार को पर्चा दाखिल किया। जिसने पांच प्रतिनिधियों के साथ पर्चा भरने अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय पहुँचे। जिसमें रामसूर्या मुण्डा पर्चा दाखिल करनेवाले अंतिम प्रत्याशी थे। जिसके साथ जेएमएम जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुरजू हस्सा व अन्य दो लोग थे। पर्चा दाखिल करने के बाद खूँटी निर्वाचन क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी रामसूर्या मुण्डा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके उपर भरोसा करके उम्मीदवार बनाया है। इसके लिए उन्हें धन्यवाद है। वहीं पाँच बार विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा को उसने अपना बाप बतलाया और कहा कि नीलकंठ सिंह मुंडा हमारे बाप हैं और मैं उसका बेटा हूँ। नीलकंठ सिंह मुंडा ने मुझे जीत के लिए आशीर्वाद दिया है। और इस बार जीतकर एक वर्ष के अंदर बाईपास सड़क निर्माण करना मेरा कार्य होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुए लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन लगभग 48000 मतों से खूंटी विधानसभा क्षेत्र से आगे था और इस बार उससे दुगना मतों से इंडी गठबंधन विजयी होगा। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि पार्टी में प्रत्याशी का नाम देना, नाम हटाना या नाम दूसरों का देना होता ही रहता है। झामुमो माटी की पार्टी है। जल जंगल और जमीन की रक्षा करने वाली पार्टी है। जिनकी जीत खूंटी से सुनिश्चित है और जीत हासिल होने के बाद बाईपास सड़क निर्माण सर्वप्रथम उद्देश्य है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी जैसे ही अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय से पर्चा भरकर बाहर निकले उनका इंतजार कर रहे कांग्रेस और झामुमो के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। नाच दल के साथ कार्यकताओं ने प्रत्याशी को माला पहनकर और पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर मकसूद अंसारी, मगन मनजीत तिड़ू, प्रदीप देवघरिया, वीरेंद्र सिंह आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

### साप्ताहिक हाट बाजार खूंटी एवं बूढ़ाडीह में स्थानीय कलाकारों के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत स्थानीय कलाकारों के माध्यम से शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार खूंटी एवं बूढ़ाडीह में स्थानीय कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ हीं मतदान की विशेषता बताते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

### युवा मतदाता ने मतदान के प्रति अपने साथियों और परिजनों को जागरूक करने का लिया शपथ



बिभा संवाददाता

**देवघर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव, 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक-25.10.2024 को स्वीप कार्यक्रम के तहत आर मित्रा उच्च विद्यालय के सभागार में कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवा मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ की कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने-अपने युवा साथियों के साथ-साथ अपने परिजनों को मतदान के प्रति जागरूक करने का शपथ लिया। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान सभी ने भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपने परिजनों और अपने युवा साथियों को जागरूक करने का संकल्प लिया। आगे सभी को बताया गया कि कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने 20 नवम्बर को मतदान के प्रति जागरुक करना और निष्पक्ष होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित करना है।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री बिनोद कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री संतोष कुमार के साथ-साथ स्वीप व मीडिया कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

### रोजालिया शांता कांडुलना ने किया नामांकन



**सिमडेगा:** झारखंड विधानसभा आम चुनाव- 2024 के लिए 71- कोलेबिरा (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र का कार्यालय में 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्दलीय के प्रत्याशी रोजालिया शांता कांडुलना ने नॉमिनेशन किया।

### कोलेबिरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 19 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**सिमडेगा:** झारखंड विधानसभा आम चुनाव- 2024 के लिए 71- कोलेबिरा (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र का कार्यालय में 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए दिनांकः- 18/10/2024 से आज दिनांक 25/10/2024 तक 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 उम्मीदवारों के द्वारा कुल -34 नॉमिनेशन/ नाम निर्देशन किया गया। आज दिनांकः- 25/10/2024 को 8 उम्मीदवार के द्वारा 18 नामांकन किया गया।

### प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने प्रखंडों में बीएलओ के साथ किया बैठक



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंडों में बीएलओ के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के मतदाताओं को वोटर इनफॉरमेशन स्लिप उपलब्ध कराने समेत मतदातओं को मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बीएलओ को डोर टू डोर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप मतदाताओं को उपलब्ध कराने को कहा गया, कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना रहे और क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो, इस उद्देश्य से सभी बीएलओ को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र के मतदाताओं को 13 नवंबर को खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर प्रेरित कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को कहा गया।

### लोयला इंटर कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज खूँटी में प्रथम मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर शुक्रवार को लोयला इंटर कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज खूँटी में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रथम मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान से संबंधित सभी प्रक्रियाओं के तहत प्रपत्र 17सी, पीठासीन डायरी, मॉक पोल रिपोर्ट समेत अन्य पर विशेष रूप से जानकारी दिया गया। वहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रजेंटेशन दिखाकर सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इसके अलावा एश्ट से संबंधित विशेष जानकारी देते हुए एश्ट संचालन एवं सीलिंग के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईएलएमएस के माध्यम से ऑनलाइन टेस्ट भी लिया गया। परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-वरीय पदाधिकारी श्री आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग श्रीमती अनुराधा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। वहीं कोषांग के मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार ओझा, विष्णु नंद तिवारी, श्रवण बारला, भरत राम के निर्देशन पर मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# हर्षोल्लास के साथ अम्मा पकना में किया गया इंद जतरा का आयोजन

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्मापकना गाँव में सुक्रवार को ऐतिहासिक इंद जतरा का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूर दराज से लोगों ने इंद मिला देखने पहुँचे थे। मेले में तरह-तरह के खेल खिलौने मिठाइयों के दुकान आदि लगाए गए थे। वही इंद जतरा आयोजन समिति के द्वारा नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल बतौर अतिथि पहुँचे थे। मौके पर, रनिया थाना अंतर्गत अम्बापकना में आयोजित इंद मेला में रनिया थाना प्रभारी द्वारा मेला में आये आमजनो को राज्य में लगे आदर्श आचार संहिता के बारे बताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर अपने -अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया तथा अवैध अफीम पोस्ता कि खेती से होने वाले दुष्परिणाम एवं कानूनी करवाई, नशापान के दुष्परिणाम तथा पुलिस का मदद पाने हेतु डायल 112 पर कॉल करने, ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर डायल 1930 कि जानकारी देते हुए कॉल कर शिकायत दर्ज कराने हेतु जागरूक किया गया साथ ही साथ डायन बिसाही जैसे कुप्रथा के बारे अवगत कराया गया। शुक्रवार को दाना तूफान के कारण हो रही बारिश के बावजूद हजारों लोग छाता लेकर मेला देखने पहुँचे थे।

### विभिन्न थाना क्षेत्रों में 105 फूली लीटर दारू और 150 किग्रा जावा महुआ पुलिस ने किया नष्ट



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । आसन्न विधानसभा निर्वाचन के मध्य नजर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में महुआ शराब निर्माण और ढाबा में अवैध रूप से शराब परोसने के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम कोड़ाकेल में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध छापामारी कर लगभग 50 लीटर महुआ शराब एवं 80 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया। तपकरा थाना अंतर्गत तेतर टोली में लगभग 20 लीटर महुवा शराब एवं 70 लीटर जावा महुवा नष्ट किया गया। कर्रा थाना अंतर्गत कुल्हूटू गांव में 35 लीटर देसी शराब नष्ट किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव - 2024 के मद्देनजर तोरपा थाना अंतर्गत विभिन्न लाइन होटल/ढाबा/क्लब में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध चेकिंग किया गया।

# भारत से सीखा परोपकार सारे विश्व ने


आर.के. सिन्हा

**वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को 'दान' और 'सेवा' के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासः इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में 'दान' को 'अहिंसा' के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है।**



रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह, बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे हुए ही मिल जायेंगे। यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीन काल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' में विश्वास करने वाले हैं। अभी भी आपको 'पहली रोटी गौ माता को ' में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।

वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को 'दान' और 'सेवा' के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासः इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में 'दान' को 'अहिंसा' के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है।

भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी 'दान' का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने 'सर्वोदय' के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवन भर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की।

रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह , अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में 'समाज सेवा' है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है।इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से ' करनी और बरनी' का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा।स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि 'आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे।' स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज ' इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस ' के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

महात्मा बुद्ध, गुरु नानक, और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में, राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई, जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं।

स्वामी विवेकानंद ने 'दीन-दुखिया जन' के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है।

अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे। आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाज वादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले,कुलचे,हलवा,पूढ़ी-आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी में जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति न पैर जमाए थे।

भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुल्नीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात-पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है। इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं।जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात ये भी है कि इनसे प्रसाद हिन्दू, मुसलमान,सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं।


साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले 'बालाजी कुनबा' नाम से एक संगठन स्थापित किया। इसका मकसद है भूखों की भूख मिटाना। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमान जी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला एक बैनर लगा होता है। जिस पर 'बालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफ' लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग ही करते हैं। यह अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा तो हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# संबंधों में आई गर्माहट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता एशिया के लिए खुशखबरी है। दोनों नेताओं का वार्ता की मेज पर एक साथ बैठना रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन के लिए भी सुखद अनुभव था क्योंकि रूस के लिए भी जरूरी है कि उसे अमेरिका और पश्चिमी देशों से मिल रही सैनिक और आर्थिक चुनौती का सामना करने के लिए उसके सहयोगी देशों भारत और चीन के बीच टकराव न हो। मोदी और जिनपिंग के बीच पांच साल बाद हुई आमने-सामने वार्ता से द्विपक्षीय संबंधों में आईजड़ता टूटी है। अब यह विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत ड़ोभाल और चीन की ओर से विदेश मंत्री वांग यी की जिम्मेदारी है कि वे दोनों शीर्ष नेताओं के बीच तय हुए एजेंड़ा को आगे बढ़ाएं। जाहिराना तौर पर अमेरिका और पश्चिमी देश भारत और चीन के बीच संवाद प्रक्रिया शुरू होने से खुश नहीं होंगे। आने वाले दिनों में उनका प्रयास होगा कि वे विभिन्न माध्यमों से इस संपर्क में गतिरोध पैदा करें। इसके लिए मीड़िया और थिंकटैंक के जरिए



अविश्वास का वातावरण बनाया जाएगा। भारत और चीन के बीच अविश्वास लंबे समय से जारी है। लेकिन दोनों देशों के नेताओं के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर ऐसी चुनौतियां दरपेश हैं कि वे एक दूसरे के प्रति विरोधी रवैया नहीं अपना सकते। दोनों देशों के आर्थिक हित भी जुड़े.हुए हैं। भारत और चीन की अर्थव्यवस्था एक दूसरे से कितनी जुड़ी हुई है, इसका संकेत चीन से भारत को होने वाले निर्यात से पता चलता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार वर्ष 2022 में चीन से भारत में निर्यात 120 अरब ड़ॉलर था। भारत का औषधि उद्योग चीन से आने वाले कच्चे माल पर निर्भर है। दूसरी ओर, भारत भी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। ऐसे में चीन ही नहीं दुनिया का कोई भी देश भारत की अनदेखी नहीं कर सकता। पिछले वर्ष गोवा में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में ही संकेत मिल गए थे कि भारत के प्रति चीन का रुख नरम पड़ रहा है। पूर्वी लद्दाख में चीन ने अपनी सेनाओं की वापसी और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति बहाल करने के बारे में जो फैसला किया है उससे स्पष्ट है कि सीमा क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए चीन ने अपनी मोहर लगाई है।

## चिंतन-मनन

# क्यों कहते हैं विष्णु भगवान को नारायण

भगवान विष्णु के हजारों नाम हैं। इनमें एक प्रमुख नाम है नारायण। फिल्मों, टीवी सीरियल या रामलीला में आपने देखा होगा कि नारद मुनि भगवान विष्णु को नारायण नाम से पुकारते हैं। इस नाम का धार्मिक रूप से बड़ा महत्व है। इस एक नाम में सृष्टि का संपूर्ण सार छिपा हुआ है। इसलिए शास्त्रों में अधिकांश स्थानों पर विष्णु भगवान को नारायण नाम से संबोधित किया गया है। हिन्दू धर्म में अठारह पुराणों का वर्णन मिलता है। इन अठारह पुराणों में विष्णु पुराण एक है। इस पुराण में सृष्टि की रचना का वर्णन किया गया है। इसी प्रम में बताया गया है किस प्रकार विष्णु भगवान ने वाराह रूप धारण करके पृथ्वी को रसातल यानी पाताल लोक से उठाकर जल के मध्य में स्थित किया। इसके बाद ब्रह्मा जी ने सत्व, रज और तम गुणों से असुर, देव, राक्षस, यक्ष, मनुष्य, सर्प एवं अन्य जीव-जन्तुओं की रचना की।

विष्णु पुराण में बताया गया है कि सृष्टि के समाप्ति के समय सब कुछ जल में समा जाता है और संपूर्ण ब्रह्माण्ड अंधकारमय हो जाता है। भगवान विष्णु चिर निद्रा में जल में शयन करते हैं। देवताओं का दिन आरंभ होने पर भगवान विष्णु फिर से सृष्टि की रचना करते हैं और ब्रह्मा एवं शिव की उत्पत्ति उन्हीं से होती है। भगवान विष्णु प्रथम नर रूप में व्यक्त होते हैं। इसलिए शाह्णाह में इन्हें आदिपुरूष कहा गया है। आदि पुरूष विष्णु का निवास यानी आयन नार यानी जल है इसलिए भगवान विष्णु को नारायण नाम से संबोधित किया जाता हैं।

# दोस्ती का वादा- आखिर क्या है चीन का इरादा...?


ओमप्रकाश मेहता



पिछले छः दशक से भी अधिक समय से जिसका धोखाधड़ी का इतिहास रहा हो, वह हमारा 'प्रिय' पड़ौसी चीन अब फिर एक बार स्वांग बदलकर हमारे सामने आ रहा है, उसका अब तक का इतिहास रहा है कि वह मुसीबत में होता है, तभी उसे अपने पड़ौसी भारत की याद आती है, आज भी जब वह पूरे विश्व में अलग-थलग पड़ गया है, विश्व के कई देशों ने उससे आर्थिक सहित सभी तरह के सम्बंध खत्म कर लिए तब उसे भारत की याद आई और क्रत्रिम मुस्कुराहट के साथ वह हमारे सामने आ गया और कई बार ठोंकर खाकर चोटिल हो चुके हमारे नेता फिर उसकी मुस्कुराहट पर फिदा होकर अपना सबसे अच्छा दोस्त मान रहे है, अब उन्हें यह कौन समझाए कि यह मुस्कुराहट भरी दोस्ती सिर्फ और सिर्फ अवसरवादी है, चीन की अपनी गरज पूरी होने के बाद फिर वह हमारे सामने 'रावण' के रूप में खड़ा नजर आएगा।

यहां सबसे अहम् बात हमारे बैचारे भोले नेताओं के समझने के लिए यह है कि भारत की आजादी के कुछ बरसों बाद से ही चीन हमारे लिए एक बड़ा 'सिरदर्द' बना हुआ है, वह भारत की लाखों एकड़ जमीन पर कब्जा करना चाहता है, प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी तक के लिए वह सीमावर्ती समस्याएं पैदा कर आंखें दिखाता रहा है, क्या यह सब इतिहास हमारे भोले-भाले नेताओं को पता नही है? जो आज उसकी क्रत्रिम मुस्कुराहट के दीवानें हो रहे है, क्या चीन कभी किसी का भी सगा हुआ है, जो आज होगा? ये सब भारत हितैषी महत्वपूर्ण तथ्य है, जो हमारे देश के हर भाग्यविधाता नेता को पता है, फिर भी हम उसकी मुस्कुराहट भरी मुद्रा के सामने अपने हाथ आगे बढ़ा रहे है, ऐसे समय तो हमें पूरी सतर्कता से सावधानी बरतनी चाहिए यह सही है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी विश्व शांति की मशाल थामकर इस अभियान के अगुवा बने हुए है, लेकिन उन्हें इस समय भावना में बहकर कोई कदम नही उठाना चाहिए, बल्कि कूटनीतिज्ञ सोच का परिचय देकर भारत के भविष्य के बारें में फैसला लेना चाहिए और इसके लिए अकेले चीन ही नही विश्व के अन्य वे देश जो भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे है, उन सब का पूर्व इतिहास ध्यान में रखकर कदम आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि हमने भावुक होकर भोलेपन में कोई कूटनीति कदम उठा लिया तो फिर हमें पछताना भी पड़ सकता है और इसके लिए यही समय एक दम सही है, जब चीन के साथ कई देश अपनी गरज के लिए हमसे सहयोग का हाथ मांग रहे है।

आज इसी कारण अकेले भारत के ही जागरूक नागरिकों की नहीं पूरे विश्व के भारत हितैषी देशों व वहां रह रहे भारतवंशियों की हम पर नजर है और उन्हें हमारी सरकार से उम्मीद है कि हम अपना विगत पूरी तरह ध्यान में रखकर देश व देशवासियों के हित में कोई महत्वपूर्ण दीर्घकालिक फैसला लेगें।

....तो आईयें हम मोदी जी से कामना करें कि वे हमारे पड़ौसी चीन जैसे अन्य पड़ौसी देशों की भी नब्ज टटोल कर भारत के दीर्घकालीन हित के बारे में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेगें, आज पूरे भारत को इसी का इंतजार है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स : कटौती नहीं कम खर्चीला हो आयोजन


मनोज चतुर्वेदी




ग्लास्गो में 2026 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की पदक जीतने की संभावनाओं को करारा झटका लगने का समाचार आजकल चर्चा में है। इसकी वजह विक्टोरिया के बढ़ते आयोजन खर्च की वजह से आयोजन से इंकार करने पर ग्लास्गो को आखिरी समय में आयोजन का भार सौंपा जाने पर उसका सीमित मात्रा में ही खेलों को आयोजित करने को तैयार होना है। अब सवाल है कि कॉमनवेल्थ गेम्स हों या ओलंपिक और एशियाई खेल, इनका स्वरूप हर आने वाले आयोजन के दौरान इतना बढ़ता जा रहा है कि देश इन आयाजनों से पीछे हटते जा रहे हैं। ग्लास्गो इन खेलों को आयोजित करने को राजी तो हुआ लेकिन उसने खेलों की संख्या सीमित करने के अलावा इन्हें चार स्टेड़ियमों में ही आयोजित करने का फैसला किया है। ऐसा करने से खेलों की सुरक्षा पर कम खर्च होगा। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के रहने के लिए खेल गांव जैसी कोई सुविधा विकसित करने की बजाय उन्हें होटलों में टिकाया जाएगा। इससे भी बड़ी बचत होगी।

विकटोरिया को 2023 में आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी पर उनके हटने से उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स फेड़रेशन को 38 करोड़.ड़ॉलर का हजार्ना देना होगा। फेड़रेशन ने अब तक ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति को 20 करोड़. डॉलर दिए हैं। इसलिए आयोजन समिति कम से कम खर्च में यह आयोजन करना चाहती है। पहले इन खेलों की तारीखों का टकराव फुटबॉल विश्व कप की तारीखों से हुआ था, इस कारण इसे 23 जुलाई से दो अगस्त तक कर दिया गया था। इन खेलों में हॉकी को शामिल नहीं करना खलने वाला शायद ही हो क्योंकि इसके तत्काल बाद विश्व कप हॉकी का नीदरलैंड़ और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक होना है। इस स्थिति में कोई भी मजबूत टीम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं भेजती। असल में बहुराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन इतना खचीर्ला होता जा रहा है कि भाग लेने वाले आधे से ज्यादा देशों की तो ऐसी आर्थिक हालत है कि वे भाग लेने में ही मुश्किल महसूस करते हैं तो आयोजन की जिम्मेदारी उठाने का तो सवाल ही कहां है। यह स्थिति अभी ओलंपिक और एशियाई खेलों के आयोजन में तो नहीं दिखी है। पर इन खेलों के आयोजक भी खर्चे कम करने के तरीका तलाशते तो रहते हैं।

खेल आयोजनों को आर्थिक समस्या से बचाने के कई तरीके हो सकते हैं। इनमें सबसे प्रमुख भाग लेने वाले खिलाड़ियों और अधिकारियों की संख्या में कमी लाना हो सकता है। पर इसका समाधान खेलों की संख्या में कमी करके किया जा सकता है। पर हम यदि खिलाड़ियों की संख्या को कम करते हैं तो इन खेलों के मूल मकसद से हटते दिखते हैं।

असल में कई देशों के खिलाड़ी पदक जीतने की बजाय भाग लेने के मकसद से ही इन खेलों में आते हैं। वैसे भी इस तरह के किसी भी खेल में आधे से कम देश ही पदक जीत पाते हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो खेलों की संख्या में कमी करना सही फैसला नहीं हो सकता है। ओलंपिक, एशियाई खेल और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे आयोजनों का बेहद खचीर्ला होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए इन खेलों को दो हिस्सों-इंड़ोर और आउटड़ोर-में बांटा जा सकता है। ऐसा करने से आयोजन खर्चों को दो में बांटा जा सकेगा और खेलों में भी किसी तरह की कटौती नहीं करनी पड़ेगी। इस स्थिति में ज्यादा आयोजक सामने आ सकते हैं। इस स्थिति में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को इनमें भाग नहीं ले पाने का मलाल भी नहीं रहेगा। असल में इन खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी अपने देश की प्रतिष्ठा ही नहीं बढ़ाते हैं बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति भी मजबूत करते हैं। इसकी वजह उन्हें देश के लिए पदक जीतने पर लाखों रुपये का इनाम मिलता है। ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स में नौ प्रमुख खेलों के हटाए जाने का नतीजा हम भारतीय आसानी से समझ सकते हैं। हम यदि बमृिघम हुए पिछले खेलों में भारत द्वारा जीते 61 पदकों में से हटाए गए खेलों के पदकों को कम करें तो पदक संख्या 24 ही रह जाती है।

इससे पहले बमृिघम खेलों में निशानेबाजी और तीरंदाजी को बाहर करके भारतीय संभावनाओं को पहले ही झटका दे दिया गया था। हम यदि 2026 में शामिल किए गए खेलों पर नजर ड़ालें तो सिर्फ एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, बाउल्स और वेटलिफ्टिंग ही ऐसे खेल नजर आते हैं, जिनमें भारत पदक जीतने की संभावनाएं रखता है। पिछ्ले खेलों में इन स्पधाओं में भारत ने आठ स्वर्ण सहित 27 पदक जीते थे। इसमें कोई दो राय नहीं कि कई प्रमुख खेलों को हटाने से भारत की पदक संभावनाओं को झटका लगना लाजिमी है। पर भारत के पास इस बात का मौका है कि वह एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, वेटफिफ्टिंग, तैराकी और साइक्लिंग की तैयारियों पर अगले दो साल पूरा जोर लगा सकता है। इस तरह वह यदि इन खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहंचता है तो इससे भारतीय खेलों को बहुत लाभ मिलेगा।

# गुलाब की खेती







## भूमिका

गुलाब अपनी उपयोगिताओं के कारण सभी पुष्पों में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। आमतौर पर गुलाब का पौधा ऊंचाई में 4-6फुट का होता है। तने में असमान कांटे लगे होते हैं। गुलाब की 5 पत्तियां मिली हुई होती है। बहुत मात्रा में मिलने वाला गुलाब का फूल गुलाबी रंग का होता है। गुलाब का फल अंडाकार होता है। इसका तना कांटेदार, पत्तियां बारी-बारी से घेरे में होती है। पत्तियों के किनारे दांतेदार होती है। फल मांसल बेरी की तरह होता है जिसे 'रोज हिप' कहते हैं। गुलाब का पुष्पवृन्त कोरिम्बोस, पेनीकुलेट या सोलिटरी होता है।

गुलाब एक भारतीय पुष्प है। पूरे भारत में गुलाब के पौधे पाए जाते हैं। गुलाब का वैज्ञानिक नाम रोजा हाइब्रिडा है। देशी गुलाब लाल रंग का होता है। परन्तु कलम करके कई रंगो के गुलाब उगाए जाते हैं। गुलाब एक ऐसा फूल है, जिसके बारे में सब जानते हैं। गुलाब का फूल दिखने में जितना अधिक सुन्दर होता है। उससे कहीं ज़्यादा उसमें औषधीय गुण होते हैं। यह सबसे पुराना सुगन्धित पुष्प है, जो मनुष्य के द्वारा उगाया जाता था। इसके विभिन्न प्रकार के सुन्दर फूल जो कि आर्कषक, आकृति, विभिन्न आकार, मन को लुभाने वाले रंगों और अपने विभिन्न उपयोगिताओं के कारण एक महत्त्वपूर्ण पुष्प माना जाता है।

गुलाब की उपज भूमि की उर्वरा शक्ति फसल की देखरेख एवं प्रजातियों पर निर्भर करती हैढ्ढ फूलों का गुण हैं खिलना, खिल कर महकना, सुगंध बिखेरना, सौंदर्य देना और अपने देखने वाले को शांति प्रदान करना। फूलों की इस खूबसूरत दुनिया में गुलाब का एक ख़ास स्थान है क्योंकि इसे सौंदर्य, सुगंध और खुशहाली का प्रतीक माना गया है। तभी तो इसे 'पुष्प सम्राट' की संज्ञा दी गयी है और 'गुले-आप', यानी फूलों की रौनक भी कहा गया है। इस की भीनीभीनी मनमोहक सुगंध, सुन्दरता, रंगों की विविध किस्मों के कारण हर प्रकृति प्रेमी इसे अपनाना चाहता है।

भारत में गुलाब हर जगह उगाया जाता है। बागबगीचों, खेतों, पार्कों, सरकारी व निजी इमारतों के अहातों में, यहाँ तक कि घरों की ग्रह-वाटिकाओं की क्यारियों और गमलों में भी गुलाब उगा कर उस का आनंद लिया जाता है। गुलाब पूरे उत्तर भारत में, खासकर राजस्थान में तथा बिहार और मध्य प्रदेश में जनवरी से अप्रैल तक खूब खिलता है। दक्षिण भारत में खासतौर पर बंगलौर में और महारास्ट्र और गुजरात में भी गुलाब की भरपूर खेती होती है।

गुलाब को घर पर गमले में खिड़की की मंजूषा में, रसोई बगीचे की क्यारी में, आँगन में उगाने के लिए पर्याप्त धूप का होना एक आवश्यक शर्त है। गुलाब को दिन में कम से कम छः से आठ घंटे की खुली धूप होना आवश्यक है। गुलाब के पौधों के लिए पर्याप्त जीवांशयुक्त मिट्टी अच्छी होती है। बहुत चिकनी मिट्टी इसके अनुकूल नहीं होती है। मिट्टी का जल निकास और वायुसंचार सुचारु होना चाहिए। भूमि में हल्की नमी बनी रहना चाहिए। गुलाब को विश्वभर में पसंद किया जाता है। इस पर व्यापक अनुसंधान एवं विकास कार्य किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुलाब प्रेमियों के संगठन हैं, जो नई किस्मों के विकास, परिचिन्हन, मानकीकरण आदि करते हैं। इसके अनुसार पौधों की बनावट, ऊँचाई, फूलों के आकार आदि के आधार पर इन्हें निम्न वर्गों में बाँटा गया है।

## गुलाब का व्यवसाय

गुलाब की खेती व्यावसायिक स्तर पर करके काफी लाभ कमाया जा सकता है। गुलाब की खेती बहुत पहले से पूरी दुनिया में की जाती हैढ्ढ इसकी खेती पूरे भारतवर्ष में व्यवसायिक रूप से की जाती हैढ्ढ गुलाब के फूल डाली सहित या कट फ्लावर तथा पंखुड़ी फ्लावर दोनों तरह के बाजार में व्यापारिक रूप से पाये जाते हैढ्ढ गलाब की खेती देश व विदेश निर्यात करने के लिए दोनों ही रूप में बहुत महत्वपूर्ण हैढ्ढ गुलाब को कट फ्लावर, गुलाब जल, गुलाब तेल, गुलकंद आदि के लिए उगाया जाता हैढ्ढ गुलाब की खेती मुख्यतः कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्रा, बिहार, पश्चिम बंगाल ,गुजरात, हरियाणा, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, आंध्रा प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में अधिक की जाती हैढ्ढ

फूल के हाट में गुलाब के गजरे खूब बिकते हैं। गुलाब की पंखुडियों और शक्कर से गुलकन्द बनाया जाता है। गुलाब जल और गुलाब इत्र के कुटीर उद्योग चलते है। उत्तर प्रदेश में कन्नौज, जौनपुर आदि में गुलाब के उत्पाद की उद्योगशाला चलती है। दक्षिण भारत में भी गुलाब के उत्पाद के उद्योग चलते हैं। दक्षिण भारत में गुलाब फूलों का खूब व्यापार होता है। मन्दिरों, मण्डपों, समारोहों, पूजा-स्थलों आदि स्थानों में गुलाब फूलों की भारी खपत होती है। यह अर्थिक लाभ का साधन है। वहाँ हजारों ग्रामीण युवा फूलों को अपनी आय का माध्यम बना लेते हैं।

## गुलाब की किस्में

भारत में उगाई जाने वाली गुलाब की परम्परागत किस्में हैं, जो देश के अलगअलग इलाकों में उगाई जाते हैं, विदेशों से भी



अलगअलग किस्में मांगा कर उन का 'संकरण' (2 किस्मों के बीच क्रास) कर के अनेक नई व उन्नत किस्में तैयार की गयी हैं, जो अब अपने देश में बहुत लोकप्रिय हैं।

गुलाब की विदेशी किस्में जर्मनी, जापान, फ्रास, इंग्लैण्ड, अमेरिका, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया से मंगाई गयी हैं। भारतीय गुलाब विशेषज्ञों ने देशी किस्मों में भी नयी विकसित 'संकर' (हाईब्रिड) किस्में जोड़ कर गुलाब की किस्मों की संख्या में वृद्धि की है। इस दिशा में दिल्ली स्थित भारती कृषि अनुसंधान संस्थान का अनुसंधान कार्य ख़ास उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में भारतीय बागबानी अनुसंधान संसथान, बंगलौर ने भी किस्मों के विकास और वृद्धि में भरपूर कार्य किया है। मात्र शौक और सजावट के लिये गुलाब का पौधा जब गमले में उगाया जाए तो किस्मों का चुनाव भी उसी के अनुसार किया जाना चाहिए। व्यावसायिक स्तर पर गुलाब की खेती करनी हो तो वैसी ही किस्मों का चयन करें। इस बारे में प्राय~ सभी बड़ी नर्सरियों में पूरी जानकारी मिल सकती है। दिल्ली में हों तो भारतीय कृषि अनुसंधान पूसा के पुष्प विज्ञान विभाग से उचित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

वैसे तो विश्व भर में गुलाब की किस्मों की संख्या लगभग 20 हजार से अधिक है, जिन्हें विशेषज्ञों ने विभिन्न वर्गों में बांटा है लेकिन तक्नीकी तौर पर गुलाब के 5 मुख्य वर्ग हैं, जिन का फूलों के रंग, आकार, सुगंध और प्रयोग के अनुसार विभाजन किया गया है, जो इस प्रकार है~ हाईब्रिड टीज, फ्लोरीबंडा, पोलिएन्था वर्ग, लता वर्ग और मिनिएचर वर्ग।

## हाईब्रिड टीज वर्ग

यह बड़े आकार के गुलाबों का एक महत्वपूर्ण वर्ग है, जिस में टहनी के ऊपर या सिरे पर एक ही फूल खिलता है, इस वर्ग की अधिकतर किस्में यूरोप और छीन के 'टी' गुलाबों के 'संकर' (क्रास) से तैयार की गयी है, इस वर्ग की भारतीय किस्में हैं ~ डा.होमी भाभा, चितवन, भीम, चित्रलेखा, चंद्बंदीकली, गुलजार, मिलिंद, मृणालिनी, रक्त्गंधा, सोमा, सुरभी, नूरजहाँ, मदहोश, डा. बैंजमन पाल आदि।

हाइब्रिड टी (एचटी),इस वर्ग के पौधे बड़े, ऊँचे व तेजी से बढ़ने वाले होते हैं। इस वर्ग की प्रमुख किस्में अर्जुन, जवाहर, रजनी, रक्तगंधा, सिद्धार्थ, सुकन्या आदि हैं। इनके पुष्प शाखा के सिरे पर बड़े आकर्षक लगते हैं। एक शाखा के सिरे पर एक ही फूल आता है।

## फ्लोरीबंडा वर्ग

यह हाईब्रिड टीज और पोलिएन्था गुलाबों के संकर (मिलन) से विकसित किये गए गुलाबों का वर्ग है। इस के फूल उपेक्षाकृत छोटे किन्तु गुच्छों में खिलतें हैं और आकार व वजन में बढ़िया होते हैं। इस वर्ग के फूल गृहवाटिका की क्यारियों और गमलों में ज्यादा देखने को मिलते हैं। इस किस्म की विशेषता है कि इन के पौधे कम जगह में ही उगा कर पर्याप्त

फ्लोरीबंडा, इसके पौधे मध्यम लंबाई वाले होते हैं, इनमें फूल भी मध्यम आकार के और कई फूल एक साथ एक ही शाखा पर लगते हैं। इनके फूलों में पंखुड़ियों की संख्या हाइब्रिड टी के फूलों की अपेक्षा कम होती हैं। इस वर्ग की प्रमुख किस्में बंजारन, आम्रपाली, ज्वाला, रांगोली, सुषमा आदि हैं।

## ग्रेन्डीफ्लोरा

यह उपरोक्त दोनों किस्मों के संयोग से तैयार किया गया है। गुलदानों में इस वर्ग के फूलों को अधिक पसंद किया जाता है। बड़े स्तर पर खेती के लिए इस वर्ग का अधिक उपयोग किया जाता है। गोल्ड स्पॉट, मांटेजुआ, क्वीन एलिजाबेथ इस वर्ग की प्रचलित किस्में हैं।

## पॉलिएन्था

इस वर्ग के पौधों को घरेलू बगीचों व गमलों में लगाने के लिए पसंद किया जाता है। क्योंकि इनमें मध्यम आकार के फूल अधिक संख्या में साल में अधिक समय तक आते रहते हैं। इस वर्ग की प्रमुख किस्में स्वाति, इको, अंजनी आदि हैं।

## मिनिएचर वर्ग

इस के पौधे, पट्टियां और फूल सभी छोटे होते हैं। पौधे कलामों द्वार उगे जाते हैं। यह गमलों, पतियों आदि में उगाने की उपयुक्त किस्म है। गृहवाटिका की क्यारियों के चारों ओर बार्डर लगाने के लिये भी उपयुक्त है। गुलाब के फूल खिलने का मौसम (अक्टूबर से मार्च) में इस किस्म के गुलाब खूब खिलते हैं। विभिन्न रंगों लगते हैं। इन्हें बड़े शहरों में बंगलों, फ्लैटों आदि में छोटे गमलों में लगाया जाना उपयुक्त रहता है, परंतु धूप की आवश्यकता अन्य गुलाबों के समान छः से आठ घंटे आवश्यक है। इस वर्ग की प्रमुख किस्में ड्वार्फ किंग, बेबी डार्लिंग, क्रीकी, रोज मेरिन, सिल्वर टिप्स आदि हैं।

## लता वर्ग (क्लैम्बिंग एंड रैंबलिंग रोज)

इस वर्ग के गुलाब के पौधे लताओं के रोप में बढ़ते हैं और पैराबोला पर या दीवार का सहारा पा कर बढ़ते हैं। ये साल में केवल एक बार खिलते हैं।

ये गुलाब की बेल (लता) वाली किस्में हैं। इन्हें मेहराब या अन्य किसी सहारे के साथ चढ़ाया जा सकता है। इनमें फूल एक से तीन (क्लाइंबर) व गुच्छों (रेम्बलर) में लगते हैं। इस की मुख्य किस्में है सदाबहार, समर स्नो, डा.होमी भाभा, मार्शल नील, दिल्ली वाईट पर्ल आदि।

क्लाइंबर वर्ग की प्रचलित किस्में गोल्डन शावर, कॉकटेल, रायल गोल्ड और रेम्बलर वर्ग की एलवटाइन, एक्सेलसा, डोराथी पार्किंस आदि हैं।

गुलाब में जितने रंगों के फूल देखने को मिलते हैं उतने शायद किसी दूसरे फूल में नहीं। यदि सफ़ेद गुलाब हैं तो पीले, लाल, नारंगीलाल, रक्त्लाल, गुलाबी लेवेंडर रंग के दोरंगे, तीरंगे और यहाँ तक कि अब तो नीले और काले रंग के गुलाब भी पाए जाते है।

## गुलाब की खेती के लिए जलवायु और भूमि

गुलाब की खेती उत्तर एवं दक्षिण भारत के मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जाड़े के दिनों में की जाती हैढ्ढ दिन का तापमान 25 से 30 डिग्री सेंटीग्रेट तथा रात का तापमान 12 से 14 डिग्री सेंटीग्रेट उत्तम माना जाता हैढ्ढ गुलाब की खेती हेतु दोमट मिट्टी तथा अधिक कार्बनिक पदार्थ वाली होनी चाहिएढ्ढ जिसका पी.एच. मान 5.3 से 6.5 तक उपयुक्त माना जाता है।

## गुलाब की उन्नतशील प्रजातियां

गुलाब की लगभग 6 प्रकार की प्रजातियां पाई जाती है प्रथम संकर प्रजातियां जिसमे कि क्रिमसन ग्लोरी, मिस्टर लिंकन, लवजान, अफकैनेडी, जवाहर, प्रसिडेंट, राधाकृषणन, फर्स्ट लव , पूजा, सोनिया, गंगा, टाटा सैंटानरी, आर्किड, सुपर स्टार, अमेरिकन हेरिटेज आदि हैढ्ढ दूसरे प्रकार कि पॉलीएन्था इसमे अंजनी, रश्मी, नर्तकी, प्रीत एवं स्वाती आदिढ्ढ तीसरे प्रकार कि फ लो री ब ण्डा जैसी कि बंजारन, देहली प्रिंसेज, डिम्पल, चन्द्रमा, सदाबहार, सोनोरा, नीलाम्बरी, करिश्मा सूर्यकिरण आदिढ्ढ चौथे प्रकार कि गैंडीफलोरा इसमे क्वींस, मांटेजुमा आदिढ्ढ पांचवे प्रकार कि मिनीपेचर ब्यूटी क्रिकेट, रेड फ्लस, पुसकला, बेबीगोल्ड स्टार, सिल्वर टिप्स आदि और अंत में छठवे प्रकार कि लता गुलाब इसमे काक्लेट, ब्लैक बॉय, लैंड मार्क, पिंक मेराडोन, मेरीकलनील आदि पाई जाती है।

## गुलाब के खेतों की तैयारी

सुंदरता की दृष्टि से औपचारिक लेआउट करके खेत को क्यारियों में बाँट लेते है क्यारियों की लम्बाई चौड़ाई 5 मीटर लम्बी 2 मीटर चौड़ी रखते हैढ्ढ दो क्यारियों के बीच में आधा मीटर स्थान छोड़ना चाहिएढ्ढ क्यारियों को अप्रैल मई में एक मीटर की गुड़ाई एक मीटर की गहराई तक खोदे और 15 से 20 दिन तक खुला छोड़ देना चाहिएढ्ढ क्यारियों में 30 सेंटीमीटर तक सूखी पत्तियो को डालकर खोदी गयी मिट्टी से क्यारियों को बंद कर देना चाहिए साथ ही गोबर की सड़ी खाद एक महीने पहले क्यारी में डालना चाहिए इसके बाद क्यारियों को पानी से भर देना चाहिए साथ ही दीमक के बचाव के लिए फ़ालीडाल पाउडर या कार्बोफ्यूरान 3 जी. का प्रयोग करेढ्ढ लगभग 10 से 15 दिन बाद ओठ आने पर इन्ही क्यारियों में कतार बनाते हुए पौधे व् लाइन से लाइन की दूरी 30 गुने 60 सेंटीमीटर रखी जाती हैढ्ढ इस दूरी पर पौधे लगाने पर फूलों की डंडी लम्बी व् कटाई करने में आसानी रहती है।

## गुलाब की खेती में खाद और उर्वरकों की आवश्यकता

उत्तम कोटि के फूलों की पैदावार लेने के हेतु प्रूनिंग के बाद प्रति पौधा 10 किलोग्राम गोबर की सड़ी खाद मिट्टी में मिलाकर सिंचाई करनी चाहिएढ्ढ खाद देने के एक सप्ताह बाद जब नई कोपल फूटने लगे तो 200 ग्राम नीम की खली 100 ग्राम हड्डी का चूरा तथा रासायनिक खाद का मिश्रण 50 ग्राम प्रति पौधा देना चाहिएढ्ढ मिश्रण का अनुपात एक अनुपात दो अनुपात एक मतलब यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश का होना चाहिए।

## गुलाब की देखभाल

गुलाब के लिए सिंचाई का प्रबंधन उत्तम होना चाहिएढ्ढ आवश्यकतानुसार गर्मी में 5 से 7 दिनों के बाद तथा सर्दी में 10 से 12 दिनों के बाद सिंचाई करते रहना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मैदानी भागो में कटाई-छटाई हेतु अक्टूबर का दूसरा सप्ताह सर्वोत्तम होता है लेकिन उस समय वर्षा नहीं होनी चाहिएढ्ढ पौधे में तीन से पांच मुख्य टहनियों को 30 से 40 सेंटीमीटर रखकर कटाई की जाती हैढ्ढ यह ध्यान रखना चाहिए कि जहाँ आँख हो वहाँ से 5 सेंटीमीटर ऊपर से कटाई करनी चाहिएढ्ढ कटे हुए भाग को कवकनाशी दवाओ से जैसे कि कापर आक्सीक्लोराइड, कार्बेन्डाजिम, ब्रोडोमिश्रण या चौबटिया पेस्ट का लेप लगना आवश्यक होता हैढ्ढ

गमलों के लिये मिट्टी का मिश्रण कुछ इस तरह से रखें। 2 भाग खेत की मिटटी, एक भाग खूब सड़ी गोबर की खाद, एक भाग में सूखी हरी पत्ते की खाद (लीफ मॉल्ड) और लकड़ी का बुरादा मिला लें। सम्भव हो तो कुछ मात्रा में हड्डी का चुरा भी मिला लें। इस से पौधों और जड़ों का अच्छा विकास होता है।

याद रहे कि गमलों में पौधों का रखरखाव वैसा ही हो, जैसी कि क्यारियों में होता है, उन की उचित निराईगुडाई में होता है। मसलन, पौधों को पूरी खुराक मिले, उन की उचित निराईगुडाई और सिंचाई हो, कीट व्याधियों से बचाव हो, गमलों के पौधों को मौसम के अनुसार समय-समय पर पानी दिया जाए और उन की कटाईछंटाई भी की जाए। सप्ताह में एक बार गमलों की दिशा भी अवश्य बदलें और उन के तले से पानी निकलने का चित्र भी उचित रूप से खुला रखें। गुलाब में माहू, दीमक एवं सल्क कीट लगते हैढ्ढ माहू तथा सल्क कीट के दिखाई देने पर तुरंत डाई मिथोएट 1.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में या मोनोक्रोटोफास 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर 2 -3 छिड़काव करना चाहिएढ्ढ दीमक के नियंत्रण हेतु सिंचाई करनी चाहिए तथा फोरेट 10 जी. 3 से 4 ग्राम या फ़ालीडाल 2त्न धुल 10 से 15 ग्राम प्रति पौधा गुड़ाई करके भूमि में अच्छी तरह मिला देना चाहिए।

## गुलाब के फूलों की कटाई

सफ़ेद, लाल, गुलाबी रंग के फूलों की अध् खुली पंखुड़ियों में जब ऊपर की पंखुड़ी नीचे की ओर मुड़ना शुरू हो जायें तब फूल काटना चाहिएढ्ढ फूलों को काटते समय एक या दो पत्तियां टहनी पर छोड़ देना चाहिए जिससे पौधों की वहाँ से बढ़वार होने में कोइ परेशानी न हो सकेढ्ढ फूलों की कटाई करते समय किसी बर्तन में पानी साथ में रखना चाहिए जिससे फूलों को काटकर पानी तुरंत रखा जा सकेढ्ढ बर्तन में पानी कम से कम 10 सेंटीमीटर गहरा अवश्य होना चाहिए जिससे फूलों की डंडी पानी में डूबी रहे पानी में प्रिजर्वेटिव भी मिलाते हैढ्ढ फूलों को कम से कम 3 घंटे पानी में रखने के बाद ग्रेडिंग के लिए निकालना चाहिएढ्ढ यदि ग्रेडिंग देर से करनी हो तो फूलों को 1 से 3 डिग्रीसेंटीग्रेट तापक्रम पर कोल्ड स्टोरेज रखना चाहिए जिससे कि फूलों की गुणवत्ता अच्छी रह सके

गुलाब के पौधे गृहवाटिका में मिटटी के गमलों में आसानी से उगे जा सकते हैं, जो कम से कम 30 सेंटीमीटर घेरे के और उतने ही गहरे हों। मिनिएचर गुलाब के लिये 20 से 25 सेंटीमीटर आकार के गमले पर्याप्त हैं। गमलों को स्वच्छ वातावरण में रखा जाए। जैसे ही नयी कोपलें और शाखाएं अंकुरित होने लगें, उन्हें ही सूरज की रोशनी में रखें। दिन भर इन्हें 4-5 घंटे धूप अवश्य मिलनी चाहिए। हाँ, गरमी की कड़कती धूप में 1-2 घंटे ही पर्याप्त हैं।

जब जहाँ भी चारों ओर गुलाब खिलता है तो सब ओर इस की सुरभि व्याप्त हो जाती है। फरवरी-मार्च में गुलाब अपने पूर्ण यौवन और बहार पर होता है। आओ, इसे अपनी गृहवाटिका में उगायें और इस के सौंदर्य और महक का आनंद लें।

## गुलाब की खेती के लिए आवश्यक सावधानियां

बरसात के मौसम में गमलों और क्यारियों में बहुत देर तक पानी भरा न रहने दें।

हर साल, पौधों की छंटाई कर, गमले के ऊपर की 2-3 इंच मिट्टी निकाल कर उस में उतनी ही गोबर की सड़ी खाद भर दें।

हर 2-3 साल के बाद सम्पूर्ण पौधे को मिट्टी सहित नए गमले में ट्रांसफर कर दें। चाहें तो गमले की मिट्टी बदल कर ताजा मिश्रण भरें।

यह प्रक्रिया सितम्बर-अक्टूबर में करें।

## गुलाब की खेती करने के लिए पौध तैयार करना



आमतौर पर जुलाई-अगस्त में मानसून आते ही गुलाब लगाया जाता है। सितम्बर-अक्टूबर में तो यह भरपूर उगाया जाता है। गुलाब लगाने की सम्पूर्ण विधि और प्रक्रिया अपनाई जाए तो यह फूल मार्च तक अपने सौंदर्य, सुगंध और रंगों से न केवल हमें सम्मोहित करता है बल्कि लाभ भी देता है। जंगली गुलाब के ऊपर टी बडिंग द्वारा इसकी पौध तैयार होती हैढ्ढ जंगली गुलाब की कलम जून-जुलाई में क्यारियों में लगभग 15 सेंटीमीटर की दूरी पर लगा दी जाती हैढ्ढ नवम्बर से दिसंबर तक इन कलम में टहनियां निकल आती है इन पर से कांटे चाकू से अलग कर दिए जाते हैढ्ढ जनवरी में अच्छे किस्म के गुलाब से टहनी लेकर टी आकार कालिका निकालकर कर जंगली गुलाब की ऊपर टी में लगाकर पालीथीन से कसकर बाँध देते हैढ्ढ ज्यो-ज्यो तापमान बढता है तभी इनमे टहनी निकल आती हैढ्ढ जुलाई अगस्त में रोपाई के लिए पौध तैयार हो जाती है। पौधशाला से सावधानीपूर्वक पौध खोदकर सितम्बर-अक्टूबर तक उत्तर भारत में पौध की रोपाई करनी चाहिएढ्ढ रोपाई करते समय ध्यान दे कि पिंडी से घास फूस हटाकर भूमि की सतह से 15 सेंटीमीटर की ऊंचाई पर पौधों की रोपाई करनी चाहिएढ्ढ पौध लगाने के बाद तुरंत सिंचाई कर देना चाहिए।



# महाराष्ट्र में ऐसा फंसा पेच कि खुद अमित शाह खुद कर रहे हैं डील

**– पांच 5 सीटों के लिए शिंदे, फडणवीस और पवार आए दिल्ली**



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के बीच सीट शेयरिंग को लेकर शुरुआती समझौता हो चुका है। अब तक तीनों दलों ने 255 सीटें आपस में बांट ली हैं और सबके खाते में 85-85 सीटें आई हैं। लेकिन अब तक भाजपा की लीडरशिप वाले महायुति ने किसी औपचारिक समझौते का ऐलान नहीं किया है। इस बीच होम मिनिस्टर अमित शाह खुद इस मामले को डील कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र भाजपा के बड़े नेताओं को दिल्ली बुलाकर सीटों पर मंथन किया था। सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ अमित शाह ने कुल 25 सीटों को लेकर मंथन किया। खासतौर पर 5 सीटों को लेकर तीनों दलों के बीच खींचतान देखी जा रही है और कोई भी दावेदारी से पीछे हटता नहीं दिख रहा है। ऐसी स्थिति में अमित शाह खुद ही अजित पवार और एकनाथ शिंदे को समझौते के लिए राजी करने में जुटे हैं। शिवसेना और भाजपा के बीच पालघर, बोईसर और वसई सीट को लेकर खींचतान है। इसी तरह नालासोपारा सीट भी ऐसी है, जहां से दोनों दल लड़ना चाहते हैं। अजित पवार की एनसीपी और भाजपा के बीच वडगांव शहरी, अश्ती और तसगांव सीट पर भी खींचतान है। ऐसी कम से कम 5 सीटें हैं, जिन पर तीनों दल दावा नहीं छोड़ रहे। इसके अलावा कुछ उम्मीदवारों को लेकर भी तीनों दलों के बीच मतभेद हैं। भाजपा ने एनसीपी विधायक नवाब मलिक को टिकट देने का विरोध किया है। भाजपा का कहना था कि नवाब मलिक को टिकट नहीं मिलना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ ईडी ने केस दर्ज किया था और वह जेल भी गए थे। उन पर दाऊद इब्राहिम से लिंक होने का आरोप है। यही नहीं भाजपा के विरोध के बाद अजित पवार पीछे भी हट गए और नवाब मलिक को टिकट नहीं दिया गया। हालांकि भाजपा के विरोध के बीच अजित पवार ने एक नया रास्ता निकाला। नवाब मलिक की बेटी सना को अणुशक्ति नगर विधानसभा से टिकट दे दिया गया। महायुति के लिए एक चिंता की बात यह है कि छगन भुजबल के बेटे समीर ने शिवसेना विधायक सुहास कांडे के खिलाफ नांदगांव से लड़ने का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी भी कई रैलियां करने वाले हैं। वह 7 से 14 नवंबर के दौरान सक्रिय रहेंगे। वह भाजपा के अलावा एनसीपी और शिवसेना के उम्मीदवारों के लिए भी वोट मांगेंगे। वहीं अमित शाह ने महाराष्ट्र भाजपा से कहा है कि बागियों को बिठा दें क्योंकि उनके जरिए बड़े नुकसान का डर रहेगा।

## फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को फिर सुनाई खरी-खरी, अपने मुल्क की हालात सुधरे



श्रीनगर । नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुलमर्ग में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा है और पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच दोस्ती का रास्ता ढूंढना जरूरी है, ताकि कश्मीर में शांति बहाल हो सके। गुरुवार को आतंकी हमले में दो सैनिक और दो कुली शहीद हो गए थे। अब्दुल्ला ने मारे गए जवानों और कुलियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि निर्दोष लोगों का मारा जाना बहुत दुखद है। फारूक ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को सलाह दी कि कश्मीर में हिंसा फैलाने के बजाय वह अपने हालात सुधारने की कोशिश करे। उन्होंने कहा कि लगातार घुसपैठ और आतंकवाद की घटनाओं से पाकिस्तान खुद बर्बाद हो रहा है और कश्मीर का भविष्य खराब कर रही है। साथ ही उन्होंने भारत सरकार से भी अपील की कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने पर विचार किया जाए ताकि लोगों की भलाई के लिए काम हो सके।

## लॉरेंस बिश्नोई असली गांधीवादी हैं, वह भाईचारे का कर रहा प्रतिनिधित्व

**–साध्वी प्राची का विवादित बयान : लॉरेंस बिश्नोई को बताया मासूम बच्चा**

मुजफ्फरनगर। महाराष्ट्र के एनसीपी के कद्दावर नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के प्रति हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने एक अजीबोगरीब बयान दिय है। साध्वी प्राची ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई, जिसे उन्होंने मासूम बच्चा कहा है असली गांधीवादी है और भाईचारे का सही प्रतिनिधित्व कर रहा है। मीडिया से बातचीत में साध्वी प्राची ने कहा कि वह किसी अपराधी का समर्थन नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज प्रकृति और जीवों की पूजा करता है। गांधीजी भी जीवों के समर्थन में थे और लॉरेंस बिश्नोई भी प्रकृति और जीवों से प्रेम करता है। यही वजह है कि वह सलमान खान के खिलाफ बोल रहा है। साध्वी प्राची ने 19 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के प्रदर्शन पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरनगर को दहलाने की साजिश रची जा रही है और कहा कि 19 अक्टूबर को भी यही साजिश की गई थी।

## कर्नाटक में 101 दोषियों को उम्रकैद

कोप्पल । कर्नाटक की कोप्पल जिला अदालत ने गुरुवार को एक साथ 101 दोषियों को उम्रकैद का फैसला सुनाया। यह सामूहिक सजा देश में जाति से जुड़े किसी भी मामले में सबसे ज्यादा है। इन सभी को 28 अगस्त 2014 को गंगावती तालुक के मरकुंबी गांव में जाति आधारित हिंसा के लिए दोषी ठहराया गया था। हिंसा के दौरान 117 लोगों ने दलितों की झोपडियों में आग लगा दी थी। हालांकि 10 साल चली सुनवाई के दौरान 16 दोषियों की मौत हो गई। जस्टिस चंद्रशेखर सी ने इन पर 2000 से 5000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, कोप्पल में दलितों को नाई की दुकानों और खाने-पीने की दुकानों में जाने से रोक दिया गया था। इससे पहले दो जाति के गुटों में झड़प हुई। बाद में यह हिंसक हो गई।

## रद्दी बेचकर 3 साल में 1162 करोड रुपए कमाए केंद्र सरकार ने

नई दिल्ली । स्वच्छता अभियान के तहत सरकारी कार्यालय में पड़ी रद्दी को बेचकर सरकार कमाई करती है। दूसरी ओर रद्दी के कारण कार्यालय की जो जगह उपयोग में नहीं आती है।उसे उपयोग के लिए तैयार किया जाता है। पिछले 3 साल में केंद्र सरकार के कार्यालयों ने रद्दी बेचकर 98 लाख वर्ग फुट कार्यालय के स्पेस खाली किया गया। वही 2021 से लेकर 2023 के बीच में 1162 करोड रुपए की रद्दी से केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालय को कमाई भी हुई है। इस साल केंद्र सरकार ने दिवाली के मौके पर स्वच्छता अभियान चलाकर 100 करोड रुपए की रद्दी बेची है।दीपावली तक यह अभियान सघनता के साथ चलाया जाएगा। सरकारी कार्यालय में साफ सफाई और सुंदरता बनाए रखने के लिए यह अभियान पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा है।

## एक्स प्रोफाइल पर लगाया दाऊद इब्राहिम का फोटो, युवक के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली। एक व्यक्ति के खिलाफ सोशल मीडिया पर दाऊद इब्राहिम का फोटो लगाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस के उपनिरीक्षक की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस थाना के प्रभारी अमित भड़ाना ने बताया कि जब उपनिरीक्षक राहुल प्रताप सिंह गशत पर थे तो उन्हें जानकारी मिली कि सेक्टर-9 के निवासी जुनैद उर्फ रिहान ने 'एक्स' पर अपने खाते पर दाऊद इब्राहिम की फोटो लगाई है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने विरोध दर्ज कराया। भड़ाना ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सौहार्द बिगाड़ने के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## झारखंड में नक्सलियों एवं सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़, तलाशी अभियान शुरु

पलामू। झारखंड के पलामू जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच गुरुवार रात मुठभेड़ हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाकर्मियों ने छतरपुर थाना क्षेत्र में तरवाडीह के निकट जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाकर्मियों को आते देख प्रतिबंधित टीएसपीसी के नक्सलियों ने उन पर गोलियां चलाना शुरु कर दी, जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ करीब आधे घंटे तक चली, जिसके बाद नक्सली घने जंगल में भाग गए। इस मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान जारी है। एसपी ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के प्रभावित इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है।

## लॉरेंस के भाई पर 10 लाख का इनाम

जालंधर। गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 10 लाख रुपए का इनाम रखा है। एजेंसी ने अनमोल पर 2022 में दर्ज 2 मामलों में चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में अनमोल का नाम भी शामिल है। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी अनमोल ने ली थी। इसके साथ पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दिकी की हत्या मामले में भी उसका नाम सामने आया है। मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक 3 संदिग्ध शूटरों ने मर्डर से पहले लॉरेंस के छोटे भाई अनमोल से बात की थी।

## चक्रवाती तूफान 'दाना' के बीच गूंजी किलकारियां, 1600 बच्चों का हुआ जन्म

**– गर्भवती महिलाओं को राहत केंद्रों पर बने अस्थायी अस्पतालों में किया था शिफ्ट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। ओडिशा में भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के तटीय क्षेत्र से टकराया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक दाना का असर शुक्रवार सुबह तक इसके जारी रहने की संभावना है। इससे पहले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वहीं, प्रदेश की 4431 गर्भवती महिलाओं को अलग-अलग राहत केंद्रों पर बने अस्थायी अस्पतालों में ले जाया गया। उनमें से 1600 से ज्यादा महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया। चक्रवात दाना के ओडिशा तट से टकराने के बाद कई क्षेत्रों में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। तूफान ने केंद्रपाड़ा जिले के भितरकनिका और भद्रक के धामरा के बीच करीब 110 किमी प्रति घंटे की हवा की गति से दस्तक दी है। ओडिशा सरकार ने बताया कि कुल 5,84,888 व्यक्तियों को 6,008 आश्रयों में सुरक्षित पहुंचाया गया है। इसके अलावा सहायता के लिए 292 चिकित्सा दल और 155 पशु चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं।

ओडिशा के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में जिन 4431 गर्भवती माताओं को एहतियात के तौर पर प्रसूति गृहों और स्वास्थ्य सुविधाओं में लाया गया था उनमें से करीब 1600 महिलाओं ने अपने नवजात शिशुओं को जन्म दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार चक्रवात दाना के प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और बताया कि सीएम मोहन चरण माझी ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर बातचीत की।

# दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को पंजाब और आस-पास के राज्यों समेत देश भर के कई इलाकों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सात शूटरों को गिरफ्तार किया। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात के साबरमती की जेल में बंद है। वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। एडिशनल सीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुमार कुशवाह ने बताया कि स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सात शूटरों को गिरफ्तार किया है। पहली गिरफ्तारी 23 अक्टूबर को दिल्ली से हुई थी, रितेश की गिरफ्तारी हुई थी। राजस्थान से सुखाराम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया था। पंजाब के अबोहर और सिरसा से भी गिरफ्तारियां हुई हैं।

एडिशनल सीपी स्पेशल सेल ने आगे बताया कि वे राजस्थान में सुनील पहलवान नामक व्यक्ति की हत्या की योजना बना रहे थे। उन्होंने दो बार रेकी भी की। उनके पास से एक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी बरामद की गई है। उन्हें आरजे बिश्नोई से सीधे निर्देश मिल रहे थे, जो स्वतंत्र रूप से



काम कर रहे हैं, लेकिन वे अतीत में लॉरेंस सिंडिकेट का हिस्सा रहे हैं। लक्ष्य के मामा राजनीतिक पृष्ठभूमि से हैं और उनका व्यवसाय भी है। इसका अभी तक बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है।

इससे पहले दिन में एनआईए ने लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। अनमोल पिछले अप्रैल में मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता के लिए एनआईए की जांच के घेरे में है और उसे एजेंसी की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया गया है। अनमोल द्वारा गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी लेने के बाद अप्रैल में उसके लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। लारेंस बिश्नोई, गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का एक बेहतरीन उदाहरण है। खतरनाक गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का हिस्सा बिश्नोई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कई हाई-प्रोफाइल मामलों में नामजद किया है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से उसके कथित संबंध और पाकिस्तान से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में संलिप्तता शामिल है। 31 वर्षीय जेल में बंद गैंगस्टर पिछले हफ़्ते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की हाई-प्रोफाइल हत्या का मामला है, जिसमें वह मुख्य संदिग्ध है। सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# बाबा सिद्दीकी के बेटे ने घड़ी पहनी तो अजित पवार दे दिया टिकट का तोहफा

**मुंबई (एजेंसी)**।वक्त बताने वाली घड़ी का वक्त महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भांप लिया है। उन्होंने वक्त की नजाकत को देखते हुए दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। जैसे ही जीशान ने घड़ी पहनी तो उन्हे बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव का टिकट का तोहफा दे दिया। हालांकि जीशान वर्तमान में बांद्रा पूर्व सीट से कांग्रेस के विधायक हैं और इस बार के चुनाव में एनसीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने बांद्रा पूर्व से वरुण देसाई को टिकट दिया है। इसके अलावा इसके अलावा इस्लामपुर से निशिकांत पाटिल, तासगांव-कवठे महाकाल से संजयकाका रामचंद्र पाटिल, अणुशक्ती नगर से सना मलिक, वडगाव शेरी से सुनील टिंगरे, शिरुर से ज्ञानेश्वर (माउली) कटके और लोहा से प्रताप पाटिल को टिकट दिया गया है।



**बाबा सिद्दीकी के बेटे हैं जीशान**

बता दें कि जीशान दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे हैं। वह मुंबई युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और बांद्रा पूर्व विधानसभा सीट से विधायक हैं। उनके पिता बाबा सिद्दीकी की दशहरा की रात मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। क्राइम ब्रांच ने बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो शूटर और हथियार सप्लायर भी शामिल हैं।

**महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होगा चुनाव**

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। पिछले चुनाव में बीजेपी को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं। हालांकि, चुनाव के बाद शिवसेना एनडीए से अलग हो गई और उसने एनसीपी-कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बना ली। शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। जून 2022 में शिवसेना में आंतरिक कलह हो गई। इसके बाद एकनाथ शिंदे ने पार्टी के 40 विधायकों को तोड़ दिया। एकनाथ शिंदे बीजेपी के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए। अब शिवसेना दो गुटों में बंट चुकी है। शरद पवार की एनसीपी भी दो गुट- शरद पवार और अजित पवार में बंट गई है।

## ज्ञानवापी के पूरे परिसर का नहीं होगा अतिरिक्त एएसआई सर्वे, हिंदू पक्ष की याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी )**। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में अतिरिक्त एएसआई सर्वेक्षण के लिए हिंदू पक्ष की याचिका खारिज कर दी। हिंदू पक्ष के वकील विजय शंकर रस्तोगी ने कहा कि न्यायालय ने संपूर्ण ज्ञानवापी क्षेत्र के संरक्षण के लिए एएसआई द्वारा अतिरिक्त सर्वेक्षण के हमारे आवेदन को खारिज कर दिया है। हम इस निर्णय के खिलाफ 30 दिन के अंदर उच्च न्यायालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय नियमों और तथ्यों के विरुद्ध है। मैं इससे व्यथित हूँ और इसे ऊपरी अदालत में जाकर चुनौती दूँगा।

रस्तोगी ने दावा किया कि 8.4.2021 के आदेश के अनुसार सर्वेक्षण के लिए एएसआई को 5 सदस्यीय समिति नियुक्त करनी थी, जिसमें एक व्यक्ति अल्पसंख्यक समुदाय का और एक केंद्रीय विश्वविद्यालय का विशेषज्ञ होता। इन सभी को एएसआई सर्वेक्षण करना था। पिछला सर्वेक्षण एएसआई ने ही किया था। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने पुष्टि की थी कि सर्वेक्षण उस आदेश (8.4.2021) के अनुपालन में नहीं था। हम तत्काल आधार पर उच्च न्यायालय जाएँगे।



हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया है और ऑर्डर भी आ गया है। हम इस ऑर्डर के खिलाफ रिवीजन के लिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट जाएंगे। लगभग सभी इलाकों का एएसआई सर्वे पूरा हो चुका है लेकिन कुछ जगहों पर सर्वे बाकी है जहां मशीनें नहीं पहुंच पाईं। इसलिए अतिरिक्त सर्वे की मांग की गई थी। हम सिविल कोर्ट जाएंगे और सफल होंगे। सर्वे होगा... हम सुनिश्चित करेंगे कि मंदिर परिसर के हर इंच का सर्वे हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह कोई झटका नहीं है... हमने सारे सबूत पहले ही पेश कर दिए हैं... डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है, हाई कोर्ट है, सारे रास्ते अभी खुले हैं।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद राम मंदिर में सांई की मूर्ति देख गौ ध्वज कार्यक्रम किया रद्द

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राम मंदिर में गौ ध्वज की स्थापना कार्यक्रम रद्द कर सभी को हैरानी में डाल दिया है। इसकी वजह राम मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति का होना बताया जा रहा है। शंकराचार्य ने इसके विरोध में राम मंदिर में महायज्ञ में भाग लेने से इनकार कर दिया और अपने कार्यक्रम को जाखू मंदिर में स्थानांतरित कर वहां गौ ध्वज की स्थापित की। अविमुक्तेश्वरानंद का शिमला दौरा गौ ध्वज की स्थापना और महायज्ञ के लिए था, लेकिन राम मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति को देख उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के मुताबिक राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से साईं बाबा की मूर्ति को हटाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन जब मूर्ति नहीं हटाई, तो शंकराचार्य ने वहां जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद शंकराचार्य जाखू मंदिर गए जहां उन्होंने गौ ध्वज फहराया और अपने संदेश में कहा कि हिंदू धर्म में पहले से ही 33 करोड़ देवी-देवता हैं और किसी अन्य धर्म के व्यक्ति की मूर्ति का कोई स्थान नहीं है। शंकराचार्य का मानना है कि साईं बाबा की मूर्ति वाले मंदिरों में पूजा नहीं की जानी चाहिए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद गौ हत्या रोकने और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए देशभर में जागरूकता फैला रहे हैं। इसी अभियान के तहत उन्होंने शिमला में गौ ध्वज की स्थापना की।

## दिल्ली में सत्ता हासिल करने को बेताब भाजपा : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर संभव तरीके से दिल्ली में सत्ता हासिल करना चाहती है, ताकि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा पिछले एक दशक में किए गए कामों को खत्म किया जा सके। केजरीवाल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया, जहां उन्होंने भाजपा के इरादों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी योजनाओं को रोकना चाहती है, जो आप सरकार ने आप सभी के लिए लागू की हैं। केजरीवाल ने चेतावनी देकर कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई, तब दिल्ली में बिजली की कटौती की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जैसे कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में है। केजरीवाल का यह बयान अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें आप ने अपनी उपलब्धियों को दर्शाने की कोशिश की है। भाजपा की तरफ से इस मुद्दे पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# उमर सरकार बनाते ही आंतकियों के हौसले बुलंद, 15 दिनों में 19 लोग मारे जा चुके

**श्रीनगर (एजेंसी )**। जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की नई सरकार बनने के साथ ही आतंकी घटनाएं बढ़ गई है। बीते 15 दिनों में आतंकी हमलों में करीब 19 लोग मारे जा चुके हैं। 24 अक्टूबर को हुए गुलमर्ग हमले में दो आर्मी पोर्टर और दो जवान शहीद हो गए, जबकि हालात पर सेना की बढ़ी हुई निगरानी के बावजूद आतंकियों का सेना तक पहुंचना चिंताजनक है।

बीते कुछ हफ्तों में कई आतंकी हमले हो चुके हैं। 20 अक्टूबर को गांदरबल जिले के एक सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकियों ने हमला कर 6 बाहरी मजदूरों और एक लोकल डॉक्टर की हत्या कर दी। इसके पहले भी 18 अक्टूबर को शोपियां में एक मजदूर को मार दिया था। इन बढ़ती वारदातों के बीच, एलजी मनोज सिन्हा ने सुरक्षा बलों को सख्त कदम उठाने और पुलिस एवं सेना को मिलकर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन स्थिति पर नियंत्रण पाना अभी भी चुनौती बनी हुई है।

सुरक्षा बलों ने बारामूला, पुंछ, शोपियां, गांदरबल और अन्य संवेदनशील इलाकों में सर्च ऑपरेशन और सुरक्षा बढ़ा दी है। बीते दिनों एक लापता सैनिक का शव भी अनंतनाग से मिला था, जिसकी पहचान हिलाल अहमद भट के रूप में हुई थी। इस घटना ने भी सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ाई है। उधर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की। वहीं भाजपा के एक नेता ने सुरक्षा हालात सुधरने तक राज्य का दर्जा न देने का संकेत दिया है। माना जा रहा है कि शांति पूर्ण चुनाव और सरकार गठन से पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठन बौखला गए हैं, इससे क्षेत्र में हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं।



# आर्थिक चुनौतियों और प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्याः सीतारमण

## - विश्व बैंक से रोजगार सृजन करने वाले उच्च प्राथमिकता के कौशल क्षेत्रों की पहचान करने के लिए देशों के साथ सहयोग करने का आह्वान किया

**वाशिंगटन ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार सृजन को सबसे बड़ा वैश्विक मुद्दा बताते हुए, विश्व बैंक से रोजगार सृजन करने वाले उच्च प्राथमिकता के कौशल क्षेत्रों की पहचान करने के लिए देशों के साथ सहयोग करने का आह्वान किया।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर जानकारी दी। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि निरंतर आर्थिक चुनौतियों और तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्या बनी हैं, जो युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के वास्ते आवश्यक कौशल को पुनर्परिभाषित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने इससे पहले क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं। इनमें 'हरित नौकरियां', कृत्रिम मेधा के चलन में आने के बाद नौकरियां और बदलती जनसांख्यिकी के कारण बदलाव जैसे क्षेत्र आदि विषयों पर अध्ययन किए गए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समय की मांग है कि अधिक व्यापक, बहु-क्षेत्रीय विश्लेषण किया जाए। इसमें इस बात पर गौर किया जाए कि उभरते रुझान किस प्रकार परस्पर क्रिया करते हैं और कैसे नौकरी छूटने तथा नौकरी सृजन दोनों को प्रभावित करते हैं।

वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में विश्व बैंक से आग्रह किया कि वह डेटा, विश्लेषण तथा ज्ञान कार्य के आधार पर उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करे, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल मिलान और श्रम बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में हिस्सा लेने के लिए वर्तमान में अमेरिकी राजधानी में मौजूद सीतारमण ने ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।

# पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा, कई राज्यों में बढ़े भाव

## - तेल कंपनियों ने जारी की पेट्रोल-डीजल की नई दरें

**नई दिल्ली।**

भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। वहीं यूपी हो या दिल्ली, सब जगह पेट्रोल डीजल के भाव अलग होते हैं। ऐसे ही तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक देश के कुछ शहरों में पेट्रोल और डीजल सस्ता हो गया है, जबकि कई शहरों में इनकी कीमतें बढ़ गई हैं। तो वही कुछ ऐसे राज्य भी जहां पेट्रोल-डीजल के कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं अगर राज्य स्तर पर पेट्रोल-डीजल के भाव की बात करें तो शुक्रवार को बिहार में पेट्रोल 14 पैसे बढ़कर 107.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 13 पैसे बढ़कर 94.02 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 30 पैसे बढ़कर 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 34 पैसे बढ़कर 87.87 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। जबकि, महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 25 पैसे घटकर 107.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 54 पैसे घटकर 90.96 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये



और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर है।

# चाय की चुस्कियां के साथ तेल-साबुन भी होगा महंगा

## कीमत बढ़ाने की तैयारी में हिंदुस्तान यूनिलीवर

**नई दिल्ली ।**



सुबह की चाय की चुस्कियां अब जल्द ही महंगी होने वाली हैं। देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर अपने कुछ उत्पादों की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी के कमोडिटी बास्केट में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले कच्चे पाम ऑयल और चाय में महंगाई देखी जा रही है। जानकारी के मुताबिक उच्च कमोडिटी महंगाई से जूझ रही देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी कुछ राहत के लिए पाम आयल और चाय से बनने वाले उत्पादों की रिटेल कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है। हाल ही में हुई पोस्ट-अर्निंग्स प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि दिसंबर तिमाही में त्वचा की सफाई वाले प्रोडक्ट और चाय की कीमतें क्रमबद्ध तरीके से बढ़ाई जाएंगी। इनमें से कुछ मूल्यवृद्धि पहले से ही बाजार में लागू हो चुकी हैं और शेष तिमाही के बाकी हिस्सों में लागू होंगी। लंबे समय तक स्थिर रहने के बाद, कच्चे पाम ऑयल और चाय की कीमतों में क्रमशः 10 और 25 फीसदी साल-दर-साल महंगाई दर्ज की गई है। अधिकारी ने यह भी बताया कि तीसरी तिमाही में मूल्य वृद्धि, मात्रा वृद्धि से अधिक रहने की संभावना है. सितंबर तिमाही के दौरान एचयूएल का मुनाफा 2,717 करोड़ रुपये से घटकर 2,612 करोड़ रुपये हो गया, जो कि लगभग 4 फीसदी की गिरावट है। हालांकि, कंपनी की कुल बिक्री दूसरी तिमाही में 15,319 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 1.9 फीसदी की मामूली वृद्धि है। शहरी बाजारों में धीमी खपत ने कुल वृद्धि को प्रभावित किया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सुधार देखने को मिला। एचयूएल ने दूसरी तिमाही में 3 फीसदी की अंतर्निहित मात्रा वृद्धि और 2 फीसदी की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि दर्ज की।

# आईपीईएफ सदस्य देशों के बीच कारोबार पर चर्चा को लेकर भारत की नजरः अधिकारी

## - सदस्य देश अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए कर रहे हैं बातचीत

**नई दिल्ली।**

भारत तेरह सदस्यीय आईपीईएफ देशों की व्यापार वार्ता पर नजर रखे हुए है। एक अधिकारी ने यह बात कही। भारत को अभी औपचारिक रूप से इसमें शामिल होना बाकी है। आईपीईएफ को 23 मई को टोक्यो में अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार देशों ने संयुक्त रूप से गठन किया था। 14 आईपीईएफ भागीदारों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 40 प्रतिशत और वैश्विक वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

व्यापार, आपूर्ति व्यवस्था, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द रूपरेखा को तैयार किया गया है। भारत व्यापार भाग को छोड़कर तीन खंडों में शामिल हो गया है। सदस्य देश इन विषयों पर अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (कर और भ्रष्टाचार विरोधी जैसे मुद्दे) पर समझौते पर 14 सदस्य देश पहले ही हस्ताक्षर कर चुके हैं। अधिकारी ने कहा, हम अंतिम नतीजों का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि स्पष्ट बाजार पहुंच प्रावधानों के बिना व्यापार खंड में बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं हैं। कई क्षेत्रों में विवाद का निपटारा होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, अमेरिका और वियतनाम इसके सदस्य हैं। भारत का पहले से ही आसियान के साथ वस्तु व्यापार में मुक्त व्यापार समझौता है। इसके सदस्यों में सातज ब्रुनेई दारुस्सलाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपीन, सिंगापुर, वियतनाम और थाइलैंडज्आईपीईएफ देश शामिल हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ इस प्रकार का समझौता है। ऐसे में भारत को व्यापार खंड में शामिल होने से संभवत~ ज्यादा लाभ नहीं होगा। तेरह आईपीईएफ सदस्यों के बीच बातचीत अभी खत्म नहीं हुई है और प्रमुख मुद्दों पर भागीदार देशों के बीच मतभेद हैं।

# एफएसएनएल की बिक्री के लिए जापानी कंपनी के साथ समझौता संपन्न

## - सरकार को एफएसएनएल की बिक्री के लिए दो तकनीकी रूप से योग्य वित्तीय बोलियां मिली थीं

नई दिल्ली । एमएसटीसी ने फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) के रणनीतिक विनिवेश के लिए कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले महीने सरकार ने एफएसएनएल को 320 करोड़ रुपये में जापानी कंपनी कोनोइक ट्रांसपोर्ट के हाथों बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के एक अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एफएसएनएल के रणनीतिक विनिवेश के लिए एमएसटीसी लिमिटेड ने कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह लेनदेन अब अंतिम चरण में है। इस्पात मंत्रालय के तहत संचालित एफएसएनएल, एमएसटीसी लिमिटेड के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। सरकार को एफएसएनएल की बिक्री के लिए दो तकनीकी रूप से योग्य वित्तीय बोलियां मिली थीं। दूसरी बोली इंडिक जियो रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड की थी। कोनोइक की तरफ से लगाई गई 320 करोड़ रुपये की बोली सरकार द्वारा निर्धारित 262 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य से अधिक थी। कोनोइक ट्रांसपोर्ट, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनी है। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड को इस्पात मिल सेवाएं देने के लिए 28 मार्च, 1979 को गठित किया गया था।



# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ रुपया

मुंबई । रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद एक पैसे की गिरावट के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के बराबर है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 104.20 पर रहा।

# बंधन बैंक का कुल कारोबार 24% बढ़कर 2.73 लाख करोड़ पर पहुंचा



**रांचीः** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। बैंक का कुल कारोबार 24% बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कुल जमा में खुदरा हिस्सेदारी अब लगभग 68% है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक वृद्धि वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है।

बैंक अब भारत में 6,300 बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से 3.5 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 80,000 है।

वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 27% की वृद्धि हुई है। कुल जमाराशि अब 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि कुल अग्रिम राशि 1.31 लाख करोड़ रुपये है। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात कुल जमाराशि का 33.2% है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.6% है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है।

बैंक के प्रदर्शन पर बोलते हुए, एमडी और सीईओ (अंतरिम) रतन कुमार केश ने कहा, ₹दूसरी तिमाही में बंधन बैंक का मजबूत प्रदर्शन प्रभावी जोखिम प्रबंधन और अनुपालन पर हमारे फोकस के साथ गुणवत्ता वृद्धि में गति को दशार्ता है।

**कुल जमा राशि वर्ष दर वर्ष 27% बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये हुई**

**कुल जमा में खुदरा का हिस्सा लगभग 68 प्रतिशत**

**सीएएसए (उअरअ) अनुपात 33.2%**

**कुल लोन बुक 21% वार्षिक वृद्धि के साथ 1.31 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची**

हमारी सफलता हमारे ग्राहकों के विश्वास और हमारे कर्मचारियों के समर्पण पर आधारित है। प्रौद्योगिकी में नवाचार पर ध्यान केंद्रित करके, हमारी प्रक्रियाओं को परिष्कृत करके, और उत्पादों व लोगों की क्षमताओं को बढ़ाकर, हम बंधन बैंक 2.0 के लिए विकास के अगले चरण को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।₹

बैंक अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका स्पष्ट ध्यान अपने खुदरा पोर्टफोलियो के विस्तार पर है। अधिक से अधिक डिजिटलीकरण एक प्रमुख प्राथमिकता है, जिसका उद्देश्य उत्पादकता और दक्षता को बढ़ावा देना है, साथ ही समग्र ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना है। हाल के महीनों में, बैंक ने कई नए उत्पाद लॉन्च किए हैं, जिनमें व्यापार सेवाएं, पेंशन योजनाएं, अवनी बचत खाता और जीएसटी भुगतान सेवा शामिल हैं।

# टीवी कलाकारों ने बताई दिवाली की अपनी अनोखी परंपराएं



**मुंबई :** दिवाली करीब है और सभी इस त्योहार को मनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। लोग जोर-शोर से तैयारियाँ कर रहे हैं, जैसे कि घर की सफाई, खरीदारी की लिस्ट बनाना, मेन्यू तय करना, और नए कपड़े खरीदना। कई लोग अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए अपने होमटाउन जाने की भी योजना बना रहे हैं। हर कोई पूरे जोश में है। एण्डटीवी के कलाकार भी अपने खास दिवाली प्लान्स शेयर कर रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैंः नेहा जोशी, योगेश त्रिपाठी और रोहिताश्व गौड़। शो अटल की नेहा जोशी ने कहा, दिवाली की मेरे दिल में हमेशा से एक खास जगह रही है। हम घर पर काफी पहले से इसकी तैयारियाँ शुरू कर देते हैं और सब-कुछ हमारी महाराष्ट्रियन परंपराओं के मुताबिक होता है।

हप्पू की उलटन पलटन के योगेश त्रिपाठी ने कहा, दिवाली बेहद खास मौका होता है और हर साल उससे मिलने वाली खुशी का मुझे इंतजार रहता है। इसके लिये हमारी तैयारियाँ जल्दी शुरू हो जाती हैं।भाबीजी घर पर हैंह्य के रोहिताश्व गौड़ ने कहा, हर साल मेरे लिये सबसे महत्वपूर्ण रिवाजों में से एक होता है अपने परिवार के साथ लक्ष्मी पूजा करना। यह एक पवित्र अवसर होता है, जब हम साथ मिलकर प्रार्थना करते हैं और स्वास्थ्य, समृद्धि तथा प्रसन्नता के लिये आशीर्वाद मांगते हैं।

## लाल निशान से नहीं उबरा बाजार...............

# लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट थम नहीं रही है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच शेयर बाजार में कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को गिरावट दिखाई दी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को बढ़त के साथ खुला। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद बाजार लाल रंग में फिसल गया । अंत में सेंसेक्स 662.87 अंक की गिरावट लेकर 79,402.29 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 (निफ़्टी-50) भी 218.60 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 24,180.80 अंक पर बंद हुआ।

शुक्रवार को बाजार में सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 18.56 प्रतिशत लुढ़क कर बंद हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंड टी, एनटीपीस, अदाणी पोर्ट, टाटा स्टील, मारुति, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और टाटा मोटर्स के शेयर प्रमुख रूप से लाल निशान पर बंद हुए । जबकि दूसरी तरफ, बाजार में गिरावट के बावजूद आईटीसी का शेयर 2.17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ । इसके साथ ही एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सनफार्मा, कोटक बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक और नेस्ले इंडिया के शेयर हरे निशान में बंद हुए।

**बीते एक माह में 5,767 अंक गिरा सेंसेक्स**

पिछले एक महीने में बीएसई सेंसेक्स में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 25 सितंबर, 2024 को सेंसेक्स 85,169.87 अंक के स्तर पर था और शुक्रवार को यह 79,402.29 पर बंद हुआ । तब से अब तक सेंसेक्स 6.77 प्रतिशत गिर चुका है। वहीं, पिछले एक सप्ताह में सेंसेक्स 1,626.89 अंक गिरा है। पिछले पांच ट्रेडिंग



सेशन में बीएसई सेंसेक्स 2.01 प्रतिशत गिर चुका है।

बाजार जानकारों के मुताबिक भारतीय बाजारों में तेज गिरावट का मुख्य कारण विदेशी निवेशकों बिक्री है। इसके अलावा भारतीय कंपनियों, विशेष रूप से कंज्यूमर से जुड़े क्षेत्रों और वित्तीय कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजों से भी बाजार में गिरावट दिख रही है।

**बैंकिंग सेक्टर लाल निशाने में**

बैंकिंग सेक्टर के शेयरों, खासकर सरकारी बैंकों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट दिखाई दी। निफ्टी बैंक इंडेक्स 2.1 प्रतिशत गिरकर 50,440.6 के स्तर तक पहुंच गया । इस गिरावट की मुख्य वजह इंडसइंड बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरों में दबाव रहा ।

इंडसइंड बैंक के शेयरों में 20 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आई, जबकि अन्य बैंकिंग शेयरों में 4 से 6 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, फेडरल बैंक, एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों में भी 2.6 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

# एसबीआई रिपोर्टः टैक्स सरलीकरण से आईटीआर दाखिल करने की संख्या बढ़ी है

**रांची/बिभा :** टैक्स सरलीकरण उपायों से आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की संख्या में वृद्धि हुई है, जो आकलन वर्ष (एवाई) 2015 से एवाई 2024 तक आय वितरण में सकारात्मक बदलाव को रेखांकित करता है। उल्लेखनीय रूप से, 5 लाख रुपये तक कमाने वालों के बीच आय-असमानता में 74.2प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है, जिससे पता चलता है कि सरकारी पहल निम्न-आय समूहों के बीच आय को प्रभावी रूप से बढ़ा रही है।

**प्रत्यक्ष कर योगदान 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा :** भारत की प्रगतिशील कर व्यवस्था ने आकलन वर्ष (एवाई) 2024 में प्रत्यक्ष कर योगदान को कुल कर राजस्व का 56.7प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जो 14 वर्षों में सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2021 से, व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) संग्रह ने कॉर्पोरेट आयकर (सीआईटी) को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें सीआईटी के 3प्रतिशत की तुलना में 6प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। जीडीपी अनुपात के रूप में प्रत्यक्ष कर वित्त वर्ष 2024 में, जीडीपी अनुपात के रूप में प्रत्यक्ष कर 6.64प्रतिशत पर पहुंच गया, जो 2000-01 के बाद सबसे अधिक है। प्रत्यक्ष कर उछाल पिछले वित्त वर्ष के 1.25 से बढ़कर 1.86 हो गया। इसके अतिरिक्त, कर संग्रह की लागत वित्त वर्ष 2024 में घटकर 0.44प्रतिशत रह गई, जो वित्त वर्ष 2023 में 0.51प्रतिशत थी।

**कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह में पाँच राज्यों का योगदान 70प्रतिशत से अधिक है :** कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह में पाँच राज्यों का योगदान 70प्रतिशत से अधिक है, जिसमें महाराष्ट्र 38.9प्रतिशत के साथ सबसे आगे है, इसके बाद कर्नाटक, दिल्ली, तमिलनाडु और गुजरात का स्थान है। महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक और तमिलनाडु का प्रति व्यक्ति कर योगदान राष्ट्रीय औसत से अधिक है।



इसके विपरीत, राजस्थान, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति प्रत्यक्ष कर और प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है।

आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 में कर दाखिल करने वालों की संख्या 9 करोड़ से अधिक हो जायेगी।

वित्त वर्ष 2024 में दाखिल किए गए आयकर रिटर्न की संख्या वित्त वर्ष 2022 के 7.3 करोड़ से बढ़कर 8.6 करोड़ हो गई, जिसमें से 6.89 करोड़ (79प्रतिशत) आयकर रिटर्न समय पर दाखिल किए गए।

**करदाताओं की संख्या :** पिछले 10 वर्षों में, करदाताओं की कुल संख्या 2.3 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 8.62 करोड़ हो गई।

वित्त वर्ष 2014 की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में करोड़पति करदाताओं की संख्या पाँच गुनी बढ़कर 2.2 लाख हो गई।

अनुमान बताते हैं कि महिला करदाताओं की संख्या, सभी व्यक्तिगत कर दाखिल करने वालों की संख्या का लगभग 15प्रतिशत है।

**राज्यवार आईटीआर :** एवाई 2024 में, आईटीआर दाखिल करने वाले शीर्ष पाँच राज्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु थे, जिनकी कुल रिटर्न में हिस्सेदारी 48प्रतिशत थी।

एवाई 2015 की तुलना में एवाई 2024 में 5.1 करोड़ अधिक आईटीआर दाखिल किए गए, जिसमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक वृद्धि हुई, इसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु का स्थान रहा।

व्यक्तिगत आय असमानता में कमी गिनी गुणांक, व्यक्तिगत आय से असमानता में निरंतर गिरावट को दशार्ता है। आईटीआर डेटा पर आधारित गुणांक, एवाई 2013 (वित्त वर्ष 2012) के 0.489 से घटकर एवाई 2024 (वित्त वर्ष 2023) में 0.460 हो गया। एवाई 2025 के अनुमानों से पता चलता है कि गिनी गुणांक और भी कम होकर 0.441 रह जाएगा।

**निम्न आय वर्ग के करदाताओं के बीच आय में वृद्धि :** आय असमानता में कमी आ रही है, एवाई 2015 (वित्त वर्ष 2014) में 4 लाख रुपये से कम आय वाले आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वालों में से 43.6प्रतिशत उच्च आय समूहों में पहुंच गए हैं। विशेष रूप से, 15.1प्रतिशत करदाता 4-5 लाख रुपये की सीमा में, 18.7प्रतिशत करदाता 5-10 लाख रुपये की सीमा में, 6.7प्रतिशत करदाता 10-20 लाख रुपये की सीमा में और 5.8प्रतिशत करदाता 20-50 लाख रुपये की सीमा में चले गए, जबकि 1.8प्रतिशत करदाता 50 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के समूह में पहुँच गए। कुल मिलाकर, निम्नतम आय समूह में सकल आय का 26.1प्रतिशत बढ़ा, जिसमें 5.5प्रतिशत; 4-5 लाख रुपये और 5.4प्रतिशत; 5-10 लाख रुपये तक की सीमा में पहुँच गए।

**आय असमानता : एक मिथक का खंडन**

आय वितरण वक्र में दाईं ओर बदलाव निम्न आय वर्ग की बढ़ती आय को दशार्ता है। 3.5 लाख रुपये तक की आय अर्जित करने वाले व्यक्तियों की आय में वित्त वर्ष 2014 के 31.8प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2021 में 12.8प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

**निम्न आय समूह में सकारात्मक वृद्धि**

निम्न आय समूह (5.5 लाख रुपये से कम कमाने वाले) ने पिछले दशक में सकारात्मक वृद्धि दर दिखाई है, अपवाद कोविड-19 महामारी के कारण एवाई 2020।

उभरते राज्यों ने प्रत्यक्ष कर दाखिल करने के आधार में वृद्धि को बढ़ावा दिया महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात और कर्नाटक जैसे पारंपरिक अग्रणी राज्य उच्चतम सीमा के करीब हैं, जिससे कर दाखिल करने वाले के समग्र आधार में उनकी हिस्सेदारी में लगातार कमी आ रही है।

आयकर दाखिल करने वाले आधार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है, इसके बाद बिहार, आंध्र प्रदेश, पंजाब और राजस्थान का स्थान है।

**महिला श्रमबल भागीदारी बढ़ रही है**

आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, महिला श्रमबल भागीदारी 2017-18 के 23.3प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7प्रतिशत हो गई, जिसमें 18.4प्रतिशत की वृद्धि हुई है। महिला भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि झारखंड में देखी गई, उसके बाद ओडिशा, उत्तराखंड, बिहार और गुजरात आते हैं।

**कराधान को सरल बनाना : बजट 2024 में प्रमुख सुधार :** सीबीडीटी ने आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है, जिसमें आम लोगों से सुझाव मांगे गए हैं।समीक्षा में चार क्षेत्रों को लक्षित किया गया हैः अधिनियम को सरल बनाना, मुकदमेबाजी को कम करना, अनुपालन को सुव्यवस्थित करना और पुराने प्रावधानों को हटाना।

**कराधान और टीडीएस संशोधन के लिए प्रस्ताव :** बैंक ब्याज भुगतान पर टीडीएस सीमा को 10,000 रुपये से बढ़ाकर कम से कम 1,00,000 रुपये करना, पुरानी पड़ चुकी सीमा और करदाताओं पर अनुपालन के बोझ का समाधान करना। तिमाही के बजाय टीडीएस प्रमाणपत्र (फॉर्म 16ए) को सालाना जारी करने की अनुमति देना, इसे वेतन के लिए फॉर्म 16 के साथ संरेखित करना, क्योंकि फॉर्म 26एएस का उपयोग मुख्य रूप से ऋण के लिए किया जाता है। 8 लाख रुपये से अधिक कमाने वाले व्यक्तियों के लिए एक समान कर दर, विशेष रूप से 60 से 80 वर्ष की आयु के लोगों को ध्यान में रखते हुए, 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रावधान।

# पुणे टेस्ट : स्पिनरों की चुनौती का सामना नहीं कर सका भारत, न्यूजीलैंड को 301 रन की बढत

**पुणे (एजेंसी)।** बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी कलाई खुल गई और दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 301 रन की मजबूत बढत बना ली। मिचेल सेंटनेर के सात विकेट के बाद टॉम लाथम (86) ने बल्ले से कमाल करते हुए न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 198 रन तक पहुंचाया।

न्यूजीलैंड को पहली पारी में 103 रन की बढत मिली थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स सात रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिये एकमात्र अच्छी बात वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन रही जिन्होंने मैच में 11 विकेट ले लिये हैं।

न्यूजीलैंड की नजरें भारत में सीरीज में ऐतिहासिक जीत पर लगी है। पहली बार न्यूजीलैंड ने 1955 . 56 के दौरे पर यहां श्रृंखला जीती थी। भारतीय बल्लेबाजों को इस पिच पर खेलने में दिक्कत आ रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आराम से खेला।

बेंगलुरू में पिछले टेस्ट में घरेलू मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर सिमटने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 36 साल में पहली बार अपने देश में टेस्ट हारी थी। भारत ने इंग्लैंड से 2012 . 13 सत्र में हारने के बाद अपनी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारतीय टीम पहली पारी में 45 . 3 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। भारत ने सुबह के सत्र में छह विकेट 91 रन के भीतर गंवाये और ऐसा लग रहा था कि इस पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल है लेकिन कीवी टीम ने इस धारणा को बदल दिया।

कप्तान लाथम ने भारतीय स्पिनरों को आसानी से खेला। वह 133 गेंद में दस चौकों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिये सुंदर ने पहली पारी में सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में चार विकेट चटकाये। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनेर ने 53 रन देकर सात विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे यहां एमसीए स्टेडियम में भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन पर सिमट गई।

भारत के सितारा बल्लेबाज सेंटनेर से मिली चुनौती का सामना नहीं कर सके जिससे न्यूजीलैंड ने मेजबान टीम को पहली पारी में 45 . 3 ओवर में 156 रन पर आउट करके 103 रन की बढत ले ली। बायें हाथ के स्पिनर सेंटनेर ने 19 . 3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिये जबकि आफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले।

शुभमन गिल (30) और यशस्वी जायसवाल (30) ने दूसरे विकेट के लिये 49 रन जोड़े लेकिन इसके बाद छह विकेट 53 रन के भीतर गिर गए। लंच के समय स्कोर सात विकेट पर 107 रन था। लंच के बाद सेंटनेर ने रविंद्र जडेजा, आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह को आउट किया।

लंच तक भारत के सात विकेट 107 रन पर गिर गए। तब भारतीय टीम न्यूजीलैंड के पहली पारी के स्कोर 259 रन से 152 रन पीछे थी। बेंगलुरू टेस्ट में जहां तेज और सीम लेती गेंदों के दम पर न्यूजीलैंड ने 36 साल में पहली बार भारत को उसकी धरती पर टेस्ट में हराया तो यहां सुबह के सत्र में स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बने। नीची और टर्न लेती विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों ने कई गलतियां की।

एक विकेट पर 16 रन से आगे भारत ने सुबह के सत्र में 91 रन के भीतर छह विकेट गंवा दिये। सबसे बड़ा झटका 24वें ओवर में लगा जब सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को मिचेल सेंटनेर ने फुलटॉस पर क्लीन बोल्ड कर दिया। सेंटनेर ने 36 रन देकर चार विकेट लिये। विकेट पर पड़ती फुलटॉस गेंद पर कोहली बुरी




तरह चूके और गेंद सीधे मध्य और लेग स्टम्प पर जा लगी।

कोहली के साथ मैदान पर बैठे दर्शकों को भी एकबारगी यकीन नहीं हुआ कि क्या हो गया है। कोहली पवेलियन लौट रहे थे तो एमसीए स्टेडियम पर पूरा सन्नाटा था। यशस्वी जायसवाल ने चार चौकों की मदद से 30 रन बनाये लेकिन ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। ऋषभ पंत (18) उछाल को समझ नहीं पाये और फिलिप्स की गेंद उनके आफ स्टम्प में जा लगी।

भारत का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 83 रन था। ईरानी कप में 220 नाबाद और पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान (11) विलियम ओ राउरकी की गेंद पर खराब शॉट खेलकर सेंटनेर को मिड आफ में आसान कैच देकर लौटे। सेंटनेर ने शुभमन गिल (30) को पहला शिकार बनाया था। वहीं लंच से पहले रविचंद्रन अश्विन (चार) को पवेलियन भेजा।

# टेस्ट खेलने का सपना छोड़ना युवा मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा: ग्लेन मैक्सवेल




**पेरिस (एजेंसी)।** नयी दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों की क्रिकेट के स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने भले ही सात साल से 'बैगी ग्रीन' नहीं पहनी हो, लेकिन इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में खेलने की लालसा अब भी उनके अंदर है और अगर वह अपने इस सपने को त्याग देते हैं तो यह उस युवा मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा जिसने लंबे प्रारूप में खेलने का सपना देखा था। मैक्सवेल ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है लेकिन वह अभी तक केवल सात टेस्ट मैच भी खेल पाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट में 2017 में ऑस्ट्रेलिया के बांग्लादेश दौरे के दौरान खेला था।

मैक्सवेल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा,'' मेरा मानना है कि अगर मैंने टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना छोड़ दिया तो यह उस युवा ग्लेन मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा जिसने बचपन से ही किसी भी कीमत पर बैगी ग्रीन कैप पहनने का सपना देखा था।'' उन्होंने कहा,''जब अब भी उम्मीद की किरण बनी हुई है, तो मैं यह सपना देखता रहूंगा।''

मैक्सवेल का भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला में टीम में जगह बनाना मुश्किल है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि जनवरी में श्रीलंका के दौरे के लिए वह टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''जब मैं बड़ा हुआ तो टेस्ट क्रिकेट में ही खेलना चाहता था। मेरा मानना है कि मुझे टेस्ट क्रिकेट में समय से थोड़ा पहले पदार्पण का मौका मिला। यह सब कुछ बहुत जल्दी हुआ और मैं नहीं जानता था कि मुझे क्या करना है। मुझे तब प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने का उतना अनुभव नहीं था जितना कि मैं चाहता था।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर रहेंगे चोटिल टेम्बा बावुमा

**ढाका (एजेंसी)।** कोहनी की चोट से उबरने के कारण टेम्बा बावुमा बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्कराम सीरीज में टीम की अगुआई करते रहेंगे। बावुमा का लक्ष्य अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए फिट होना है। इस महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच में रन पूरा करने के दौरान अजीब तरह से गिरने के कारण बावुमा की कोहनी में चोट लग गई थी। वह मैच में 35 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए और फिर मैदान पर नहीं लौटे। यह वही कोहनी है जो 2022 में भारत के टी20 दौरे के दौरान चोटिल हुई थी।

दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, 'हमें लगता है कि वह चिकित्सकीय रूप से दूसरे टेस्ट के लिए तैयार नहीं हैं। हम (पुनर्वास) कार्यक्रम को कम करेंगे ताकि वह श्रीलंकाई सीरीज के लिए तैयार हो सकें।' बावुमा के इस सीरीज में आगे हिस्सा न लेने के कारण यह अभी भी अनिश्चित है कि वह ढाका में टीम के साथ रहेंगे या अपने पुनर्वास को जारी रखने और श्रीलंका सीरीज की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे। दक्षिण अफ्रीका का घरेलू प्रथम श्रेणी सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है, जिससे बावुमा को 27 नवंबर को किंग्समीड में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले तीन मैचों में खेलने का मौका मिलेगा।

# सिर्फ एक ही भारतीय गेंदबाज से डर रही न्यूजीलैंड टीम- सबा करीम का बड़ा कमेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे पुणे टेस्ट के दौरान भारत की गेंदबाजी लाइनअप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वाशिंगटन सुंदर की प्रशंसा की। बेंगलुरु टेस्ट में हारने के बाद भारतीय टीम पुणे टेस्ट में भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभागों में जूझ रही है। हालांकि इस दौरान सिर्फ वाशिंगटन सुंदर ही ऐसे हैं जोकि हटकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वह अब तक दो पारियों में 11 विकेट ले चुके हैं।

बहरहाल, सुंदर की गेंदबाजी तारीफ करते हुए पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने कहा कि उसका (सुंदर) प्रयास वास्तव में अच्छा है...मुझे लगता है कि वह बल्लेबाजों को हराने के लिए उन्हें तेजी से धोखा दे रहा है। ऐसा लगता है कि केवल वाशिंगटन सुंदर ही एकमात्र गेंदबाज थे,



जिनसे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डरते थे, क्योंकि ऊंचाई एक बड़ा कारक है। वह गति पैदा करते हैं और उछाल लेने में भी सक्षम हैं। शायद यही कारण है कि उन्हें टीम में शामिल किया गया है। उन्हें इस टेस्ट टीम में वापस आने में काफी समय लगा है, लेकिन मुझे लगता है कि इस टेस्ट मैच के प्रदर्शन से वास्तव में यहां से वाशिंगटन सुंदर के करियर को बढ़ावा मिलना चाहिए।

### बहरहाल, ऐसे चल रहा है मुकाबला

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ पहली पारी में 103 रन की बढ़त के बाद दूसरी पारी में टॉम लाथम के 86 रन की बदौलत 195 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। इसी के साथ ही दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कीवी टीम ने 301 रन की बढ़त बना ली है। वाशिंगटन सुंदर का जलवा छाया रहा जिन्होंने 4 विकेट अपने नाम किए जिसमें टॉम लाथम, डेवोन कॉनवे (17), राचिन रविंद्र (9), डेरिल मिशेल (18) और टॉम लैथम (23) के विकेट शामिल थे जबकि एक विकेट जोकि विल यंग का था, अश्विन के नाम रहा। इससे पहले दूसरे दिन की शुरूआत में भारत ने 16/1 के स्कोर के आगे खेल शुरू किया लेकर पूरी टीम 156 रन पर ढेर हो गई थी।

# रिजवान टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले पाकिस्तानी विकेटकीपर बने, सरफराज को छोड़ा पीछे




पाकिस्तान के विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान टेस्ट क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान ये कामयाबी हासिल की। रिजवान ने पहली पारी में 46 गेंदों पर एक छक्का और एक चौके की मदद से 25 रन बनाए और टेस्ट क्रिकेट में अपने 2000 रन भी पूरे किए। इसके साथ उन्होंने सरफराज अहमद के बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

# झूठ है भारतीय अच्छा स्पिन खेल लेते हैं : साइमन डोल

खेल डैस्क । न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर ने पुणे टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 7 विकेट लिए और भारतीय बल्लेबाजों की स्पिन खेलने की क्षमता पर ऊंगली उठा दी। भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन ही बना पाई थी। सेंटनर जिन्होंने अपने जीवन में कभी भी एक टेस्ट पारी में तीन से अधिक विकेट नहीं लिए थे, ने 7 विकेट चटकाए। उन्होंने शुभमन गिल, विराट कोहली, सरफराज खान और रवींद्र जड़ेजा जैसे खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। एक समय था जब भारतीय बल्लेबाजों को स्पिन का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता था। सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण जब रिटायर हुए तो भारतीय बल्लेबाजों के स्पिन खेलने पर सवाल उठने लगे। हालांकि बीसीसीआई



इतना मजबूत था कि कोई भी इस तथ्य को सामने लाने के लिए तैयार नहीं है। लेकिन अब इसी बीच न्यूजीलैंड के कमेंटेटर साइमन डोल ने बेबाकी के साथ इन तथ्यों को उजागर किया है। साइमन डूल ने कहा कि मुझे लगता है कि अब दुनिया भर में यह गलत धारणा है कि ये आधुनिक भारतीय खिलाड़ी किसी और की तुलना में स्पिन खेलने में बेहतर हैं। वे नहीं हैं। वे दुनिया भर के बाकी सभी लोगों की तरह ही हैं। गांगुली, गंभीर, लक्ष्मण और द्रविड़ के दिन गए। सचिन स्पिन और उनके पहले के युग के खिलाफ बहुत अच्छे थे। मुझे लगता है कि अच्छी गुणवत्ता वाले स्पिनर भारत को टर्निंग ट्रैक पर आउट करने में उतने ही अच्छे हैं जितने अच्छी गुणवत्ता वाले विपक्षी बल्लेबाजों के खिलाफ भारतीय स्पिनर। और जैसे ही वे आईपीएल में टर्निंग ट्रैक देखते हैं, वे शिकायत करते हैं।

# जोहोर कप : भारत ने न्यूजीलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला

**जोहोर बाहरू (मलेशिया) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिए गोल किए जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिए हैट्रिक लगाई।

भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरूआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच न्यूजीलैंड ने पलटवार पर हमले किए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया।

न्यूजीलैंड के लिए पहला गोल 17वें मिनट में एल्मेस ने दागा। भारत ने इसी मिनट में रोहित के गोल के दम पर फिर बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कई पेनल्टी कॉर्नर बनाये लेकिन सफलता नहीं मिली। न्यूजीलैंड के लिए तीसरे क्वार्टर में एल्मेस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। उन्होंने ही 45वें मिनट में एक और गोल करके न्यूजीलैंड की बढ़त 3-2 की कर दी। भारत ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका गंवाया। भारत को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर वैरिएशन आजमाया गया और प्रियब्रत ने गोल दागा।



# सरफराज खान के खेलने का तरीका अद्वितीय : आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली । बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट में क्रिकेट प्रेमियों ने सरफराज खान के शानदार प्रदर्शन को देखा, जिसने अपने असाधारण खेल के कारण सबका ध्यान आकर्षित किया। सरफराज ने 150 रन बनाए, जिसमें से 96 रन विकेट के पीछे बने। उनकी कोमल कलाइयों, ठोस बैट स्विंग और फुर्तीले फुटवर्क ने उन्हें इस मैच में खास बनाया। खासकर थर्ड-मैन क्षेत्र में उनके रैंप शॉट्स, कट और स्वीप शॉट्स ने सभी को प्रभावित किया। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने सरफराज की तकनीक का खुलासा करते हुए कहा कि उनका खेलने का तरीका अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर बल्लेबाज गेंद के पीछे जाने की कोशिश करते हैं, लेकिन सरफराज गेंद के पास रहकर खेलते हैं। चूंकि वे छोटे कद के हैं, इसलिए वे बैकफुट पर ज्यादा मूव नहीं करते, जिससे उन्हें शॉर्ट-पिच गेंदों पर खेलने में आसानी होती है। चोपड़ा ने कहा, उनके पास हमेशा शॉट खेलने के लिए जगह होती है, और यही उनकी सफलता का रहस्य है। आकाश ने यह भी उल्लेख किया कि गेंदबाज अब तक सरफराज के खेलने के तरीके को समझ नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा, उनकी अनूठी तकनीक में उन्हें आत्मविश्वास है, और लोग उन्हें पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं। चोपड़ा ने यह भी कहा कि क्रिकेट हमें यह दिखाता है कि हमारी समझ कभी भी बदल सकती है। उदाहरण के लिए, जसप्रीत बुमराह के गेंदबाजी एक्शन पर भी पहले कई सवाल उठाए गए थे, लेकिन वह अपने तरीके से सफल हुए हैं।

# इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के भिड़ने की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इमर्जिंग एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। टूर्नामेंट की शुरुआत धमाकेदार रही, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 7 विकेट से हराया था। इस जीत ने टीम इंडिया के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया।

### सेमीफाइनल की जानकारी

भारत ए टीम, जिसका नेतृत्व तिलक वर्मा कर रहे हैं, ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल की। अब उनका सामना सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से होगा। वहीं, पाकिस्तान ने भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसने तीन में से दो मैच जीतकर अंतिम चार में स्थान बनाया है। पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका से होगा। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे भिड़ेंगी, जबकि भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल का मुकाबला भी इसी दिन खेला जाएगा।

### ग्रुप स्टेज का प्रदर्शन

भारत ने ग्रुप स्टेज पर अपने सभी तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ पॉइंट टेबल में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ग्रुप में पाकिस्तान भी था, जिसने 4 अंक के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाया। ग्रुप ए से श्रीलंका ने 3 में से दो मैच जीते, जबकि अफगानिस्तान ने भी 2 मैच जीतकर अपनी जगह बनाई। बेहतर नेट रनरेट के कारण श्रीलंका अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें शामिल थीं, लेकिन बांग्लादेश ए और हांगकांग को बाहर होना पड़ा। ग्रुप बी से मेज़बान यूएई और ओमान की टीम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

### फाइनल की उम्मीदें

यदि भारत अफगानिस्तान को हराने में सफल होता है और पाकिस्तान श्रीलंका को मात देता है, तो क्रिकेट प्रेमियों को भारत और पाकिस्तान के बीच एक रोमांचक फाइनल देखने को मिलेगा। दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता हमेशा से क्रिकेट की दुनिया में चर्चा का विषय रही है। ऐसे में फाइनल मुकाबला एक बड़े आयोजन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें क्रिकेट प्रेमी अपनी आंखें टिकाए रहेंगे।

# शमी की जगह मयंक को शामिल करें टीम में : ब्रेट ली

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का कहना है कि अगर अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट नहीं हो पाते हैं, तो मयंक यादव को टीम में शामिल किया जाना चाहिए। ब्रेट ली ने भारतीय क्रिकेट टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उनका मानना है कि मयंक की तेज गति और हालिया प्रदर्शन उन्हें ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर प्रभावी बना सकता है। भारतीय टीम अगले महीने 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। टीम इंडिया का लक्ष्य इस दौरे पर लगातार तीसरी बार टेस्ट सीरीज जीतने का है। इसके साथ ही, उनकी नजरें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर भी टिकी हैं। इस समय शमी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है, क्योंकि उन्होंने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। ब्रेट ली ने कहा, 'बल्लेबाजों को 135-140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंदों का सामना करने में कोई परेशानी नहीं होती। लेकिन जब गेंदबाज 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है, तो बल्लेबाजों के लिए इसे खेलना मुश्किल हो जाता है।' उन्होंने मयंक की क्षमता की सराहना की, यह कहते हुए कि वह ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मयंक यादव ने हाल ही में आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें चोट लग गई। ली ने कहा, 'मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि मुझे आईपीएल में कई अच्छे युवा भारतीय क्रिकेटरों को देखने का मौका मिला है। अगर मयंक को सही समय पर फिट किया जाए, तो वह भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।' ली ने यह भी बताया कि भारतीय टीम में विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं जो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को परेशान कर सकते हैं।

# 23 साल में पहली बार हुआ ऐसा, भारत ने घरेलू टेस्ट में एक और खराब रिकॉर्ड अपने नाम किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने शुक्रवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में मात्र 156 रन पर आउट होने के बाद शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। न्यूजीलैंड ने पहले दिन 259 रन बनाए थे, लेकिन इस उसे 103 रन की बढ़त मिल गई। यह लगातार दूसरा घरेलू टेस्ट है, जिसमें भारत ने किसी सीरीज में 100 से अधिक रन की बढ़त गंवाई है, ऐसा 23 साल में नहीं देखा गया।

बेंगलुरू में पिछले टेस्ट में भारत को चौंकाने वाला झटका लगा था, जब वह मात्र 46 रन पर आउट हो गया था जो उसका सबसे कम घरेलू स्कोर था, और उसने मेहमान टीम को 356 रन की बड़ी बढ़त दे दी थी। इसके कारण भारत 8 विकेट से मैच हार गया था। पिछली बार भारत ने 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट मैचों में 100 से अधिक की बढ़त गंवा दी थी, जहां उन्होंने वानखेड़े में 173 रन और ईडन गार्डन्स में 274 रन गंवाए थे।

इस अवांछित रिकॉर्ड के बावजूद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस श्रृंखला में शानदार वापसी की और वे न्यूजीलैंड के खिलाफ इस श्रृंखला में भी इसी तरह की वापसी की उम्मीद कर रहे होंगे। दूसरे टेस्ट की शुरुआत भारत के लिए सकारात्मक रही जिसमें वाशिंगटन सुंदर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 7/59 का प्रदर्शन किया और न्यूजीलैंड को 259 रनों पर आउट कर दिया।

हालांकि पहले दिन भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर आउट हो गए, जिससे मेजबान टीम का स्कोर 16/1 हो गया। दूसरे दिन शुभमन गिल (30) और यशस्वी जायसवाल (30) सहित भारत का शीर्ष क्रम स्थिर दिखाई दिया, जिससे स्कोर 50/1 हो गया। गिल मिशेल सेंटनर द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। इसके बाद भारत ने 24 ओवर में 106 रन पर 9 विकेट खो दिए।

सेंटनर ने 53 रन देकर 7 विकेट लेकर न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज़्यादा विकेट लिए, जबकि रविंद्र जडेजा ने 46 गेंदों पर 38 रन बनाए जो कि आखिरी समय में एकमात्र उल्लेखनीय पारी थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में पर्याप्त बढ़त हासिल कर ली है इसलिए अब भारत के सामने मैच और सीरीज में प्रतिस्पर्धी बने रहने की चुनौती है।




## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका : फूड पॉइजनिंग के बाद 40 से अधिक छात्र अस्पताल में भर्ती




**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत स्थित एक प्राथमिक स्कूल के 43 छात्रों को फूड पॉइजनिंग के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रांतीय शिक्षा विभाग ने कहा कि मटुबातुबा के नगाका प्राथमिक विद्यालय के छात्र स्कूल के बाहर सड़क के विक्रेताओं से खरीदे गए स्नैक्स खाने के बाद बीमार पड़ गए। क्वाजुलु-नताल प्रांत में शिक्षा विभाग के प्रवक्ता मुज़ी म्हालम्बी ने कहा, छात्रों को स्थानीय क्लिनिक ले जाया गया और चिकित्सा उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार म्हालम्बी ने कहा कि विभाग इस मामले के कारणों की जांच करने के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग कर रहा है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में बच्चों में फूड पॉइजनिंग के मामलों में वृद्धि देखी गई है। 6 अक्टूबर को जोहान्सबर्ग में फूड पॉइजनिंग से छह बच्चों की मृत्यु हो गई थी और इस महीने की शुरुआत में गौतेंग, लिम्पोपो और क्वाजुलु-नताल प्रांतों के 130 से अधिक छात्रों को इसी तरह के कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया गया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग ने इन मामलों की जांच करने और स्थानीय दुकानों में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के लिए पर्यावरण और स्वास्थ्य निरीक्षकों सहित 80 सदस्यीय जांच दल को तैनात किया है। सोमवार को शुरू की गई जांच में फूड पॉइजनिंग का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

### पाकिस्तान में गुरु नानक जयंती व दीपावली से पहले हिंदुओं और सिख परिवारों को नकद राशि देगी सरकार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार गुरु नानक जयंती व दीपावली के मौके पर प्रांत में प्रत्येक सिख और हिंदू परिवार को 10,000 पाकिस्तानी रुपये देगी। कुल 2200 परिवारों को यह राशि दी जाएगी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार प्रांत में प्रत्येक सिख व हिंदू परिवार को एक 'त्यौहार कार्ड जारी करेगी, जिसके तहत गुरु नानक जंयती और दीपावली के मौके पर उन्हें 10,000 पाकिस्तानी रुपए दिए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाने के लिए अगले महीने आने वाले विदेशी तीर्थयात्रियों के वास्ते विशेष व्यवस्था की गई है। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 'हमारे हिंदू और सिख भाइयों को त्योहार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने 2,200 सिख और हिंदू परिवारों के लिए 'त्यौहार कार्ड जारी करने की मंजूरी दी है। इस वर्ष से इन 2,200 परिवारों को त्यौहार कार्ड के तहत ये धनराशि प्रत्येक वर्ष दी जाएगी। 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव सैफुल्लाह खोखर ने बताया कि विदेशी तीर्थयात्रियों को वीजा जारी करने की सुविधा के लिए एक वीजा स्वचालन प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें भारत से 3,000 से अधिक और अन्य देशों से आने वाले 1,000 सिख तीर्थयात्री शामिल हैं।

### ब्रिटिश मंत्री ने जमकर की भारत की तारीफ, कहा- एआई और अंतरिक्ष विज्ञान में भारत से बहुत कुछ सीख जा सकता



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन भारत से विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) और अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में बहुत कुछ सीख सकता है। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार के एक मंत्री ने भारत की तारीफ करते हुए यह बात कही। सोमवार शाम को यहां 'लेबर इंडियन डायस्पोरा समूह द्वारा आयोजित दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने जुलाई में होने वाले आम चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र किया, जिसमें भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है। केंडल ने कहा, यह हमारे घोषणापत्र का एक बहुत ही स्पष्ट हिस्सा था कि हम भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने दो महान देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों को समझते हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम लोकतंत्र और आकांक्षाओं के हमारे साझा मूल्यों के आधार पर भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं, जिसमें एक मुक्त व्यापार (समझौता) और वैश्विक, जलवायु व आर्थिक सुरक्षा के लिए एक नई रणनीतिक साझेदारी भी शामिल है।

# शेख हसीना का छात्र संगठन बैन, अवामी लीग पर भी संकट के बादल; चुनाव से बाहर हो जाएगी पार्टी?



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश बदर के बाद शेख हसीना की विचारधारा वाली पार्टियों और संगठन पर बैन लगाने के योजना बनाई जा रही थी। इस योजना को अब बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार ने अमल में लेना शुरू कर दिया है। शेख हसीना को बड़ा झटका देते हुए उनके छात्र संगठन बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह फैसला उस छात्र संगठन के हिंसक हमलों में शामिल होने के कारण लिया है। बीसीएल पर इल्जाम है कि शेख हसीना की सरकार के अगस्त में गिरने के बाद हुए छात्र प्रदर्शनों के दौरान इस संगठन ने काफी उत्पात मचाया था।

**आतंकी गतिविधियों के चलते बैन हुआ छात्र संगठन :** यूनुस सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, बांग्लादेश सरकार ने बांग्लादेश छात्र लीग को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंधित कर दिया है। समाचार एजेंसी एएफपी ने अपनी रिपोर्ट में इस जानकारी का उल्लेख किया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार, छात्र लीग पर पिछले तीन कार्यकालों के दौरान कई गंभीर आरोप लगे हैं। इनमें हत्या, उत्पीड़न, यातना और अन्य गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। शेख हसीना की छात्र लीग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा मानी गई हैं। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि 2009 के आतंकवाद विरोधी कानून के प्रावधानों के तहत छात्र लीग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। हसीना की सरकार के खिलाफ जुलाई में शुरू हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनों ने तब हिंसक रूप ले लिया, जब छात्र लीग के सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसरों में छात्र प्रदर्शनकारियों पर हमला किया। सरकार समर्थक समूहों द्वारा विरोध प्रदर्शनों को रोकने के प्रयासों ने जनता के गुस्से को और भड़काया, जिसके परिणामस्वरूप हसीना की सरकार गिर गई। अधिकारियों के अनुसार, इस हिंसा में 700 से अधिक लोग मारे गए जिनमें से अधिकांश पुलिस और हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुए संघर्षों में मारे गए थे। इस महीने बांग्लादेश की एक अदालत ने हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

अवामी लीग भी होगी बैन बता दें शेख हसीना के अगस्त में देश छोड़कर भागने के बाद भीड़ ने गणभवन (बांग्लादेश प्रधानमंत्री निवास) पर हमला कर दिया था। हसीना अपनी विदाई का भाषण रिकॉर्ड करना चाहती थीं, लेकिन प्रदर्शनकारियों के गणभवन के करीब पहुंचने के चलते सेना ने उन्हें 45 मिनट का समय दिया ताकि वे देश छोड़कर अपनी जान बचा सकें। इसके बाद शेख हसीना ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। हसीना की सरकार गिरने के बाद उनके कई सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें पुलिस की कार्रवाई में शामिल होने का आरोपी ठहराया गया है। पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ अवामी लीग के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके द्वारा नियुक्त किए गए न्यायाधीशों और केंद्रीय बैंक के अधिकारियों को भी हटा दिया गया है। अब ऐसा बताया जा रहा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और अन्य समान विचारधारा वाले दलों को राजनीतिक भागीदारी से रोकने की योजना बनाई है।

बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, अंतरिम सरकार के विशेष सहायक महफूज आलम ने बताया कि शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रशासनिक और कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। 84 वर्षीय मोहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इससे पहले, हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद 5 अगस्त को शेख हसीना भारत भाग आई थीं। यूनुस के वफादार महफूज आलम ने कहा, जो लोग पिछले तीन चुनावों में हिस्सा लेकर अवैध तरीके से संसद में पहुंचे और जनता को धोखा दिया, उनकी राजनीतिक भागीदारी पर बाधाएं डाली जाएंगी।

## अमेरिका में भारतीयों को बड़ा तोहफा, इस राज्य ने दीवाली पर आधिकारिक छुट्टी का किया ऐलान




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में दीवाली पर भारतीयों को बड़ा तोहफा मिला है। यहां पहले राज्य ने दीवाली पर आधिकारिक छुट्टी का किया ऐलान कर भारतीय अमेरिकी नागरिकों को खुश कर दिया है। पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिससे दिवाली को पेंसिल्वेनिया में आधिकारिक अवकाश के रूप में मान्यता मिली। गवर्नर शापिरो ने कहा, इस बिल पर हस्ताक्षर करके, हम दिवाली के महत्व को पहचानने के साथ-साथ पेंसिल्वेनिया में एशियाई अमेरिकी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योगदान का जश्न मना रहे हैं। यह कानून राज्य सेनाटे में सेनेटर ग्रेग रॉथमैन (आर) और सेनेटर निकिल सावल (डी) द्वारा प्रस्तावित किया गया था। शापिरो के कार्यालय के अनुसार, दिवाली को दक्षिण एशियाई संस्कृति में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता है। रॉथमैन ने कहा, दिवाली को आधिकारिक राज्य अवकाश के रूप में मान्यता देने से हमारी पेंसिल्वेनिया की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिवाली, जिसे रोशनी का त्योहार कहा जाता है, मुख्य रूप से भारत और दक्षिण एशिया में मनाया जाता है। यह पाँच दिनों तक चलने वाला त्योहार है, जिसमें मुख्य समारोह तीसरे दिन होता है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के दौरान लोग अपने प्रियजनों के साथ समय बिताते हैं और अच्छाई की बुराई पर, ज्ञान की अज्ञानता पर और आंतरिक प्रकाश की आध्यात्मिक अंधकार पर विजय का जश्न मनाते हैं। दिवाली की उत्सव में पटाखे छोड़ना, दीपक जलाना और मिट्टी के दीयों को सजाना शामिल है। सावल ने कहा, हम सभी को अपनी संस्कृतियों को पहचानने और सम्मानित करने का हक है। इस कानून का तुरंत प्रभाव होगा, और इस साल की दिवाली के समारोह को पेंसिल्वेनिया के इतिहास में पहली बार मनाया जाएगा।

## फिलिपीन में तूफान के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 23 लोगों की मौत

**मनीला, एजेंसी।** फिलिपीन के पूर्वी उत्तर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रोपीकल के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और कई कारें बह गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई लोग फंस गए और कुछ लोगों ने घरों की छतों पर शरण ली, जिन्हें बचाने के लिए अधिकारियों को मोटरबोट की मदद लेनी पड़ी। देश के उत्तरपूर्वी प्रांत इसाबेला में मध्यरात्रि के बाद उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी ने दस्तक दी जिसके बाद सरकार ने आपदा प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कर्मियों को छोड़कर स्कूलों और कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। मुख्य द्वीप लूजोन में दूसरे दिन भी स्कूल और कार्यालय बंद रहे। तूफान के प्रभाव से इफुगाओ के पर्वतीय प्रांत के एगुइनाल्डो शहर में सुबह के समय 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तेज हवाएं चलीं। सरकारी मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार, हवाओं का रुख पश्चिम की दिशा में है और बृहस्पतिवार को बाद में इसके दक्षिण चीन सागर में प्रवेश करने का अनुमान है। पुलिस और प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर की मौत बुरी तरह प्रभावित बिकोल क्षेत्र और निकटवर्ती क्यूजोन प्रांत में तूफान के कारण आई बाढ़ की वजह से हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है और बाढ़ के कारण कस्बे एवं गांव अलग-थलग पड़ गए हैं।

# तुर्की आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, जवाब में 32 कुर्द आतंकवादियों के ठिकानों पर किया हमला

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की में हुए एक बड़े आतंकी हमले में पांच लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। हथियारबंद हमलावरों ने अंकारा के पास तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (टीयूएसएएस) के मुख्यालय को निशाना बनाया। गृह मंत्रालय ने बताया कि 5 की मौत हो गई है और 22 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है और उन्हें गहन देखभाल दी जा रही है। यह हमला तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ चर्चा के समय हुआ। अल जजीरा के अनुसार एर्दोआन ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे घृणित आतंकवादी हमला बताया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें हमले से कुछ मिनट पहले हथियारबंद बंदूकधारी टीयूएसएएस कार्यालयों के पास पहुंचे। आतंकी हमले से हिलने के कुछ घंटों बाद, तुर्की ने कहा कि उसने इराक और सीरिया में कुर्दिश उग्रवादी ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। ये हमले तब किए गए जब अंकारा ने आतंकवादी हमले के लिए उग्रवादी समूह को दोषी ठहराया, जिसमें तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज परिसर में पांच लोग मारे गए थे। हमले का फुटेज आया सामने बुधवार को हुए इस हमले में विस्फोट और गोलीबारी दिखाने वाले क्लिप सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक वीडियो में, एक बंदूकधारी मुख्यालय की पार्किंग में घुसता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अन्य क्लिप में दो हथियारबंद लोग



सड़क पर एक पीली कार से उतरते हुए, आस-पास खड़े लोगों पर असॉल्ट राइफलों से फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। गोली लगने के बाद एक राहगीर ज़मीन पर गिरता हुआ भी दिख रहा है। स्थानीय मीडिया ने हमले के तुरंत बाद फुटेज प्रसारित किया, जो स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे हुआ। कहरामनकाज़ान में घटनास्थल पर बड़े पैमाने पर धुएं के बादल और बड़ी आग जलती हुई दिखाई दी। घटना की गंभीरता के बावजूद, अभी तक किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पीकेके से संबंध होने की संभावना तुर्की सरकार को संदेह है कि इसका संबंध प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से है, जो सरकार के खिलाफ लंबे समय से विद्रोह के लिए जानी जाती है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि जिम्मेदार लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह कार्रवाई की गई, उसके पीकेके से जुड़े होने की पूरी संभावना है। अधिकारियों ने इस घटना में शामिल लोगों की पहचान गुप्त रखी है। जांच जारी है और अधिकारी इस दुखद घटना और इसके अपराधियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं।

# सिनवार की मौत के बाद बंधकों की रिहाई पर पड़ सकता है सकारात्मक प्रभाव : बेंजामिन नेतन्याहू

**यरूशलम , एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत से इजरायल के बंधकों की रिहाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और इजरायल को युद्ध के उद्देश्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि सिनवार की मौत से बंधकों की वापसी और युद्ध के बाद की वास्तविकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मंगलवार को जारी इस बयान में बताया गया है कि दोनों के बीच यरूशलम में मैत्रीपूर्ण बैठक हुई, जिसमें गाजा को लेकर चर्चा की गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ब्लिंकन ने बैठक के दौरान इजरायल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराई है। बैठक के बाद ब्लिंकन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्होंने और नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध समाप्त करने, सभी बंधकों को वापस करने और इजरायल-फिलिस्तीनियों के



लिए स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग तैयार करने के महत्व के बारे में भी बात की। बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा पर बड़ा हमला किया था। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और इजरायल से करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायली सेना द्वारा गाजा में की गई कार्रवाई में 42,718 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि इसी साल अक्टूबर के मध्य में दक्षिणी गाजा पर इजरायल ने एक हमला किया था, जिसमें सिनवार की मौत हो गई थी।

### उत्तर कोरिया ने सियोल के राष्ट्रपति भवन परिसर में एक बार फिर कचरे से भरे गुब्बारे गिराए

**प्योंगयाग, एजेंसी।** राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी किम कियोन ही की आलोचना वाले पर्चे भी थे। समाचार पत्र में बताया गया कि सियोल के योंगसान जिले में ये पर्चे बिखरे हुए मिले थे और यहीं यून का राष्ट्रपति कार्यालय है। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी। यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि उत्तर कोरियाई गुब्बारे के गिरने के समय राष्ट्रपति यून सुक-योल परिसर में मौजूद थे या नहीं।

# गाजा में इजरायली बमबारी में पांच फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा/यरूशलम , एजेंसी।** गाजा पट्टी में इजरायली बमबारी में एक डॉक्टर और नगर निगम के कर्मचारियों समेत कम से कम पांच फिलिस्तीनी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बुधवार को सूत्रों ने बताया कि उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया स्थित कमाल अदवान अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद गनेम की इजरायली ड्रोन हमले में मौत हो गई। गाजा नगर निगम ने एक प्रेस बयान में कहा कि शहर के तुफ्फाह पड़ोस के पूर्व में पानी के कुओं का संचालन कर रहे उसके दो कर्मचारियों को इजरायली सेना ने निशाना बनाया और मार डाला। बयान में इजरायली हमले की निंदा की गई है और घटना की अंतरराष्ट्रीय समूह से तत्काल जांच का आग्रह किया है।

इसके अतिरिक्त, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह शहर के दक्षिण में एक वाहन को इजरायली हमले में निशाना बनाया गया, जिसमें दो फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। चश्मदीदों के अनुसार, वाहन फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) का था। मृतकों और घायलों को दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में पहुंचाया गया है। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि



इजरायली विमानों ने उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में आवासीय घरों को निशाना बनाकर कई हमले किए, जिनमें कई फिलिस्तीनी मारे गए और घायल हो गए।

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी गाजा के जबालिया क्षेत्र में हमले बढ़ा दिए हैं। हमलों में कई आतंकवादी मारे गए हैं और हथियार बरामद किए गए हैं। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली बलों ने जबालिया में 150 से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें इजरायल ले गए हैं। जबकि नागरिकों को उनकी सुरक्षा के लिए व्यवस्थित मार्गों के माध्यम से सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की अनुमति दी गई है।

# जस्टिन ट्रूडो गंवा सकते हैं पद, सांसदों ने दे दिया 4 दिन का अल्टीमेटम

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब खबर है कि लिबरल पार्टी के नेताओं ने ही उनके इस्तीफे की मांग कर दी है। साथ ही पार्टी के नेता का पद छोड़ने के लिए ट्रूडो को डेडलाइन भी थमा दी गई है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। ट्रूडो ने एक मामले की जांच में भारत के उच्चायुक्त रहे संजय कुमार वर्मा को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट बताया था।

समाचार एजेंसी ने सीबीसी न्यूज के हवाले से बताया है कि लिबरल पार्टी में ट्रूडो को हटाए जाने की कवायद तेज हो गई है। हाल ही में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान सांसदों ने ट्रूडो के सामने अपने परेशानियां रखीं। खबर है कि ट्रूडो अपनी ही पार्टी में असंतोष का सामना कर रहे हैं। सांसदों ने उन्हें भविष्य पर फैसला लेने के लिए 28 अक्टूबर की तारीख दे दी है।

**जो बाइडेन का दिया उदाहरण :** खबरें हैं कि 24 सांसदों ने ट्रूडो को लिबरल चीफ के पद से हटाने के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बुधवार को हुई बैठक के दौरान ब्रिटिश कोलंबिया से सांसद पैट्रिक वीलर ने ट्रूडो के इस्तीफे के पक्ष में दस्तावेज पेश किया। इसमें बताया गया था कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था, तब डेमोक्रेट्स को बढ़त मिलती दिखी थी। दस्तावेज में कहा गया है कि ऐसा ही लिबरल पार्टी के मामले में भी हो सकता है।



रिपोर्ट के अनुसार, 3 घंटे लंबी चली बैठक में किसी भी कैबिनेट मंत्री ने ट्रूडो से पद छोड़ने की अपील नहीं की। वहीं, कहा जा रहा है कि कुछ सांसद ट्रूडो के समर्थन में भी आए। माना जाता है कि कनाडा में सियासी घमासान की एक वजह भारत के साथ तनाव भी हो सकते हैं।

**भारत और कनाडा :** बीते साल ट्रूडो ने संसद में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारत सरकार से जुड़े होने की आशंका जताई थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए थे। वहीं, भारत ने आरोपों से इनकार किया था। निज्जर को एनआईए ने 2020 में आतंकी घोषित किया था। जून 2023 में सरी में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुपुर विधानसभा में 02 एवं सारठ में तीन अभ्यर्थी ने किया नामांकन: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**देवघर(बिभा) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने जानकारी दी कि विधानसभा चुनाव, 2024 के तहत शुक्रवार को 15-देवघर विधानसभा से 02, 13-मधुपुर विधानसभा से 03 एवं 14-सारठ विधानसभा से 02 नामांकन फॉर्म खरीदा गया। इस प्रकार अबतक मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत कुल 17, सारठ विधानसभा अन्तर्गत कुल 11 एवं देवघर विधानसभा अन्तर्गत कुल 06 नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। इसके अलावे नोमिनेशन की चौथे दिन 13-मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से 02, 15-देवघर विधानसभा क्षेत्र से 00, 14-सारठ विधानसभा क्षेत्र से 03 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। ज्ञात हो कि नामांकन पत्रों को दाखिल करने एवं क्रय करने के लिए समय पूर्वाह्न 11 बजे से 03 बजे अपराह्न तक निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। इसके अलावे सरकारी अवकाश के दिन नामांकन की प्रक्रिया नहीं की जा सकेगी।

### आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**रांची(बिभा) :** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ब्लॉक लिया जाएगा अतः निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर -हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 28.10.2024, 30.10.2024 एवं 02.11.2024 को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल -पुरुलिया -कोटशिला -मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल -गुंडा बिहार -मूरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर -हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन, यात्रा प्रारम्भ दिनांक 29.10.2024 एवं 03.11.2024 का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन तथा आंशिक प्रारम्भ होगा। इन ट्रेनों का आद्रा -हटिया -आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

### सीएमपीडीआई ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया



**रांची(बिभा):** सीएमपीडीआई ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के प्रस्तावना के रूप में क्रमशः रांची के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के छात्रों और कर्मचारियों के बच्चों के लिए भ्रष्टाचार से निपटने में प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता और सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। सीएमपीडीआई 28 से 3 नवम्बर तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 मनाएगा और इस दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता जैसे विभिन्न आंतरिक/घरेलू और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगा। भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के दरम्यान नुक्कड़ नाटक, ग्राम सभा, वॉकथॉन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निदेशों के अनुसार सीएमपीडीआई सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की प्रस्तावना के रूप में निवारक सतर्कता विषय पर 16 अगस्त, 2024 से 15 नवम्बर, 2024 तक जागरूकता अभियान मना रहा है। इस तीन महीने के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम, व्यवस्थित सुधार उपायों की पहचान एवं कार्यान्वयन, परिपत्र/दिशानिर्देश/मैनुअल का अद्यतनीकरण 30.06.2024 से पूर्व प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एवं गतिशील डिजिटल उपस्थिति जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### गैस टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, यातायात कई घंटों तक प्रभावित



**धनबाद(बिभा) :** जिले के तोपचांची में शुक्रवार की अहले सुबह एनएच पर सुभाष चौक के पास एक गैस टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। टैंकर को भी ज्यादा क्षति नहीं पहुंची है। गैस टैंकर सड़क किनारे बने डिवाइडर पर चढ़कर बीच सड़क पर पलट गया। घटना के बाद एनएच पर यातायात कई घंटों तक प्रभावित रहा। तोपचांची थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और बीच सड़क से टैंकर को हटाने के प्रयास में में जुट गई। दुर्घटना स्थल पर अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी भी खड़ी थी, ताकि संभावित आग या विस्फोट की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### सी विजिल से प्राप्त शिकायत का निष्पादन ससमय करें : व्यय प्रेक्षक



**रांची(बिभा) :** व्यय प्रेक्षक एम.एम.चेटे एवं एच. आनंदा ने शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए एवं बी स्थित कंप्लेंट मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम एवं कॉल सेंटर, सी विजिल मॉनिटरिंग सेंटर, व्यय कोषांग सेल का निरीक्षण करते हुए सभी सेल की कार्य प्रणाली देखते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक द्वारा व्यय लेखा जाँच से सम्बंधित कार्य तथा VVT के टीमों से विस्तृत जानकारी ली गई। VST को निर्देशित किया गया की अपने अपने विधानसभा सभा में निगरानी करें। साथ संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया की सभी सम्बंधित पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देश के आलोक में SOR, FOR का संधारण करें ताकि उम्मीदवार का व्यय लेखा जाँच सुचारु रूप से किया जा सकें। व्यय प्रेक्षक द्वारा सी विजिल मॉनिटरिंग सेंटर के निरीक्षण के क्रम में निर्देश देते हुए सी विजिल से प्राप्त शिकायत सम्बंधित टीम- FST तथा उनसे जुड़े अन्य सम्बंधित पदाधिकारी दे, ताकि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई किया जा सकें। उनके द्वारा अएड को हर दिन अपने अपने विधानसभा में भ्रमण कर FST/SST को निर्देशित करें की अधिक अधिक वाहनों की जाँच अपने अपने क्षेत्रों में गठित चेक पोस्टों पर वाहन की जाँच अधिक से अधिक कराए। ताकि गैर कानूनी रूप से माल/ कैश/ प्रतिबंधित वस्तुओं की जाँच करें ताकि उसे जब्त किया जा सकें।

# समयबद्ध तरीके से योजना बनाते हुए सामग्री सम्बंधित कार्य ससमय पूरा करें : उपायुक्त

बिभा संवाददाता





**रांची :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री वरुण रंजन द्वारा आज दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में वाहन कोषांग एवं सामग्री कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक करते हुए सम्बंधित अधिकारी को ससमय सारी चीजें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सभी अविधिक, विधिक पैकेट अन्य सामग्री, स्टेशनरी आइटम सम्बंधित जानकारी लेते हुए उएड कार्यालय से प्राप्त हुई सूची की समीक्षा की गई। सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की समयबद्ध तरीके से योजना बनाते हुए जो सामग्री सम्बंधित कार्य बचें हुए हैं उसे ससमय पूरा करने को कहा गया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री वरुण रंजन द्वारा विशेष रूप से कहा गया की सम्बंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित कर ले के चेक लिस्ट अनुसार सामग्री हो, साथ ही अब तक कितना बैग विधानसभावार तैयार हुआ हैं इसकी जानकारी ली साथ ही उन्होंने प्रत्येक दिन का प्रोग्रेस रिपोर्ट बना कर दे।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री वरुण रंजन द्वारा वाहन कोषांग की समीक्षा बैठक करते हुए वाहनों से सम्बंधित सारी व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। रुट चार्ट को 2 दिनों के अंदर सभी विधानसभावार अंतिम रूप से वेरिफिकेशन करते हुए वाहन का टैगिंग पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतरिक्त पेट्रोल पम्प वाहन मिस्त्री की सूची सभी प्रखंडवार प्राप्त करने करने का निर्देश दिया गया। मतदान कर्मियों हेतु वाहनों की व्यवस्था तथा जिला स्तरीय विभिन्न कोषांगो से वाहनों की आवश्यकता का आंकलन कर कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मतदान कर्मियों के डिस्पैच के दिन मोरहाबादी मैदान में चालकों एवं अन्य के लिए दीदी किचन, पेयजल, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कराने हेतु सम्बंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु एनसीसी वॉलिंटियर को लगाया जायेगा जो मतदान दल को की मदद करेंगे।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री वरुण रंजन द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर हर दिन सभी चुनाव से जुड़ी कार्यों की समीक्षा की जा रही हैं। सभी सम्बंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं चुनाव कार्य से जुड़े सभी अधिकारी/ पदाधिकारी को निर्देश देते हुए ससमय सभी सम्बंधित कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया जा रहा हैं। सभी सम्बंधित पदाधिकारी को शांति पूर्ण मतदान कराने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया जा रहा हैं।

## सेल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विक्रेताओं की सफल बैठक आयोजित की



बिभा संवाददाता

**रांची :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अनुरूप, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची स्थित इकाइयों के सतर्कता विभाग ने विभिन्न परियोजनाओं और अनुबंधों से जुड़े ठेकेदारों और विक्रेताओं को शामिल करते हुए विक्रेताओं की बैठक आयोजित की। इस इंटरैक्टिव कार्यक्रम का उद्देश्य खरीद और अनुबंध प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक प्रथाओं के मूल्यों को सुदृढ़ करना था। विक्रेताओं की बैठक के मुख्य अतिथि पीसीमिश्रा, , आरबीयू, सेल ने सतर्कता और निष्पक्ष प्रथाओं की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सेल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। श्री विशाल सिन्हा, जीएम (सतर्कता) और एसीवीओ, आरबीयू, सेल ने अनुपालन मानकों का पालन करने, नैतिक खरीद प्रक्रियाओं और खरीद अखंडता से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए संचार के खुले चैनलों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। पूरी बैठक का संचालन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार, जीएम (अनुबंध प्रकोष्ठ), आरडीसीआईएस, सेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान, सामग्री प्रबंधन, अनुबंध प्रकोष्ठ और वित्त से जुड़े सेल अधिकारियों ने खरीद दिशा-निर्देशों में हाल ही में किए गए अपडेट पर चर्चा की, विनियामक पहलुओं को स्पष्ट किया और विक्रेताओं को पारदर्शी प्रक्रियाओं का समर्थन करने वाली पहलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उपस्थित लोगों को प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रक्रियागत जटिलताओं को कम करने और सेल के साथ उनके सहयोग में दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए उपाय दिखाए गए। इस बैठक ने विक्रेताओं को अपने सुझाव देने और सीधे स्पष्टीकरण मांगने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे आपसी समझ और साझेदारी में वृद्धि को बढ़ावा मिला।

## सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक ने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित सिंह बंसल, पुलिस प्रेक्षक एम रवि प्रकाश और व्यय प्रेक्षक विमल चंन्द्र दास द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त और त्रुटिरहित संपन्न कराने हेतु आवश्यक बैठक जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत सभी कोषांगों के वरीय/नोडल/प्रभारी पदाधिकारी के साथ की गई। बैठक में कोषांगवार उनके कार्यों की समीक्षा की गई और बिंदुवार उन्हें दिशा-निर्देश दिये गये। कार्मिक कोषांग की ओर से निर्वाचन हेतु प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी की जानकारी दी गई। ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग द्वारा फार्म-12 की संख्या, होम वोटिंग की तिथियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण की तिथियां व चरणवार आयोजित प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। वरीय पदाधिकारी, वाहन कोषांग द्वारा निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक व उपलब्ध एवं प्रयुक्त वाहनों के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग द्वारा बताया गया कि मतदान प्रतिशत की बेहतर उपलब्धि के लिए इस बार 80 प्रतिशत वोट का लक्ष्य लेकर स्वीप की टीम कार्य कर रही है। लोकसभा निर्वाचन में भी बेहतर उपलब्धि रही थी। सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं के लिए डोर-टू-डोर कैंपेन चलाया जा रहा है। छह डिस्ट्रिक्ट आइकॉन भी स्वीप गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। वरीय पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट कोषांग द्वारा संपन्न प्रथम रेण्डमाइजेशन की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जिला में पर्याप्त संख्या में ईवीएम हैं। वरीय पदाधिकारी, व्यय कोषांग द्वारा व्यय की मॉनिटरिंग के लिए प्रतिनियुक्त वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्युइंग टीम व व्यय कोषांग में प्रतिनियुक्त पूरी टीम की जानकारी दी गई और किये जा रहे कार्यों के बारे बताया गया। प्रत्याशियों के व्यय की जांच के लिए 3, 6 व 10 नवंबर 2024 की तिथियों निर्धारित की गई है।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जानकारी दी कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के सफल संचालन के लिए कोषांगों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन रिपोर्ट कर रही है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सतत निगरानी हर स्तर से की जा रही है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के उपरांत 18 अक्टूबर से नामांकन पत्रों की बिक्री हो रही है और प्रत्याशियों द्वारा नामांकन निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष उनके कार्यालय में दाखिल किया जा रहा है। राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता, व्यय आदि की जानकारी दे दी गई है। एसएसटी टीम व वीएसटी टीम आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन के मामलों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं के बिंदु पर कार्य कर लिया गया है।

## दिव्यांग मतदाताओं को किया गया जागरूक



लोहरदगा। विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता हेतु शुक्रवार को स्वीप कोषांग की ओर से लोहरदगा जिला के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों तथा बाल विकास परियोजना पोषक क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं के जागरूकता हेतु डोर टू डोर विजिट किया गया। इसमें बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों/घरों पर भी दिव्यांगजनों को 13 नवंबर 2024 को होने वाले मतदान के तिथि की जानकारी दी गई। बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए कई सुविधाएं दी गयी हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था है। जो बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं उनके लिए वाहन की सुविधा दी जा रही है। आप आएं और मतदान करें। आज के कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका ,महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा स्वीप कोषांग के पदाधिकारी/कर्मी शामिल हुए।

## कांग्रेस में टिकट बेचने की पुरानी परम्परा : हिमंता बिस्वा सरमा

बिभा संवाददाता

**रांची।** बरही से कांग्रेस के पूर्व नेता व विधायक उमाशंकर अकेला के दो करोड़ रुपये लेकर टिकट देने के आरोप वाले बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं भी एक समय कांग्रेस में था। कांग्रेस में यदि एक स्टेट में 100 सीटें हैं तो 20 सीटें बिकती हैं। यह कांग्रेस की पुरानी परंपरा है।

सरमा ने कहा कि उमा शंकर अकेला ने जो बताया वह कोई नया बात नहीं है। हर राज्य में हमलोग देखते हैं कि कांग्रेस 20 प्रतिशत सीट बेचती है। मीर साहब पर कोई व्यक्तिगत आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं है। यह कांग्रेस का सिस्टम है कि वे 20 प्रतिशत सीट बेच देते हैं। रांची में बागी उम्मीदवार वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि वह चुनाव लड़े और इसी को देखते हुए उनके द्वारा नामांकन भी की जाती है लेकिन नामांकन वापसी की तारीख तक इन्हें मनाया भी जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की ओर से प्रत्येक सीट पर 1-1 प्रत्याशी खड़ा किया जा रहा है लेकिन इंडी गठबंधन का हाल आप देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सीट पर दो-दो, तीन-तीन उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं।

सरमा ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को नामांकन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम के बावजूद हजारों कार्यकताओं की उपस्थिति से स्पष्ट होता है कि एनडीए के प्रति लोगों का रुझान क्या है। उन्होंने एनडीए के सभी सहयोगी दलों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सुदेश महतो सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर रिकॉर्ड वोटों से जीतेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड में एनडीए की जीत तय है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार, सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की युवतियों व महिलाओं के खाते में 2100 रुपये हर माह दिए जाएंगे। डेढ़ लाख नौकरी एक साल में देंगे। लोगों को बालू और साल में दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर फ्री देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा, असम व मध्य प्रदेश में भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा किया।

## भंडरा में दिन भर बिजली आपूर्ति बाधित, उपभोक्ता परेशान

**लोहरदगा।** भंडरा में शुक्रवार को बिजली आपूर्ति दिनभर बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आधारित काम धंधे दिनभर प्रभावित रहे। बिजली नहीं रहने से बिजली आधारित आटा चक्की, वेल्डिंग दुकान सहित बिजली आधारित अन्य कामों पर असर पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित रहने का कोई ठोस कारण विभाग के द्वारा नहीं बताया गया है। बिजली विभाग कर्मियों के अनुसार 33 हजार लाइन में खराबी आने के कारण भंडरा में बिजली आपूर्ति बाधित रही है। एक तो दाना तूफान का असर ऊपर से बिजली गुल रहने से प्रखण्डवासी दिनभर परेशान रहे।

## अंतिम दिन 38 नामांकन, राधाकृष्ण, लाल सूरज, शिवपूजन, एम तौसीफ, ब्रह्मदेव, ममता, चंचला ने भरे पर्चे

**पलामू।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पलामू जिले की पांच विधानसभा सीटों के लिए अंतिम दिन शुक्रवार को 38 नामांकन दाखिल किए गए। पूर्वाहन 11 बजे से लेकर शाम तीन बजे के बाद तक नामांकन दाखिल किए गए। छतरपुर से सबसे अधिक 11 नामांकन पत्र भरे गए। हुसैनाबाद से 10 नामांकन दाखिल हुए। डालटनगंज आठ और विश्रामपुर से सात नामांकन हुए। पांकी से दो नामांकन किए गए। अंतिम दिन मिलाकर कुल 99 नामांकन दाखिल किए गए हैं। बतातें चले कि नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है। हुसैनाबाद से समाजवादी पार्टी से कमलेश कुमार यादव, निर्दलीय राजेन्द्र यादव, ओमप्रकाश कुमार, अवधेश सिंह, उमाशंकर शर्मा, बबलू कुमार, मुकेश चौधरी, अनिता देवी, मोहम्मद तौसीफ, बहुजन समाज पार्टी से कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने नामांकन दाखिल किया। डालटनगंज से ओम प्रकाश गुप्ता, पंकज राम, श्रीराम सिंह, मुकेश प्रजापति, अनिकेत, अभय कुमार सिंह, अयूब अंसारी एवं इंदू देवी ने पर्चे भरे। विश्रामपुर से अमित कुमार दूबे, ब्रह्मदेव प्रसाद, रजनी देवी, अजय दूबे, सुधीर कुमार, ननदेव यादव, लक्ष्मण सिंह ने नामांकन किया। इसी तरह पांकी से कांग्रेस प्रत्याशी लालसूरज, देवेन्द्र सिंह ने नामांकन किया।

## झारखंड ओपन कराटे मेजबान खिलाड़ियों की सूची जारी

बिभा संवाददाता


### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलिसन रूपल खाखा भी टीम में शामिल




**रांची :** आगामी 2 नवंबर से सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में रांची के संत जोसेफ क्लब की मेजबानी में आयोजित 11वीं इमा कप सिकोकई झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भाग ले रही मेजबान टीम रांची के खिलाड़ियों की पहली सूची जारी कर दी गई है। टीम में 180 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि मेजबान टीम में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जा रहा है ताकि मजबूत टीम तैयार की जा सके। टीम में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। टीम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलिसन रूपल खाखा के अलावा राष्ट्रीय खिलाड़ी आन्या ट्विंकल कुजूर एरिक अनमोल टुडू एंजेलिना क्रिस्टी तिग्गा मारिया लवलीन खेस बृष्टि मोनिका केरकेट्टा अंश एंथोनी मुंडारी सुनिधि एंजेल एक्का मिस्टी कुमारी अदित राज आरोही भूमि कच्छप प्रीत सोनी आरोन क्रिस्टी मिंज असाइन मिंज सुहानी कुमारी अंजली कुमारी अभिजीत बैनर्जी साहिल कुमार महतो मयंक कुमार दास कुमारी मीनाक्षी रूप मलिक आदि को शामिल किए गए हैं

चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में संसाई अनिल किस्पोट्टा मोहिनी रितिक टोप्पो राकेश तिर्की उमाशंकर महतो रवि कुमार सिंह स्वस्तिक तरफदार आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट, भोसले गली, हरिहर सिंह रोड, बरियातू, रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com